e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
# प्रभात मंत्र
वर्ष 10, अंक 53
बुधवार
22.02.2023
RNI No. - JHAHIN/2014/59110
ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 । मूल्य 3 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2021-23

**सुविचार**
आज की कड़वी सच्चाई यही हैं की लोग पैसे वाले लोगों को महत्व देते हैं, चाहे सामने वाले व्यक्ति का चरित्र, इरादा और आदतें कैसी भी क्यों ना हो..!

असर्फी हॉस्पीटल
आपका अपना सुपर स्पेशिएलिटी हॉस्पिटल
कैंसर रोग विभाग
धनबाद में पहली बार
Full Time
Medical Oncologist
उपलब्ध
Dr Parag Roy
MD, DrNB (Medical Oncology)
दिन: सोमवार से शनिवार
समय: सुबह 10AM से 4PM
09297970030

**रांची का तापमान**
अधिकतम 26°
न्युनतम 12°

## मुख्य अभियंता के 24 ठिकानों पर ईडी ने मारा छापा

**यह 24 ठिकाने देश की राजधानी दिल्ली, राजधानी रांची के साथ-साथ जमशेदपुर हिसार और सिवान में स्थित है**

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची:** ईडी ने ग्रामीण विकास विभाग के मुख्य अभियंता वीरेंद्र राम के 24 ठिकानों पर एक साथ छापेमारी की.

जानकारी के अनुसार रांची के अशोकनगर, सिरसा, सिवान, जमशेदपुर और दिल्ली स्थित वीरेंद्र राम के ठिकानों पर एक साथ ईडी की टीम ने छापा मारा. बता दें कि एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने साल 2019 में जमशेदपुर में वीरेंद्र राम के घर पर छापामारी की थी, इस दौरान राम के घर से 2.45 करोड़ रुपये नकद बरामद किए गए थे. इसी मामले को लेकर ईडी ने वीरेंद्र राम के ठिकानों पर मंगलवार को छापेमारी की. मिली जानकारी के अनुसार वीरेंद्र राम के कुल 24 ठिकानों पर एक साथ ईडी की टीम ने छापेमारी की है. यह 24 ठिकाने देश की राजधानी दिल्ली, झारखंड की राजधानी रांची के साथ-साथ जमशेदपुर हिसार और सिवान में स्थित है. उनके यहां ईडी की छापेमारी से हड़कंप मचा हुआ है. जांच के दौरान यह बात सामने आई है कि चीफ इंजीनियर वीरेंद्र राम के पास काफी नामी और बेनामी संपत्ति है.

जमशेदपुर के शिव गंगा अपार्टमेंट और मानगो के वसुंधरा स्टेट में भी उनका एक-एक फ्लैट है. इसके अलावा जमशेदपुर के ही ग्रीन वाटिका में उनके दो डुप्लेक्स हैं. पटना, दिल्ली जैसे शहरों में भी उनकी कई संपत्तियां हैं जो बेनामी है. हाउसिंग बोर्ड में रहते हुए भी वीरेंद्र राम पर कई तरह की अनियमितता के आरोप लगे थे. इसके बावजूद वे कई प्रमुख पदों पर विराजमान रहे.





### डेढ़ करोड़ के जेवरात बरामद

रांची : छापेमारी के दौरान ईडी ने इंजीनियर वीरेंद्र कुमार राम के ठिकानों से डेढ़ करोड़ रुपये से अधिक के जेवरात बरामद किए हैं. दरअसल ये मामला मनी लॉन्ड्रिंग का है, जो सरकारी काम देने के बदले कथित रूप से दलाली दिए जाने के संबंध में राज्य सतर्कता ब्यूरो की शिकायत से जुड़ा है. सूत्रों का कहना है कि इन आरोपों के संबंध में और सबूत एकत्र करने के लिए छापे मारे जा रहे हैं.

### मुख्य अभियंता सहित दो हिरासत में

रांची : ईडी के अधिकारियों ने वीरेंद्र राम और आलोक रंजन नाम के व्यक्ति को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है. जानकारी के अनुसार मंगलवार की सुबह ईडी के अधिकारी वीरेंद्र राम के ठिकाने पर पहुंचे, जहां वो आलोक रंजन नामक व्यक्ति के साथ चाय पी रहे थे. दिलचस्प बात यह है कि वकील कहे जाने वाले आलोक रंजन वही व्यक्ति हैं, जिन्हें 2019 में झारखंड भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो( एसीबी) ने गिरफ्तार किया था.

**अपराध-आतंक का गठजोड़**

## एनआईए की देश के विभिन्न राज्यों में छापेमारी




एजेंसी

**नई दिल्ली** : राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने मंगलवार को देश के विभिन्न राज्यों में दर्जनों ठिकानों पर छापेमारी की है। उत्तर प्रदेश, हरियाणा, राजस्थान, गुजरात सहित कई दूसरे राज्यों में यह छापेमारी की गई है। गैंगस्टर और उनके आपराधिक सिंडिकेट के खिलाफ दर्ज मामले को लेकर एनआईए ने यह सर्च ऑपरेशन चलाया है। कुख्यात सरगना लॉरेंस विश्नोई से हाल ही में हुई पूछताछ में पाकिस्तानी कनेक्शन और उसके गैंग द्वारा हथियारों की तस्करी का खुलासा हुआ था, जिसके बाद एनआईए अतिरिक्त सक्रियता बरत रही है। एनआईए की टीमों ने कुख्यात सरगना लॉरेंस विश्नोई गैंग से जुड़े लोगों व उसके संपर्क रखने वाले संभावित लोगों के यहां जयपुर, सीकर, चुरू, झुंझनूं, बीकानेर, श्रीगंगानर, जोधपुर में छापेमारी की। जोधपुर के ग्रामीण पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह यादव के मुताबिक एनआईए की छापेमारी को लेकर उनसे मदद मांगी गई थी। गौरतलब है कि लॉरेंस विश्नोई को जयपुर पुलिस प्रोडक्शन वारंट पर पिछले सप्ताह जयपुर लेकर पहुंची थी और वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। कोर्ट ने बिश्नोई से पूछताछ के लिए एक सप्ताह का रिमांड दिया था। जवाहर सर्किल थाने में कड़ी सुरक्षा के बीच बिश्नोई से पूछताछ की जा रही है।

एनआई ने राज्य के कई शहरों में छापेमारी की, जिनमें राजधानी लखनऊ, प्रतापगढ़, पीलीभीत, बुलंदशहर और नोएडा में एनआईए की टीमों ने अलग-अलग ठिकानों पर छापेमारी की। पंजाबी गायक मूसेवाला हत्याकांड के सिलसिले में हथियारों की सप्लाई के एक आरोपित के रिश्तेदार याह्या पहलवान के बुलंदशहर के खुर्जा में स्थित घर पर एनआईए की चार टीमों ने छापेमारी कर पूछताछ की।हरियाणाः एनआईए की टीमों ने मंगलवार सुबह राज्य के यमुनानगर में कारोबारी तनु और मनु के घर पर छापेमारी की। इसके पहले एनआईए ने काला राणा गैंगस्टर और उसके गैंग के सदस्य सर्वजीत बाबा के घर पर भी छापा मारा था।

श्रीनगर में एसआईए की छापेमारी
राज्य जांच एजेंसी (एसआईए) ने आतंकवाद से जुड़े एक मामले की जांच के सिलसिले में मंगलवार को मध्य, उत्तर और दक्षिणी कश्मीर में कई स्थानों पर छापेमारी की।

## क्विक न्यूज

### शेखर जमुआर बने गढ़वा के नये डीसी

**रांची** : भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी शेखर जमुआर गढ़वा के नए उपायुक्त बनाए गए हैं. अभी वे खान एवं भूतत्व विभाग में संयुक्त सचिव के पद पर कार्यरत थे. मंगलवार शाम कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग ने अधिसूचना जारी कर दी है. वहीं, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग में कार्यरत आईएएस अभिजीत सिन्हा को दुमका का उपविकास आयुक्त सहित जिला परिषद का मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी नियुक्त किया गया है. वहीं, गढ़वा के उपायुक्त रहे रमेश घोलप कार्मिक विभाग में योगदान देंगे.दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल, रांची के आयुक्त प्रवीण कुमार टोप्पो अपने कार्यों के साथ पलामू प्रमंडल आयुक्त के अतिरिक्त प्रभार पर रहेंगे. मनरेगा आयुक्त के पद पर कार्यरत राजेश्वरी बी. अपने कार्यों के साथ ग्रामीण विकास विभाग अंतर्गत झारखंड राज्य जलछाजन मिशन के अतिरिक्त प्रभार में रहेंगी. बता दें, राजेश्वरी बी. पंचायती राज में निदेशक और राज्य पोषण मिशन के महानिदेशक पद पर भी कार्यरत हैं.

### इग्नू ने जनवरी सत्र के लिए प्रवेश की समय सीमा 28 फरवरी तक बढ़ाई

**नई दिल्ली** : इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) ने जनवरी-2023 सत्र (ऑनलाइन और ओडीएल मोड) के लिए प्रवेश की समय सीमा 28 फरवरी तक बढ़ा दी है। विश्वविद्यालय ने मंगलवार को एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि जनवरी 2023 सत्र के लिए ऑनलाइन और ओडीएल मोड और पुन-पंजीकरण दोनों के लिए सभी कार्यक्रमों के लिए नए प्रवेश की अंतिम तिथि 28 फरवरी 2023 तक बढ़ा दी गई है। सभी कार्यक्रमों (ऑनलाइन और ओडीएल मोड दोनों के लिए) के लिए जनवरी 2023 चक्र के लिए पुन- पंजीकरण की अंतिम तिथि भी 28 फरवरी 2023 तक बढ़ा दी गई है। शिक्षार्थी लिंक https://onlinerr.ignou.ac.in/ के माध्यम से अगले वर्ष/सेमेस्टर के लिए अपना पुनः पंजीकरण फॉर्म जमा कर सकते हैं।

### जम्मू-कश्मीर में फिर कांपी धरती, 3.4 तीव्रता का भूकंप

**जम्मू** : भूकंप के कारण जम्मू कश्मीर में एक बार फिर धरती कांपी है। प्रदेश में हल्के भूकंप का झटका महसूस किया गया। जिसकी तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 3.4 मापी गई है। हालांकि इससे किसी तरह के जानमाल के नुकसान की सूचना नहीं है। यह जानकारी अधिकारियों ने मंगलवार को दी। नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी के अनुसार जम्मू-कश्मीर में सोमवार देर रात 10.07 बजे रिक्टर पैमाने पर 3.4 तीव्रता का भूकंप आया। भूकंप का केंद्र रियासी जिले में कटरा से 89 किलोमीटर पूर्व में था। यह पृथ्वी के अंदर 25 किलोमीटर की गहराई में था। भूकंप का झटका हल्का होने के कारण ज्यादातर लोगों को इसकी कंपन महसूस नहीं हुई। जिन लोगों को यह झटका महसूस हुआ, वह कुछ समय के लिए खुले में चले गए। भूकंप के कारण कहीं से भी किसी के हताहत होने या संपत्ति के नुकसान की सूचना नहीं है।

### लोकसभा सचिवालय ने शिवसेना कार्यालय शिंदे गुट को किया आवंटित

**नई दिल्ली** : लोकसभा सचिवालय ने मंगलवार को संसद में स्थित शिवसेना कार्यालय एकनाथ शिंदे गुट को आवंटित किया। सचिवालय का यह फैसला चुनाव आयोग के शिंदे गुट को असली शिवसेना मानने के निर्णय के बाद आया है। अभी तक ठाकरे और शिंदे गुट के सांसद कार्यालय का साथ-साथ उपयोग कर रहे थे। चुनाव आयोग के फैसले के बाद 18 फरवरी को शिंदे गुट के फ्लोर नेता राहुल शेवाले ने लोकसभा सचिवालय को इस संबंध में पत्र लिखा था, जिसके जवाब में सचिवालय ने कार्यालय आवंटन की जानकारी दी है। उल्लेखनीय है कि चुनाव आयोग ने लोकसभा और विधानसभा में शिंदे गुट के उद्धव गुट के मुकाबले अधिक समर्थन होने के चलते नाम और चुनाव चिन्ह उन्हें दे दिए थे।

**धनबाद में एक ही परिवार के चार लोगों ने खाया जहर**

## एसएनएमएमसीएच में भर्ती



**आत्महत्या का प्रयास करने वालों में पांडेय बरवा निवासी टीपन महतो, उनकी पत्नी दुखिया देवी, बड़ी बेटी गीता देवी और छोटी बेटी संगीता कुमारी शामिल है।**

प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद:** धनबाद जिले के बरवाअड्डा थाना क्षेत्र स्थित पांडेय बरवा में एक ही परिवार को चार लोगों ने जहर खाकर आत्महत्या करने की कोशिश की है। सभी को गंभीर स्थिति में इलाज के लिए धनबाद एसएनएमएमसीएच में भर्ती कराया गया है। आत्महत्या का प्रयास करने वालों में पांडेय बरवा निवासी टीपन महतो, उनकी पत्नी दुखिया देवी, बड़ी बेटी गीता देवी और छोटी बेटी संगीता कुमारी शामिल है। इलाजरत दुखिया देवी ने घटना के संबंध में बताया कि उनकी बड़ी बेटी गीता का तीन माह के बच्चे का इलाज कराने के लिए वे सोमवार को कोलकाता ले जा रहे थे। लेकिन रास्ते में ही बच्चे की मौत हो गई। इसके बाद वे सभी नवजात का शव लेकर वापस घर पहुंचे। घर पहुंचने के बाद उनकी बेटी गीता देवी चीखने चिल्लाने लगी। उन्होंने कहा कि बच्चे की मौत के सदमे आकर सभी ने मंगलवार अहले सुबह जहर खा कर जान देने की कोशिश की। उन्होंने आगे बताया कि बड़ी बेटी की शादी उन्होंने बड़े ही धूमधाम से टुंडी के रहनेवाले एक युवक से किया था, लेकिन बेटी को ससुराल में अक्सर प्रताड़ित किया जाता था। ससुराल वालों की प्रताड़ना और बच्चे का इलाज नहीं कराए जाने के बाद वह मायके पहुंची थी, ताकि उसके बच्चे का इलाज हो सके। स्थानीय लोगों का कहना है कि नवजात बच्चे के इलाज कराने को लेकर घर में कलह होती रहती थी। इसके बाद बच्चे का शव देख उसकी मां गीता पूरी तरह से टूट गई थी। इसके बाद वह अपने माता-पिता और बहन को ही अपने बच्चे की मौत का दोषी मान चीखने चिल्लाने लगी। इसके बाद बेटी और मातापिता के बीच विवाद बड़ा और फिर सभी ने जहर खाकर जान देने की कोशिश की।

## ईटकी में जंगली हाथी ने ली 4 की जान



प्रभात मंत्र संवाददाता

**ईटकी (रांची)** : राज्य में जंगली हाथियों का उत्पात लगातार जारी है। बीते एक सप्ताह में पूरे राज्य में अब तक दर्जन भर से ज्यादा लोगों की जान हाथियों ने ले ली। ताजा मामला रांची के इटकी थाना क्षेत्र से है, जहां एक जंगली हाथी ने 4 लोगों की जान ले ली। वहीं एक गंभीर रूप से घायल है।

इटकी थाना प्रभारी ने बताया कि घायल को रिम्स में भर्ती कराया गया है। बताया जा रहा है कि इटकी थाना क्षेत्र में जंगल से दो हाथी गांव की ओर निकले थे लेकिन रास्ते में दोनों बिछड़ गए। एक हाथी इटकी के गढ़गांव में ही रह गया। मृतकों में पुनई उरांव का शव घंटो तक हाथी के पास ही पड़ा रहा। गुस्साया हाथी किसी को शव ले जाने नहीं दे रहा था। वह लोगों पर हमला कर रहा था। घटना की सूचना के बाद वन विभाग और पुलिस प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची। इधर हाथियों को देखने के लिए पूरा गांव जमा हो गया।

प्रशासन उनसे अपील किया कि वह हाथी से दूरी बनाए रखें। हाथी काफी गुस्से में है। मृतकों में राधा देवी, गोविंदा उरांव, सुखवीर किंडो शामिल है। बता दें कि राज्य में इन दिनों जंगली हाथियों का उत्पात लगातार जारी है. बीते दो-तीन दिन में जंगली हाथियों ने 10 लोगों की जान ले ली है, जिसमें से लोहरदगा के 5 ग्रामीण, रांची के ग्रामीण इलाके के 3, जामताड़ा के 1 और लातेहार की 1 महिला शामिल है. हाथियों के उत्पात से लोग दहशत में हैं. इधर वन विभाग भी हाथियों को सुरक्षित गांव से बाहर करने की कोशिश में जुटा है.

### ईटकी में धारा 144 लागू

रांची : राँची सदर अनुमंडल अंतर्गत ईटकी प्रखण्ड में हाथियों के झुंड के अपने प्राकृतिक पर्यावास से बाहर ग्रामीण क्षेत्र में प्रवेश कर जाने के कारण भीड़ इकट्ठा हो जाने की सूचना प्राप्त है। भीड़ में शामिल ग्रामीणों द्वारा हाथियों के झुंड के पास आकर उन्हें भगाने का प्रयास किए जाने से जान-माल की क्षति की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता है। ऐसी स्थिति में प्रभावित इलाकों में भीड़ को इकट्ठा होने से रोकने के लिए तथा मानव-हाथी द्वन्द्व में जान-माल की क्षति रोकने हेतु एहतियात के तौर पर सुरक्षात्मक दृष्टिकोण से अनुमंडल दण्डाधिकारी, सदर, राँची द्वारा दंप्रसं की धारा-144 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए संपूर्ण ईटकी प्रखण्ड क्षेत्राधिकार में निषेधाज्ञा जारी किया गया है। पाँच या पाँच से अधिक व्यक्तियों का एक जगह जमा होना या चलना निषिद्ध किया गया है। किसी प्रकार का ध्वनि विस्तारक यंत्र का व्यवहार करना की मनाही है। यह निषेधाज्ञा 21 फरवरी से अगले आदेश तक के लिए लागू रहेगा।

## नक्सलियों का तांडव : सड़क निर्माण कार्य में लगे मशीन और ट्रैक्टर को फूंका



प्रभात मंत्र संवाददाता

**लातेहार** : नक्सलियों ने मंगलवार को मनिका थाना क्षेत्र में सड़क निर्माण कार्य में लगे मिक्सर मशीन और ट्रैक्टर को आग के हवाले कर दिया. नक्सलियों ने गाड़ियों में आग लगाने के साथ काम बंद करने की धमकी भी दी. इस घटना के बाद से पूरे इलाके में दहशत है. मिली जानकारी के अनुसार मोटरसाइकिल पर सवार होकर नक्सली सड़क निर्माण स्थल पर पहुंचे. इसके बाद नक्सलियों ने मजदूरों को धमकी देते हुए काम बंद करने का निर्देश दिया. वहीं, सड़क निर्माण कार्य में लगे मिक्सर मशीन और ट्रैक्टर में आग लगा दी. इसके बाद नक्सलियों ने घटनास्थल पर काम कर रहे मजदूरों को धमकी देते हुए कहा कि बिना संगठन से आदेश लिए काम शुरू नहीं करना है. काम शुरू किया तो अंजाम भुगतने के लिए तैयार रहना. नक्सलियों के जाने के बाद घटना की सूचना पुलिस को दी गई. सूचना मिलने के बाद पुलिस की टीम घटनास्थल पर पहुंची. पुलिस मामले की छानबीन शुरू कर दी. नक्सलियों को गिरफ्तार करने के लिए आसपास के इलाकों में छापेमारी की जा रही है. बताया जा रहा है कि लेवी के लिए अगलगी की घटना को अंजाम दिया गया है.

### चतरा में सुरक्षबलों ने ढाई किलो के प्रेशर बम को किया नष्ट

**चतरा** : जिले के वशिष्ठनगर थाना क्षेत्र स्थित कैडिमो जंगल से सुरक्षबलों ने मंगलवार को ढाई किलो का प्रेशर बम बरामद कर बीडीएस की टीम ने नष्ट कर दिया है। चतरा एसपी राकेश रंजन को सूचना मिली थी कि कैडिमो जंगल में किसी बड़ी घटना को अंजाम देने के लिए हथियारबंद नक्सली जमा हुए हैं। इसी सूचना पर सीआरपीएफ और जिला पुलिस की टीम कैडिमों जंगल में अभियान चलाया। इसी दौरान प्रेशर बम बरामद किया गया जिसे बीडीएस की टीम ने नष्ट कर दिया।

### नक्सलियों के आईईडी की चपेट में आने से युवक की मौत

**पश्चिमी सिंहभूम** : पश्चिमी सिंहभूम जिले के चक्रधरपुर के नक्सल प्रभावित गोइलकेरा थाना क्षेत्र के कुईड़ा पंचायत के मेरालगड़ा में पुलिस को नुकसान पहुंचाने के लिए भाकपा माओवादी संगठन के नक्सलियों द्वारा लगाए गए आईईडी बम की चपेट में आने से युवक की मौत हो गई। गोइलकेरा प्रखंड के मेरालगड़ा गांव निवासी हरीश चंद्र गोप (23) मंगलवार को जंगल की ओर लकड़ी लाने जा रहा था, तभी नक्सलियों द्वारा लगाया गया आईईडी बम की चपेट में आ गया जिससे घटना स्थल पर ही उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने के बाद गोइलकेरा पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में ले लिया है। इधर, पश्चिमी सिंहभूम जिले के एसपी आशुतोष शेखर ने बताया कि नक्सलियों द्वारा लगाया गया आईईडी बम की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई। पुलिस शव को अपने कब्जे में लेकर मामले की जांच कर रही है।

### सऊदी अरब में फंसे युवक ने वतन वापसी के लिए लगाई गुहार

**गिरिडीह** : गिरिडीह जिले के डुमरी प्रखंड के चकरबरई गांव निवासी खुबलाल महतो ने सऊदी अरब से वतन वापसी के लिए गुहार लगयी है। खुबलाल महतो ने सोशल मीडिया के माध्यम से अपने परिवारों को इसकी जानकार दी। उनका कहना है कि उन्हें वेतन नहीं मिला है। इसके अलावा उन्हें खाने के लिए सही से भोजन भी नहीं मिल पा रहा है। खुबलाल की पत्नी धानेश्वरी देवी ने बताया कि उसके पति खुबलाल 18 दिसंबर 2022 को सऊदी अरब में कमाने के लिए गए थे, जहां उन्हें बंधक बनाकर काम कराया जा रहा है। न ही उन्हें वेतन दिया जा रहा है और न ही ठीक ढंग से खाना दिया जा रहा है।

# प्रभात मंत्र

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com

पलामू/गढ़वा

रांची, बुधवार, 22 फरवरी 2023| पेज 2


# अनुमंडल मैदान हुसैनाबाद के जीर्णोद्धार कार्य का विधायक ने किया शिलान्यास



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद, पलामू :** हुसैनाबाद अनुमंडल मैदान के जीर्णोद्धार कार्य का शिलान्यास विधायक कमलेश कुमार सिंह व नगर पंचायत अध्यक्ष शशि कुमार ने किया। इस मौके पर विधायक कमलेश कुमार सिंह ने कहा कि हुसैनाबाद का अनुमंडल मैदान खेल के साथ साथ विभिन्न आयोजनों के लिए काफी उपयोगी है। इसे बचाना सभी का दायित्व है। उन्होंने कहा कि हुसैनाबाद में विकास के कार्यों के लिए वह हमेशा आगे रहते हैं। उन्होंने कहा कि हुसैनाबाद अनुमंडल मैदान के जीर्णोद्धार के साथ साथ विधायक कोटा की राशि से बड़ा स्टेज का निर्माण भी कराया जायेगा। जिससे किसी भी कार्यक्रम को कराने में परेशानी नहीं हो। उन्होंने संवेदक से बेहतर कार्य करने की हिदायत दी। नगर पंचायत अध्यक्ष शशि कुमार ने कहा कि उनका लक्ष्य हुसैनाबाद शहर को विकास के मामले में अग्रणी बनाना है। उन्होंने कहा कि जल्द ही हुसैनाबाद शहर नए रूप में दिखने लगेगा। मौके पर विधायक प्रतिनिधि अजीत सिंह, नगर पंचायत उपाध्यक्ष ग्यासुद्दीन सिद्दीकी, एनसीपी के अनुमंडल अध्यक्ष विनय पासवान, पप्पू सिंह, रत्न लाल, हाजी अब्बास अंसारी, खयालु खान, अभय कुमार सिंह उर्फ टुन्ना सिंह, बीस सूत्री अध्यक्ष विमलेश सिंह, अप्पू सिंह, महेंद्र सिंह, हंसराज सिंह, चिराग पासवान, राजेंद्र पाल, जीसान हसन, रहमान राइन, आदि मौजूद थे।

# विधायक ने किया पथ निर्माण का शिलान्यास



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** पलामू विधायक आलोक चौरसिया ने मुख्यमंत्री सड़क योजना अंतर्गत प्रखंड मेदिनीनगर ग्राम चियांकी रजवाड़ी पीडब्ल्यूडी रोड से मेघा दूध फॉम तक पथ निर्माण कार्य का शिलान्यास किया, विधायक आलोक चौरसिया ने कहा क्षेत्र की जनता का सहयोग प्यार, आशीर्वाद मुझे हमेशा मिलता रहा है, कि झारखंड में बीजेपी सरकार नहीं होने के बावजूद अपने क्षेत्र में विकास का कार्य रुकने नहीं दे रहा हूं, साथ ही अपने क्षेत्र में विकास की कार्य रुकने नहीं दूंगा जिस क्षेत्र में सड़क नहीं होती है वहां विकास का कार्य में अवरोध उत्पन्न हो जाती है कहा जाता है कि कोई भी क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए एक राह की जरूरत है बिना रास्ता के कुछ भी संभव नहीं होता है।

## झारखण्ड जैव विविधता पार्षद, रांची का चलाया गया पंचायत एक दिवसीय प्रशिक्षण हुआ संपन्न



**रमना (प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखण्ड जैव विविधता पार्षद, रांची द्वारा गठित सभी पंचायतो मे प्रबंधन समिति का एक दिवसीय प्रशिक्षण सभागार में संपन्न हुआ। प्रशिक्षण में रांची से पार्षद के तकनीकी पदाधिकारी हरि शंकर लाल, पलामू के प्रभारी अनूप तिवारी, प्रखंड प्रमुख करुणा सोनी, उप प्रमुख खदीजा बीवी, 20 सूत्री उपाध्यक्ष मंसूर अंसारी, पंचायत समिति सदस्य सीता देवी तथा मुखिया दुलारी देवी, अजीत कुमार पांडे, संतोष कुमार सिंह, अनीता देवी, सोनी देवी संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। जैव विविधता के बारे में विस्तार से चर्चा करते हुए समिति के बैठक करने स्थानीय वनपाल के साथ अध्यक्ष का खाता खोलने, जैव विविधता के संसाधन को उपयोगी बनाने 2002 के एक्ट के संबंध में बताया। इस प्रशिक्षण को हेल्पिंग हैंड फाउंडेशन के रामा शंकर चौबे, सुनीता पांडे सफल बनाने मैं बहुमूल्य सहयोग प्रदान किया। इस मौके पर कई ग्रामीण मौजूद थे।

## जिला योजना समिति (ग्रामीण) के लिए 13 सदस्य निर्विरोध निर्वाचित



**मेदिनीनगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** पलामू ग्रामीण क्षेत्र से जिला योजना समिति-2023 के सदस्यों का निवार्चन प्रक्रिया आज पलामू समाहरणालय के डीआरडीए सभागार में संपन्न हुआ। जिला योजना समिति (ग्रामीण) के लिए कुल 13 सदस्यों के निवार्चन हेतु 13 अभ्यर्थियों ने अपना नाम निर्दिष्ट किया। इसके उपरांत सभी 13 अभ्यर्थियों को पीठासीन अधिकारी-सह-जिला पंचायत राज पदाधिकारी शैलेश कुमार सिंह द्वारा निर्विरोध निर्वाचित होने की घोषणा की गयी। साथ ही निर्वाचित सभी योजना समिति सदस्यों को प्रमाण पत्र दिया गया।सभी निर्विरोध निर्वाचित सदस्यों में खुशबू कुमारी, सुदामा प्रसाद, रिंकी कुमारी, विजय कुमार, अरविंद सिंह, जय शंकर कुमार सिंह, प्रमोद कुमार सिंह, अमित कुमार जायसवाल, संजू देवी, फजायल अहमद, आलोक कुमार सिंह, रामलव प्रसाद एवं माया कुमारी शामिल हैं। निर्वाचन के मौके पर पीठासीन अधिकारी-सह-जिला पंचायत राज पदाधिकारी शैलेश कुमार सिंह सहित जिप अध्यक्ष निवार्चन प्रक्रिया में अजय पांडेय, विनोद कुमार गुप्ता, रामलखन राम, संजय प्रसाद, राजन बाख्ला आदि ने सहयोग किया।

# विधायक प्रतिनिधि सरोज कुशवाहा ने सुनी लोगों की समस्या



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हरिहरगंज :** प्रखंड कार्यालय स्थित विधायक कक्ष में मंगलवार को विभिन्न पंचायतों से आए ग्रामीणों ने विधायक प्रतिनिधि सरोज कुशवाहा को अपनी समस्याओं से अवगत कराया। इस दौरान विधायक प्रतिनिधि सरोज कुशवाहा ने विभागीय स्तर पर समस्याओं का समाधान कराने का भरोसा दिलाया। उन्होंने कहा कि आगामी बीडीसी की बैठक में सभी विभागों की सूची उपलब्ध कराने की मांग विभागीय स्तर से की है। साथ ही कहा कि बीडीसी के बैठक में सभी विभागों की समीक्षा की जाएगी। कहा कि प्रखंड क्षेत्र के लोगों की जो भी समस्या है विधायक कक्ष में आकर अपनी समस्या रखें। समाधान का हर संभव प्रयास किया जाएगा। मौके पर अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रखंड अध्यक्ष मो0 असलम, विजय कुमार सिंह, रामवृक्ष मस्ताना, मो0 सलीम, प्रखंड उपाध्यक्ष आबिद उर्फ मुन्ना, रविंद्र कुशवाहा, मृत्युंजय कुमार सिंह, प्रयाग मेहता, सतेंद्र सिंह, बिरेंद्र चंद्रवंशी आदि मौजूद थे।

# हरिहरगंज में राजद का होली मिलन समारोह 6 मार्च को

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हरिहरगंज :** शहरी क्षेत्र अंतर्गत मोतीराज इंटर महिला कॉलेज के प्रांगण में मंगलवार को राजद कार्यकर्ताओं की बैठक हुई। बैठक में आगामी 6 मार्च को स्थानीय राधा कृष्ण मैदान में 11 बजे दिन से शाम 6 बजे तक पार्टी द्वारा आयोजित होली मिलन समारोह को सफल बनाने पर चर्चा हुई। राजद प्रखंड अध्यक्ष महेंद्र यादव ने बताया कि होली मिलन समारोह में यूपी के बिरहा सम्राट विजयलाल यादव और रजनीगंधा के बीच रंगारंग होली गायन कार्यक्रम रखा गया है। होली मिलन समारोह के बतौर मुख्य अतिथि राजद के प्रदेश अध्यक्ष सह पूर्व विधायक संजय कुमार सिंह यादव तथा विशिष्ट अतिथि पलामू के पूर्व सांसद घूरन



राम, प्रदेश सचिव बुधन सिंह यादव, जिला अध्यक्ष मोहन विश्वकर्मा, अनुसूचित जाति के जिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष राजू भुईयां सहित राजद के कई वरीय नेता शामिल होंगे। मौके पर जिला सचिव राजेंद्र यादव, अशोक जायसवाल, इंजीनियर संजय यादव, छात्र राजद प्रखंड अध्यक्ष दीपक कुमार, मीडिया प्रभारी अरुण राम, शंकर यादव, बिरेंद्र यादव, अखिलेश विश्वकर्मा, विजय पासवान, मोहन भुईयां, अवधेश यादव, उमा यादव, शिक्षक सूरज यादव आदि मौजूद थे।

## बराही धाम में तीन दिवसीय सांस्कृतिक कार्यक्रम भंडारा के साथ संपन्न



**हुसैनाबाद (पलामू) (प्रभात मंत्र संवाददाता):** पलामू ज़िला के हुसैनाबाद अनुमंडल क्षेत्र के चर्चित बराही धाम परिसर में तीन दिवसीय सांस्कृतिक कार्यक्रम मंगलवार को भव्य भंडारे के साथ संपन्न हो गया।इस अवसर पर उतर प्रदेश, बिहार, झारखंड के भोजपुरी लोक गायिका गायक, करिश्मा राठौर, कंचन सिंह, अंकित सिंह, धर्मेन्द्र धाकड़, राजन रसीला व तिरुपति बालाजी के कलाकारों की धूम रही, इस दौरान बडी संख्या में श्रद्धालुओं ने धाम परिसर में पहुँचकर शिव मंदिर में जलाभिषेक पूजा अर्चना की पूरा तीन दिन हर हर महादेव के जयघोष से पूरा पूरा वातावरण भक्तिमय बना रहा, वही जागरण कार्यक्रम में कलाकारों द्वारा एक से बढ़ कर एक भजनों की अमृत वर्षा से पूरा परिसर में उमड़ी भीड़ झूमते नजर आए, कार्यक्रम का शुभारंभ शिवांश चैरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष धर्मप्रेमी व समाजसेवी रंधीर कुमार सिंह, समाजसेवी आकाश श्रीवास्तव, प्रिंस सिंह, जितेंद्र सिंह ,अयोध्या सिंह टिकैत बिहार उत्तर प्रदेश के चर्चित एंकर रवि कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया,साथ ही रंधीर कुमार सिंह ने सभी कलाकारों को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया।मौके पर रंधीर सिंह ने कहा की बराही धाम धार्मिक स्थल के साथ पर्यटक स्थल के रूप में क्षेत्र के लोगों के सहयोग विकसित किया जा रहा है आने वाले समय मे बराही धाम पलामू के साथ साथ झारखंड राज्य में एक अलग पहचान होगी, सोमवार को चौबीस घंटे का अखंड कृतन के साथ मंगलवार को भव्य भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें करीब पाँच हजार से अधिक लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में बराही धाम समिति के सभी सदस्य काफी सक्रिय थे।

# धूम धाम से मनाया गया दुर्गा मंदिर का 17 वां स्थापना दिवस



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रमना :** प्रखंड मुख्यालय स्थित दुर्गा मन्दिर का 17 वां स्थापना दिवस समारोह मंगलवार को धूम-धाम से मनाया गया।इस अवसर पर पूरे मन्दिर परिसर को आकर्षक तरीके से सजाया गया था। स्थापना दिवस को लेकर कलश यात्रा निकाली गयीं। सुखड़ा नदी से जल भरने के बाद मंदिर में कलश स्थापित किया गया। ततपश्चात पुजारी पंडित रामचंद्र मिश्र के नेतृत्व में मां दुर्गा की विधिवत पूजा-अर्चना की गयी। इस दौरान वैदिक मंत्रो के उच्चारण से पूरा बाजार प्रांगण का वातावरण भक्तिमय हो गया था। हवन एवं कन्यापूजन के बाद शाम को श्रद्धालुओ के बीच महाप्रसाद का वितरण किया गया। स्थापना दिवस समारोह को सफल बनाने में मन्दिर कमेटी के अध्यक्ष दिनेश गुप्ता, उपाध्यक्ष कृष्णा प्रसाद, सचिव विश्वजीत कुमार, कोषाध्यक्ष रविशंकर गुप्ता उर्फ बबलू गुप्ता, शंभू गुप्ता, गुड्डु प्रसाद, संजय प्रसाद, कन्हाई प्रसाद, संतोष प्रसाद, राजेंद्र प्रसाद गुप्ता, आनंद गुप्ता, ललन कुमार, बिटू कुमार, मिट्ठू एवं पप्पू प्रसाद आदि की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## केतात श्री मनोकामना सिद्धपीठ पंचमुखी हनुमान मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को ले निकाला भव्य कलश यात्रा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विश्रामपुर :** केतात गांव स्थित श्री मनोकामना सिद्धपीठ पंचमुखी हनुमान मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर मंगलवार को भव्य कलश शोभा यात्रा निकाला गया। कलश यात्रा की शुरुआत केतात मंदिर परिसर से हुआ। कलश यात्रा छः किमी दूरी तय कर कोयल नदी पहुंचा। कोयल तट से जल भरकर कलश यात्रा वापस यज्ञशाला पहुंचा। जहां वैदिक मंत्रोच्चारणों के बीच कलश की स्थापना हुई। इस कलश शोभा यात्रा में केतात के अलावा कई अन्य गांव के लोग भी शामिल हुए। कलश यात्रा गाजे बाजे व घोड़े के साथ निकाला गया। कलश यात्रा मे शामिल लोगो को रेहला रामनवमी पूजा समिति द्वारा पानी पिलाया गया। कलश यात्रा में समाजसेवी अभिमन्यु सिंह, शशि नाथ चौबे, संतोष चौबे, गामा चौबे, पूर्व मुखिया सेठ चौबे,भाजपा नेता टिकैत चौबे, बीससूत्री उपाध्यक्ष गुड्डु शुक्ला, नवीन चौबे, बेलो शुक्ला, मनोज चौबे, शिक्षक राजेश चौबे, विजय चौबे, मंटू चौबे, नंदलाल शुक्ला, अरविन्द चौबे,आलोक शुक्ला, सहित कई लोग उपस्थित थे।

## बेटी रह रही थी प्रेमी के पास, लड़की के पिता ने दामाद पर कराया था अपहरण का केस

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** पलामू एक व्यक्ति ने अपनी बेटी का अपहरण का आरोप लगाते हुए अपने दामाद पर ही सदर थाने में एफआईआर दर्ज करायी थी। मामले में पुलिस ने जब अनुसंधान शुरू किया तो चौंकाने वाली जानकारी निकल कर सामने आयी। दरअसल, पुलिस ने लड़की को उसके प्रेमी के घर से बरामद किया है. वहीं पुलिस के पहुंचने से पहले ही प्रेमी फरार हो गया। मामला पलामू प्रमंडलीय मुख्यालय मेदिनीनगर के सदर थाना क्षेत्र का है। दरअसल, सदर थाना क्षेत्र के रहने वाले एक व्यक्ति ने पुलिस में रविवार को शिकायत दर्ज करवाई थी कि उसकी बेटी छठ पूजा के समय से गायब है। लड़की के पिता ने आरोप लगाया था कि दामाद और ससुराल वालों ने लड़की का अपहरण कर लिया है. उसका दामाद दूसरी शादी करना चाहता है. इस कारण उनकी बेटी का अपहरण किया गया है. मामले में सदर थाना प्रभारी गौतम कुमार ने अनुसंधान शुरू किया तो कई जानकारी मिली. थाना प्रभारी गौतम




कुमार के नेतृत्व में पुलिस ने पांकी के तेतराई के इलाके से लकड़ी को बरामद कर लिया. दरअसल, लड़की अपने प्रेमी राजकुमार भुइयांन के घर पर रह रही थी. छापेमारी के दौरान प्रेमी मौके पर मौजूद नहीं था. पुलिस लड़की को बरामद कर थाना लायी है।जानकारी के अनुसार लड़की की शादी एक वर्ष पहले पलामू के पड़वा थाना क्षेत्र के रहने वाले श्यामसुंदर नामक युवक के साथ हुई थी। शादी के पहले लड़की का प्रेमी राजकुमार के साथ संबंध था. लड़की प्रेमी के साथ रहना चाहती थी. जिस कारण वह उसके साथ भाग गई थी. लड़की ने बीए तक की पढ़ाई की है और पति कारोबारी है. वहीं प्रेमी राजकुमार घर पर ही छोटा-मोटा काम करता है. पढ़ाई के दौरान लड़की और राजकुमार के बीच नजदीकी बढ़ी थी. थाना प्रभारी गौतम कुमार ने बताया कि लड़की के पिता ने अपहरण का एफआईआर दर्ज कराया था।

## विश्रामपुर में श्री रामनवमी महोत्सव को ले पंचमुखी मंदिर परिसर में स्थानीय लोगो की हुई बैठक



**विश्रामपुर (प्रभात मंत्र संवादाता):** विश्रामपुर के ऐतिहासिक पंचमुखी मंदिर परिसर में रामनवमी पूजा को लेकर स्थानीय लोगो की एक बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता राजकुमार मेहता व संचालन आरएसएस के अमितेश्वर दयाल ने किया। बैठक में मुख्य रूप से विधायक के नगर प्रतिनिधि राजन पांडेय व समाजसेवी विजय कुमार रवि भी शामिल हुए। बैठक में इस बार रामनवमी पूजा महोत्सव के भव्य आयोजन का निर्णय लिया गया। बैठक के दौरान रामनवमी पूजा कमेटी का गठन करते हुए कमेटी का विस्तार किया गया। सर्वसम्मति से विक्रमादित्य सिंह उर्फ मुन्नू बक्सराय को अध्यक्ष चुना गया। जबकि चंद्रदेव चौधरी उर्फ कुकू व दिलीप चंद्रवंशी को उपाध्यक्ष, विकास चंद्रवंशी को सचिव व शिव सोनी को सह सचिव, राकेश केशरी को कोषाध्यक्ष, राजेश मार्शल को मंत्री, रजनीश कुमार उर्फ बबलू डिश व विजय कुमार रवि को महामंत्री एवं दीपक पांडेय को मीडिया प्रभारी बनाया गया है। संरक्षक मंडली में विधायक के प्रखंड प्रतिनिधि पंकज कुमार लाल, नगर प्रतिनिधि राजन पांडेय, राजकुमार मेहता, रामकुमार ठाकुर, कमलेश उपाध्याय, सत्यनारायण सोनी व संजय ठाकुर को शामिल किया गया है। इसके अलावे 51 सदस्यीय कार्यकरणी का भी गठन किया गया। इसके बाद पूजा के नए पदाधिकारियों को अंगवस्त्र देकर सम्मानित भी किया गया। बैठक में सिंकू चंद्रवंशी,सत्यम सोनी,शशि कांत चंद्रवंशी, साकेत चतुर्वेदी, गोलू गुप्ता, विनोद कुमार विश्वकर्मा सहित आरएसएस, बजरंग दल व विश्व हिंदू परिषद के कई पदाधिकारी व सदस्य मौजूद थे।

## प्रखंड क्षेत्र में पानी की समस्या से मचा हाहाकार

# सभी विभागीय पदाधिकारी अपने-अपने विभाग को करें ठीक अन्यथा उनके खिलाफ सरकार को लिखा जाएगा : सुनील पांडेय

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पांडू :** जिले के पांडू प्रखंड कार्यालय के सभागार में सोमवार को बीस सूत्री की बैठक गई। बीस सूत्री कार्यालय में मिली शिकायत को संज्ञान में लेते हुए बीस सूत्री अध्यक्ष सुनील पांडेय आंगनबाड़ी महिला प्रवेक्षिका को लगाई फटकार, कहा एक सप्ताह के अंदर कार्यशैली में लाय सुधार। सुखाड़ को देखते हुए पंचायत के सभी मुखिया के द्वारा खराब एवं बंद पड़े चापा नल की सूची उपलब्ध कराने की प्रस्ताव रखी गई। कजरू खुर्द में स्वजल योजना के तहत लगभग 2008/2009 में निर्माण कराई गई इंटक वेल को किसी व्यक्ति के द्वारा अतिक्रमण कर बंद कर दिया गया है, तत्काल चालू कराने के लिए पीएचडी विभाग से दूरभाष के माध्यम से बात गई एवं आवेदन भेजने का निर्णय लिया गया। शिक्षा विभाग को तत्काल आवेदन देकर चार से पांच साल पूर्व में गठन किए गए प्रबंधन समिति को भंग कर नए



समिति का गठन करने की बात की गई। बच्चे को ड्रेस के लिए आया हुआ पैसा को तत्काल बटवाने एवं जिस बच्चे का खाता नहीं खुला है वैसे बच्चे को खाता खुलवाने का आदेश दिया गया। पेंशन 900 लोगो का हुआ है बैठक के दौरान प्रस्ताव रखा गया की सार्वजनिक रूप से मुखिया के द्वारा पेंशन से संबंधित कार्य को कराया जाय,ताकि आसानी से कार्य को पूर्ण किया जा सके। बैठक के दौरान चिकित्सक के द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में एंबुलेंस की सुविधा उपलध कराने की मांग की गई,बीस सूत्री अध्यक्ष ने संज्ञान में लेते हुए अविलंब उपलब्ध कराने हेतु चर्चा किए। पीडीएस डीलर को डोर टू डोर जाकर आधार कार्ड जोड़ने एव हर महीने राशन उठाने के बाद तत्काल वितरण करने का निर्देश दिया गया। उक्त जानकारी देते हुए बीस सूत्री अध्यक्ष श्री पांडे ने बताया कि सुखाड़ योजना के लाभ लेने हेतु 9 हजार लोगो की आवेदन अंचल कर्मी के द्वारा भेज दी गई। उन्होंने कहा बैठक में मुख्य रूप से प्रखंड विकास पदाधिकारी राहुल उरांव, बीपीओ रणधीर प्रकाश, प्रखंड समन्वयक संतन कुमार गुप्ता, डॉ. संजय कुमार सिंह, बैंक कर्मी, शिक्षा विभाग के कर्मी, विधायक प्रतिनिधि, बीस सूत्री सदस्य, सहित अन्य कई विभागीय कर्मी उपस्थित थे।

# अवैध खनन भंडारण व परिवहन में संलिप्त व्यक्ति को चिन्हित कर कार्रवाई करें : एसडीओ

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** अनुमंडल क्षेत्र में अवैध उत्खनन एवं परिवहन के खिलाफ निरंतर अभियान चलाकर कार्रवाई करने को लेकर अनुमंडल कार्यालय के सभागार में सोमवार को अनुमंडल पदाधिकारी आलोक कुमार एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी प्रमोद कुमार केसरी के संयुक्त अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक में श्री बंशीधर नगर अनुमंडल क्षेत्र के सभी अंचलाधिकारी, पुलिस निरीक्षक एवं सभी थाने के थाना प्रभारी मौजूद रहे। बैठक के दौरान एसडीओ आलोक कुमार ने सभी अंचलाधिकारी एवं थाना प्रभारियों को अपने अपने क्षेत्र में अवैध उत्खनन एवं परिवहन को रोकथाम कर लगातार अभियान चलाकर कार्रवाई तेज करते हुए अवैध कारोबार में लिप्त लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने का निर्देश दिया। एसडीओ ने अंचलाधिकारी एवं थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया कि छापेमारी के तहत जो भी वाहन अथवा अवैध



खनन भंडारण या परिवहन में संलिप्त व्यक्ति पकड़े जाते हैं उन लोगों पर निर्देशों का कड़ाई से पालन करते हुए कार्रवाई की प्रक्रिया करें एवं कृत कार्रवाई के प्रतिवेदन उपलब्ध करवाएं। उन्होंने कहा कि बिगत जनवरी माह 2023 में अवैध उत्खनन एवं परिवहन करने वाले 18 वाहनों को जप्त किया गया है वही विभिन्न थानों में कुल 10 प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। एसडीओ आलोक कुमार एवं एसडीपीओ प्रमोद कुमार केसरी ने अवैध खनिज उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण को लेकर अबतक की गई कार्रवाई की गहन समीक्षा की। एसडीओ ने कहा कि धुरकी क्षेत्र के ग्राम अंबाखोरेया में राजकुमार विश्वकर्मा के द्वारा सरकारी एवं वन विभाग की भूमि अवैध उत्खनन का सूचना प्राप्त हुआ है। उन्होंने इस मामले में संबंधित अंचलाधिकारी व थाना प्रभारी को राजस्व कर्मचारी के साथ स्थल जांच कर अवैध उत्खनन में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध 24 घंटे के भीतर प्राथमिकी दर्ज करते हुए कार्रवाई करने का निर्देश दिया। एसडीओ ने खरौंधी, केतार, बिशनपुरा एवं धुरकी के अंचलाधिकारीयों को अपने-अपने क्षेत्र में विशेष रूप से निगरानी रखने एवं रात्रि में छापेमारी अभियान चलाकर अवैध बालू परिवहन एवं उत्खनन के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करने का निर्देश दिया। बैठक में नगर उंटारी अरुण कुमार मुंडा, पुलिस निरीक्षक कृष्णा कुमार, केतार सीओ मुकेश मछुआ, रमना सीओ सतीश कुमार, धुरकी सीओ अरुण कुमार,सगमा सीओ सत्यम कुमार, खरौंधी सीओ गणेश कुमार महतो, भवनाथपुर सीओ रमाशंकर श्रीवास्तव, श्री बंशीधर नगर थाना प्रभारी नीतीश कुमार सिंह, भवनाथपुर के सतीश कुमार, धुरकी के सदानंद कुमार आदि उपस्थित थे।

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com



संक्षिप्त खबरें

### झारखंड सामुदायिक स्वास्थ्य पदाधिकारी कल सचिवालय का करेंगे घेराव

**रांची:** झारखंड सामुदायिक स्वास्थ्य पदाधिकारी 23 फरवरी को सचिवालय का घेराव करेंगे। स्वास्थ्य पदाधिकारियों की ओर से बीते 30 जनवरी से ऑनलाइन इंट्री का काम राज्य भर में ठप है। सामुदायिक स्वास्थ्य पदाधिकारियों का कहना है कि वे कई बार प्रशासन से वार्ता की पहल कर चुके हैं। लेकिन किसी भी प्रकार की साकारात्मक रुख देखने को नहीं मिली। ऐसे में अब आंदोलन की रूपरेखा तैयार कर ली गई है। तीन चरण में घेराव की योजना बनाई जा चुकी है। झारखंड के सभी सामुदायिक स्वास्थ्य पदाधिकारी 23 को सचिवालय का घेराव करेंगे। इसके बाद 24 फरवरी को स्वास्थ्य मंत्री आवास का घेराव और 25 फरवरी को मुख्यमंत्री आवास का घेराव करेंगे।

### रामगढ़ उपचुनाव में रहेंगे सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम, तीन हजार जवान की होगी तैनाती

**रांची :** रामगढ़ विधानसभा उपचुनाव 2023 को लेकर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम रहेंगे। पुलिस मुख्यालय के अनुसार चुनाव शांतिपूर्ण और भयमुक्त माहौल में चुनाव संपन्न हो। इसके लिए जिले में मौजूदा पुलिस बल के अलावा तीन हजार अतिरिक्त जवानों को तैनात किया जाएगा। इसमें दस कंपनी केंद्रीय अर्द्ध सैनिक बल भी शामिल हैं। रामगढ़ विधानसभा उपचुनाव 27 फरवरी को है। जानकारी के अनुसार चुनाव को लेकर 280 पुलिस इंस्पेक्टर, सब इंस्पेक्टर और असिस्टेंट सब इंस्पेक्टर को अलग से तैनात किया जा रहा है। जबकि 1797 सशस्त्र बल, 10 कंपनी केंद्रीय अर्द्ध सैनिक बल और 200 होमगार्ड जवानों को तैनात किया जाएगा।

# ज्वेलरी लूटकांड का खुलासा, तीन गिरफ्तार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** बीते 11 फरवरी 2023 को मांडर थाना क्षेत्र के अंतर्गत मिशन चौक के पास शंकर एंड संस ज्वेलरी दुकान में तीन अज्ञात अपराध कर्मियों के द्वारा हथियार के बल पर दुकान में रखे सोना, चांदी एवं रुपए लूट फरार हो गया था । इस घटना के बाद मांडर थाना में मामला दर्ज कराया गया था। वरीय पुलिस अधीक्षक किशोर कौशल के नेतृत्व में एक एसआईटी टीम गठन की गई थी, जिसमें ग्रामीण एसपी नौशाद आलम नेतृत्व में खिलारी डीएसपी अनिमेष नैथानी, मांडर थाना प्रभारी विनय यादव आदि शामिल थे। इस केस की उद्भेदन में करीब 10 दिनों के बाद तीन युवकों को गिरफ्तार कर लिया गया। इसमें मुख्य रूप से अरगोड़ा थाना क्षेत्र के कडरू से मोहम्मद आमिर , आकिब उर्फ टोपी पकिया और कांके थाना क्षेत्र से साबिर उर्फ दाऊद को गिरफ्तार किया गया । इन लोगों के पास से लूटपाट किए गए सोना, चांदी, पैसा सहित मोबाइल और हथियार भी बरामद किया गया।

**क्या कहा एसएसपी ने :** वरीय पुलिस अधीक्षक किशोर कौशल ने बताया कि मोहम्मद आमिर ,आकिब और साबिर तीनों पर पूर्व से ही अपराधिक मामले दर्ज हैं । आमिर और आकिब पर दानिश हत्याकांड मामले में अरगोड़ा थाना से जेल जा चुका है। वहीं साबिर आनगड़ा और सदर थाना से मामले में जेल जा चुका है। इन लोगों ने पहले मांडर थाना क्षेत्र एक धार्मिक निजी प्रायोजन के कार्य से गए थे। इसी बीच इन लोगों ने रेकी की और शंकर एंड संस ज्वेलरी दुकान को टारगेट करते हुए वहां पर लूट की घटना को अंजाम दिया। सबसे बड़ी बात यह है कि सीसीटीवी अच्छी कंपनी की थी , जिसमें न सिर्फ इसका तस्वीर साफ आया बल्कि इसकी आवाज भी रिकॉर्डिंग कर ली गई, तो पुलिस को काफी मदद मिली।

**मोबाइल कोई काम नहीं आया:** चोरी की घटनाओं पर अक्सर अपराधी जो होते हैं वह मोबाइल का कभी ना कभी इस्तेमाल जरूर करते हैं। लेकिन यह तीनों इतने शातिर थे, कि इन लोगों ने घटना के दौरान जो मोबाइल यूज़ किया था , उस मोबाइल से किसी को संपर्क ही नहीं किया , इसलिए उसे ट्रेस नहीं किया जा सका और पुलिस ने पुराने शैली से ही अपने सूचना तंत्र के माध्यम से तीनों को गिरफ्तार करने में सफल रही। पकड़े जाने के दौरान भी तीनों नशा में ही थे।

**मोटरसाइकिल से खुलेगा राज:** बताया गया कि घटना को अंजाम देने के बाद आमिर ,आकिब और साबिर अपने एक दोस्त के साथ दिल्ली चला गया था, जिस दोस्त के साथ वह दिल्ली गया था ,वह लूट और चोरी के सामान को दिल्ली में कहां-कहां का बेचा जाता है इसकी जानकारी थी, उसी के साथ यह लोग दिल्ली गए थे, करीब 50000 खर्चा हुआ और तीन-चार दिन के बाद फिर तीनों रांची लौट आए, सबसे बड़ी बात है कि जिस मोटरसाइकिल में इन लोगों ने घटना को अंजाम दिया था, वह मोटरसाइकिल अभी तक बरामद नहीं हुआ है ,उस मोटरसाइकिल से ही पता चलेगा कि मोटरसाइकिल किसकी थी और इसमें कौन-कौन लोग शामिल थे। एक और युवक का पता चल रहा है कि वह रानीगंज में कहीं छुपा हुआ है, पुलिस उसकी भी तहकीकात में जुट गई है।

**बरामद किया गया सामग्री:** पुलिस ने 9 किलो चांदी, 255 ग्राम सोना ,10 पीस आर्टिफिशियल ज्वेलरी ,चार पीस मोबाइल, 7000, एक देसी निर्मित 6 चक्रीय रिवाल्वर, 7.8 एमएम का तीन जिंदा कारतूस , पॉइंट 315 एमएम का दो जिंदा कारतूस बरामद किया गया है।

**छापेमारी दल में शामिल:** पूरे घटना के उद्भेदन करने में खलारी डीएसपी अनिमेष नैथानी, मांडर अंचल पुलिस निरीक्षक अवधेश ठाकुर ,थाना प्रभारी विनय कुमार यादव, मैक्लुस्कीगंज थाना प्रभारी राणा जंग बहादुर सिंह , चन्हो थाना प्रभारी रंजय कुमार, मांडर थाना के पुलिस अवर निरीक्षक श्यामल कुंभकार, जितेंद्र कुमार वर्मा ,दीपक कांत कुमार, उमेश कुमार यादव, विनोद पासवान ,पुलिस अवर निरीक्षक तंजीमुल मनान , सहायक अवर निरीक्षक शाह फैसल प्रभारी तकनीकी शाखा सहित प्रदीप कुमार चौबे ,देवेंद्र कुमार चौबे, अंगरक्षक मांडर अंचल आदि शामिल थे।

## बच्ची से दुष्कर्म मामले में दोषी बुजुर्ग को दस साल का कारावास




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** पोक्सो मामले के विशेष न्यायाधीश आसिफ इकबाल की अदालत ने मंगलवार को चार वर्ष की बच्ची के साथ दुष्कर्म के दोषी मेराज अंसारी (58) को दस साल के सश्रम कारावास की सजा सुनायी है। अदालत ने अभियुक्त पर 10 हजार का जुर्माना भी लगाया है। साथ ही जुर्माने की राशि नहीं देने पर अभियुक्त को छह माह की अतिरिक्त सजा काटनी होगी। मेराज अंसारी लोअर बाजार थाना क्षेत्र के आजाद बस्ती का रहने वाला है। वह पेशे से मजदूर है। घटना 19 जनवरी 2018 की है। बच्ची के घर में कोई नहीं था। मेराज बच्ची के घर गया और बच्ची को सुनसान जगह पर ले जाकर गंदी हरकत की। बच्ची की मां के बयान पर लोअर बाजार थाने में प्राथमिकी दर्ज की गयी थी।

**महिला के साथ छेड़खानी करने के मामले में दोषी को तीन साल की सजा:** महिला को प्रसाद खिलाकर छेड़खानी करने के मामले में सीजेएम कोर्ट ने दोषी कुमार मिथिलेश को तीन साल की सश्रम कैद की सजा सुनाई है। साथ ही अदालत ने अभियुक्त पर 10 हजार का जुर्माना भी लगाया है। जुर्माना की राशि नहीं देने पर अभियुक्त को एक माह की अतिरिक्त सजा काटनी होगी। मामले को लेकर कोतवाली थाना में कांड संख्या 845/2015 दर्ज कराई गई थी। अभियोजन की ओर से अधिवक्ता पुष्पा सिन्हा ने छह गवाहों की गवाही दर्ज करायी। अभियुक्त ने तंत्र मंत्र के नाम पर महिला को प्रसाद खिलाया था। इसके बाद उसके साथ छेड़खानी की घटना को अंजाम दिया था। सीजेएम कोर्ट ने अभियुक्त को आईपीसी की विभिन्न धाराओं के तहत दोषी करार देते हुए सजा सुनाई।

## घरेलू विवाद में गोली चलानेवाले तीन गिरफ्तार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची ।** नामकुम थाना क्षेत्र में बीते देर रात घरेलू विवाद में गोली चलने की सूचना पर पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। बताया जा रहा है कि घरेलू विवाद को लेकर दोनों पक्ष में बहस हुई, उसके बाद एक दूसरे के ऊपर गोली चला दी। जिसमें एक व्यक्ति घायल हो गया।घायल व्यक्ति का अस्पताल में इलाज चल रहा है।इस मामले में नामकुम पुलिस ने तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार व्यक्ति का नाम रामकुमार, राजेश कुमार और सनी थापा है। गिरफ्तार तीनों आरोपी डोरंडा थाना क्षेत्र के कुसाई कॉलोनी के रहनेवाले हैं।नामकुम थाना प्रभारी ने बताया कि सूचना मिलते ही तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया है। इन लोगों से पूछताछ की गयी तो घरेलू विवाद का मामला सामने आया है।



## राज्यपाल से मिले दो विश्वविद्यालय के कुलपति

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से मंगलवार को रांची विश्वविद्यालय और डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय के कुलपति ने राजभवन में मुलाकात की। राजभवन के अधिकारिक सूत्रों ने बताया कि रांची विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. अजीत कुमार सिन्हा और डॉ श्यामाप्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. तपन कुमार शांडिल्य की यह शिष्टाचार मुलाकात थी।

## भाजपा नेता को अपराधियों ने मारी गोली, जांच में जुटी पुलिस



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** राजधानी के ओरमांझी थाना स्थित चुटुपाल क्षेत्र में मंगलवार को मास्क पहनकर आए अपराधियों ने भारतीय जनता पार्टी के नेता चतुर साहू को गोली मार दी, जिससे वे बुरी तरह घायल हो गए।

घटना की जानकारी मिलते ही ओरमांझी थाना प्रभारी राजीव घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की जांच कर रहे हैं। साथ ही चतुर साहू को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

ओरमांझी थाना प्रभारी ने बताया कि घायल व्यक्ति से जानकारी हासिल करने का प्रयास किया गया, लेकिन वह अभी बात कर पाने की स्थिति में नहीं है। पूछताछ के दौरान चतुर साहू ने बताया कि मास्क लगाए अपराधियों ने इस घटना को अंजाम दिया है। पुलिस आगे की जांच में जुटी हुई है।

## हेमंत सरकार में भाजपा कार्यकर्ता अपराधियों के निशाने पर : प्रकाश



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची:** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवम सांसद दीपक प्रकाश ने मंगलवार को राज्य सरकार पर हमला बोला। प्रकाश भाजपा ओबीसी मोर्चा के रांची ग्रामीण जिला मंत्री चतुर साहू पर नकाब पोश अपराधी के द्वारा किए गए कातिलाना हमला के बाद बोल रहे थे। प्रकाश ने अस्पताल पहुंचकर गोली से घायल चतुर साहू से मुलाकात की, उनका कुशल क्षेम जाना एवं घटना की जानकारी ली। मुलाकात करने वालों में सांसद संजय सेठ, भाजपा ग्रामीण जिला अध्यक्ष सुरेंद्र महतो भी शामिल थे। प्रकाश ने कहा कि जबसे हेमंत सरकार बनी है लगातार अपराधियों के द्वारा भाजपा कार्यकर्ताओं को निशाना बनाया जा रहा। पिछले तीन वर्षों में सैकड़ों कार्यकर्ताओं की हत्या हो चुकी है। प्रकाश ने कहा जिस प्रकर से हत्या के आरोपित अपराधी खुलेआम घूम रहे हैं,उनकी गिरफ्तारी नहीं होती,कारवाई नहीं होती उससे स्पष्ट झलकता है कि अपराधियों को राज्य सत्ता एवं सत्ताधारी गठबंधन के नेताओं का संरक्षण प्राप्त है। उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं की टारगेटेड हत्या हो रही क्योंकि भाजपा के कार्यकर्ता लगातार राज्य सरकार के खिलाफ मुखर हैं,नाकामियों को जनता के बीच उजागर कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार आदिवासी, मूलवासी दलित, आदिवासी, पिछड़ों के विकास का ढोल पीटती है जबकि इस समाज के लोग लगातार अपराधियों निशाने पर हैं ।

## श्री कान्यकुब्ज स्वर्णकार पंचायत रांची कार्यसमिति की हुई बैठक : सोनी



**प्रभात मंत्रसंवाददाता**

**रांची।** देर रात तक चली श्री कान्यकुब्ज स्वर्णकार पंचायत रांची कार्यसमिति की एक आपातकालीन बैठक स्वागतम मैरिज हॉल हरमू सहजानंद चौक में हुई। इस बैठक में मुख्य रूप से एकीसो महादेव धाम चुटिया के मंदिर निर्माण संबंधित चर्चा की गई ।एवम मंदिर का प्रस्तावित नक्सा सहीत निर्माण से जुड़े सभी पहलुओं पर गम्भीरता पूर्वक बिचार किया गया साथ ही नक्से में कुछ सुधार के साथ यथाशिघ्र मंदिर निर्माण प्रारम्भ करने का निर्णय सर्वसम्मति से पारित किया गया। मंदिर निर्माण कार्य और पारदर्शी तरीके से अर्थ संग्रह हेतु अलग अलग कमेटियों का निर्माण करने का निर्णय सर्वसम्मति से पारित किया गया।यह भी निर्णय पारित किया गया कि दान दाताओं से नगद राशि के बजाय निर्माण समागृह देने का अनुरोध किया जाएगा। सोने चांदी व्यवसाय समिति के पूर्व अध्यक्ष रवि कुमार पिंकू और महासचिव संजय कुमार सोनी के द्वारा पंचायत के महासचिव मुकेश वर्मा की तस्वीर को विद्वेष पूर्वक एवम अपमान जनक तरीके से धुंधला कर जिसके सन्दर्भ में पंचायत के अध्यक्ष को प्राप्त ज्ञापन के रूप में शिकायत पत्र पर भी गम्भीरता से चर्चा के उपरांत प्रथम दृष्टया इसे एक सोची समझी मानहानि की कारबाई माना गया। बैठक का संचालन महामंत्री सह प्रवक्ता संतोष कुमार सोनी ने किया ।इस बैठक में पंचायत के लगभग 50 लोग उपस्थित हुए।

## जेएसएसपीएस एथलीट अंजली की मौत के बाद प्रदर्शन करने वाले पर मामला दर्ज

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** 19 फरवरी की रात को सैकड़ों की संख्या में छात्र एवं छात्राएं सड़क पर उतर कर प्रदर्शन कर रहे थे। मामला था जेएसएसपीएस की छात्रा अंजलि उरांव की मौत का, इसके बाद ही प्रदर्शनकारियों ने बूटी मोड़ के पास सड़क को जाम किया। फिर रिम्स पहुंचकर उग्र प्रदर्शन किया। मामले को लेकर बड़गाई अंचलाधिकारी मनोज कुमार ने स्थानीय बरियातू थाने में 215 अज्ञात छात्र-छात्राओं व महिला-पुरुषों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराया है।

**उग्र होकर छात्र-छात्राएं नारा लगाते हुए रिम्स में किया हंगामा**

बड़गाई सीओ ने बरियातू थाना को दिये गये आवेदन में लिखा है कि 12 से 25 वर्ष की जेएसएसपीएस की छात्र-छात्राएं 19 फरवरी की रात 10-10 में बूटी मोड़ से आकर रिम्स के पहला गेट पर हल्ला-हंगामा करने लगे। उन्हें रोकने के लिए वरीय पदाधिकारी, स्थानीय थाना, सीमावर्ती थाना के पदाधिकारी एवं पुलिसकर्मी के द्वारा छात्रों को काफी समझाया गया, लेकिन वे लोग नहीं माने। कुछ लोगों को छोड़कर अधिकांश छात्र-छात्राओं की टीशर्ट पर जेएसएसपीएस लिखा हुआ था। सभी छात्र काफी उग्र थे और हाथ में लाठी डंडा लिए हुए थे। पुलिस के समझाने के बाद भी धक्का देते हुए रिम्स के गेट नंबर 1 के अंदर प्रवेश कर गए और आगे बढ़ते हुए गेट नंबर 2 से भी रिम्स के अंदर उग्र नारा लगाते हुए पहुंच गए, जिस कारण रिम्स के अंदर भगदड़ की स्थिति मच गई।

इस संबंध में बरियातू थाना प्रभारी से जानकारी के लिए संपर्क किया गया, लेकिन वह किसी कारणवश फोन नहीं उठाएं और बात नहीं हो पाई।

### सांसद संजय सेठ आज करेंगे मुक्ति वाहन का लोकार्पण

**रांची :** मारवाड़ी सहायक समिति की ओर से 22 फरवरी से मुक्ति वाहन अंतिम यात्रा वाहन की शुरुआत की जाएगी। मारवाड़ी सहायक समिति के अध्यक्ष अशोक नारसरिया ने बताया कि सांसद संजय सेठ की ओर से मुक्ति वाहन मारवाड़ी सहायक समिति को प्रदान किया गया है। मुक्ति वाहन का लोकार्पण सांसद संजय सेठ 22 फरवरी को मारवाड़ी भवन में करेंगे। समिति के प्रवक्ता संजय सर्राफ ने पूर्व अध्यक्षों, मंत्रियों, पदाधिकारियों और सदस्यों से आग्रह किया है कि वह लोकार्पण कार्यक्रम में भाग लेकर इस आयोजन को सफल बनाएं।

## डॉ. सतीश के नाम पर कृषि संस्थान एवं संग्रहालय स्थापित करे राज्य सरकार : बंधु तिर्की

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची ।** पूर्व मंत्री, झारखण्ड सरकार की समन्वय समिति के सदस्य एवं झारखण्ड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने राइस मैन के नाम से प्रसिद्ध कृषि वैज्ञानिक एवं बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के प्लांट ब्रीडिंग और जेनेटिक्स विभाग के पूर्व निदेशक डॉ.सतीश चन्द्र प्रसाद के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि इससे न केवल चावल अनुसंधान बल्कि संपूर्ण कृषि एवं अनुसंधान के मामले में झारखण्ड ही नहीं बल्कि देश ने एक वैसे कृषि वैज्ञानिकों को खो दिया है डॉ.प्रसाद के राजधानी के मोरहाबादी स्थित आवास पर जाकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करने के बाद तिर्की ने उनके पुत्र अधिवक्ता डॉ. प्रणव कुमार बब्बू एवं परिवार के अन्य सदस्यों को सांत्वना दी. उन्होंने कहा कि, डॉ.प्रसाद जैसे कुछेक वैज्ञानिकों के कारण ही भारत में हरित क्रांति इतनी ज्यादा सफल हुई कि आज देश में अनाज की कमी नहीं है और सरकार की दृढ़ इच्छाशक्ति के बलबूते प्रत्येक व्यक्ति को भरपेट भोजन उपलब्ध कराया जा सकता है।

## घायल पंचायत स्वयंसेवक संघ के सदस्यों से मिले दीपक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद दीपक प्रकाश ने मंगलवार को रिम्स जाकर पंचायत स्वयंसेवक संघ के घायल सदस्यों से मुलाकात की। मुलाकात के बाद पत्रकारों से बात करते हुए प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश ने हेमंत सरकार पर कड़ा प्रहार किया। प्रकाश ने कहा कि पंचायत स्वयंसेवक संघ के सदस्यों पर कल पुलिस द्वारा हुआ बर्बर लाठीचार्ज हेमंत सरकार की ताबूत में अंतिम कील साबित होगा। उन्होंने कहा कि एक तरफ राज्य सरकार युवाओं को झूठे आश्वासन देकर करोड़ों रुपये विज्ञापनों पर खर्च कर रही है, वहीं अपनी मांगों को लेकर धरने पर बैठे अनशनकारियों से सरकार बात करना भी उचित नहीं समझती। उन्होंने कहा कि ये लोग अपनी मांगों को लेकर लोकतांत्रिक तरीके से धरने पर बैठे थे। जब उनकी मांगों को सरकार अनसुनी करने लगी तो उन्होंने लोकतांत्रिक प्रदर्शन का सहारा लिया। ऐसे में शांतिपूर्ण प्रदर्शनकारियों पर बर्बर लाठी चार्ज आपातकाल एवं हिटलर शाही की याद ताजा कर रही है। उन्होंने कहा कि ऐसी सूचना मिल रही है कि पुलिस कर्मियों के साथ सादे लिबास में सत्ताधारी गठबंधन के अराजक तत्वों ने भी स्वयंसेवकों पर लाठियां बरसाई हैं। उन्होंने राज्य सरकार को कटघरे में खड़ा करते हुए कहा कि हेमंत सरकार के इशारे पर पंचायत स्वयं सेवकों की पिटाई की गई है, जिसमें सैकड़ों लोग बुरी तरह घायल हुए हैं। प्रकाश ने कहा कि यदि राज्य सरकार जनसमस्याओं के निदान में सक्षम नहीं है तो सरकार को गद्दी छोड़ देना चाहिए, नहीं तो भाजपा कार्यकर्ता इस भ्रष्ट सरकार को गद्दी छोड़ने के लिए बाध्य कर देंगे।

**GOVERNMENT OF JHARKHAND**
**URBAN DEVELOPMENT OF DEPARTMENT**
**NAGAR PARISHAD, BISHRAMPUR**
**E-RROCURMENT NOTICE (VERY SHORT TERM NOTICE)**

| SL | WARD NO | REFERENCE NO | SCHEME NAME | ESTIMATE COST | EARNEST MONEY (2% OF ESTIMATE COST) | TENDER FEE | COMPLETION OF WORK |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| नागरिक सुविधा | | | | | | | |
| 1 | 1 +0 20 | UDD/NOB/59/ 2022/23 | Construction of tubewell of 125×115 mm dia 75 mtr with installation of India mark II Is: 15500 part - 2/2004 handpump with soakpit in municipal council BISHRAMPUR. | 2522040.00 | 50440.00 | 10000.00 | 60days |

| | | |
|---|---|---|
| 6 | Date of publication of Tender on website | 16.02.2023 02:00pm |
| 7 | Date sart of submission of Bids | 16:02:23 05:00 pm |
| 8 | last date /time of submission of Bids | 24.02.2023 05:00 |
| 9 | date of Bids Opening | 27.02.2023 03:30 pm |
| 10 | last date /time of submission at office cost of BOQ. Earnest money and tender document | 27.02.2023 till 01:00pm at Bishrampur thana |
| 11 | Name & address of office Inviting Tender | Nagar parishad Bishrampur |
| 12 | 12 contact No. Of procurement officer | 9525633383 |
| 13 | 13 Helpline number of E-RROCURMENT | cell9771761820 |

**NOTE:-** only E-tendar will be accepted. Further can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in & Notice Board office of the Nagar parishad, Bishrampur.

सहायक नगर आयुक्त
नगर परिषद विश्रामपुर

ज्ञापांक 147 दिनांक 13.02.2023

## सड़क किनारे पड़ा घायल युवक को पुलिस ने पहुंचाया अस्पताल



**ईचागढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सरायकेला खरसावां जिला के ईचागढ़ थाना क्षेत्र के सिल्ली रांगामाटी सड़क पर डुमरडीह मोड़ के पास मंगलवार की अहले सुबह करीब 5 बजे एक लावारिस हालत में घायल अवस्था में पड़े युवक को ईचागढ़ पुलिस ने मिलन चौक स्थित माधुरी नर्सिंग होम में लाकर भर्ती कराया। चिकित्सकों ने घायल की गंभीरता को देखते हुए टीएमएच जमशेदपुर रेफर कर दिया। घायल का पहचान ईचागढ़ थाना क्षेत्र के तुता गांव निवासी 35 वर्षीय परमेश्वर सिंह मुण्डा के रूप में किया गया। बताया जा रहा है कि वह सोमवार की रात को सांस्कृतिक कार्यक्रम देखकर बारूणा गांव से तुता अपनी बाइक से लौट रहा था । कयास लगाया जा रहा है कि रात को किसी अज्ञात वाहन द्वारा धक्का मारने से वह बाइक सहित सड़क के बाहर झाड़ी में गिरकर घायल अवस्था में रात भर तड़पता रहा। वहीं थाना प्रभारी गौरव मिश्रा ने बताया कि घायल का स्थिति को देखते हुए चिकित्सकों ने वेहतर इलाज हेतु टीएमएच रेफर कर दिया है।

## बालू घाटों की नीलामी को लेकर सीओ ने किया निरीक्षण

**ईचागढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सरायकेला खरसावां जिला के ईचागढ़ प्रखंड क्षेत्र के चार बालू घाटों का अंचलाधिकारी भोलाशंकर महतो ने निरीक्षण किया। बालू घाटों की नीलामी के लिए घाट चिन्हित करने के लिए 5 बालू घाटों का अद्यतन रिपोर्ट सौंपने को लेकर उपायुक्त द्वारा अंचलाधिकारी को निर्देशित किया गया था, जिससे आलोक में मंगलवार को अंचलाधिकारी भोलाशंकर महतो ने जारगोडीह,सोड़ो, बामनडीह, बिरडीह व रायडीह के सुवर्ण रेखा नदी बालु घाटों का निरीक्षण किया। बालू घाटों का वर्तमान स्थिति, सरकारी रास्ता, पुल से दूरी आदि का अवलोकन किया गया। अंचलाधिकारी भोलाशंकर महतो ने बताया कि कुल 5 सुचीवद्ध बालु घाटों का रिपोर्ट मांगा गया है। उन्होंने कहा कि बालू घाटों का निलामी के लिए चयनित घाटों का निरीक्षण कर जायजा लिया गया। अंचलाधिकारी श्री महतो ने कहा कि जिला को सभी घाटों का वर्तमान स्थिति का रिपोर्ट भेज दिया जाएगा ताकि समय पर विभाग द्वारा आगे की कार्रवाई किया जा सके। मौके पर थाना प्रभारी गौरव कुमार मीश्रा, हल्का कर्मचारी रंजीत टुडु, भु मापक आदि उपस्थित थे।



## साइबर अपराधियों ने पत्रकार के खाते को किया खाली, कांड्रा थाना में शिकायत दर्ज

**कांड्रा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सोमवार को साइबर अपराधियों ने पत्रकार बिपिन वार्षणेय के एचडीएफसी बैंक खाते से रु2800 उड़ा लिए. गनीमत थी की उक्त खाते में इतनी ही रकम थी अन्यथा अकाउंट खाली करने में साइबर अपराधियों ने कोई कसर नहीं छोड़ी थी. जब इस बात की सूचना भुक्तभोगी पत्रकार को मिली तो उसके होश उड़ गए. तत्काल बैंक की शाखा से संपर्क कर फ्रॉड की शिकायत दर्ज कराई गई और खाते से रकम निकासी को फ्रीज करा दिया गया. बाद में कांड्रा थाने में इस संबंध में शिकायत दर्ज कर दोषी पर कानूनी कार्रवाई की मांग की गई है.

## रक्तदान शिविर में 92 यूनिट रक्त संग्रह



**सरायकेला(प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति के तत्वाधान में मंगलवार को सरायकेला थाना अंतर्गत बड़ाकांकड़ा उप स्वास्थ्य केंद में ब्रम्हानंद अस्पताल एवं एमजीएम अस्पताल जमशेदपुर के सहयोग से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।शिविर में मुख्य रूप से माटी चित्रकार महावीर स्वामी, युवा छात्र नेता देवेंद्र नाथ महतो तथा युवा क्रांतिकारी नेता अमित कुमार महतो उपस्थित थे।शिविर में 92 यूनिट रक्त का संग्रह कर अस्पताल को सौंप दिया गया। समिति के सदस्य कुलदेव महतो ने बताया कि कोल्हान में खतियानी कार्यक्रम के एक वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर को सफल बनाने में कुड़मी संस्कृति विकास समिति के अध्यक्ष सपन महतो का अहम योगदान रहा।मौके पर बिरसा महतो, चंद्रनाथ महतो, वीरू महतो, शाह आनंद महतो, महादेव महतो, राजकुमार महतो, रमेश महतो, रोहन महतो, सचिन महतो सूरज महतो महेश महतो ललित महतो, सक्रिय महिला सदस्य रीना महतो, रानी महतो, होलीका महतो, संजू देवी,चक्रधरपुर से बसंत महतो एवं टीम,राजनगर के ब्लैक टीम, पटमदा से चंदन महतो, ईचागढ़ से फूलचंद महतो,चेतन महतो, विष्णु, तरुण महतो,राकेश महतो तथा काशी साहू महाविद्यालय के छात्र संघ की टीम प्रकाश महतो, शंकर महतो,रोशन महतो तथा देवराज महतो मौजूद थे।

## आदित्यपुर खरकई ब्रिज से कूदकर एक व्यक्ति ने की आत्महत्या



**आदित्यपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बिष्टुपुर क्षेत्र खरकई पुल से कूदकर एक व्यक्ति ने आत्महत्या कर ली है. पुल के नीचे पानी नहीं होने के कारण चट्टान से टकराकर उसकी मौके पर मौत हो गई. मृतक की पहचान परसुडीह निवासी सुरेश गुप्ता के रूप में की गई है. जो सुबह तकरीबन 9 बजे के आसपास बिष्टुपुर से होते हुए खड़कई पुल पहुंचा. जहां पहले अपनी स्कूटी (जेएच 05डबल्यू 3218) खड़ा किया, और स्कूटी पर ही मोबाइल फोन छोड़ दिया और रेलिंग को पार करते हुए नीचे छलांग लगा दी. पुल से होकर गुजर रहे लोगों ने व्यक्ति को छलांग लगाते देखा जिसके बाद वहां अफरा-तफरी मच गई. इधर घटना की जानकारी मिलने पर स्थानीय आदित्यपुर और बिष्टुपुर पुलिस भी मौके पर पहुंची है और थाना क्षेत्र का पता लगाने में जुटी है. बताया जाता है कि घटना के कुछ देर बाद ही मृतक के मोबाइल फोन पर बेटी ने कॉल किया. जिसे स्थानीय लोगों द्वारा रिसीव करने के बाद घटना की जानकारी दी गई. इधर मामले की जानकारी होने के बाद मृतक परसुडीह की निवासी सुरेश गुप्ता के परिजन मौके पर पहुंचे।

# तेजस्विनी परियोजना का सम्मेलन 23 को तैयारी को लेकर उपायुक्त ने की बैठक

### - बिरसा मुंडा स्टेडियम सरायकेला में करीब आठ हजार से ज्यादा किशोरियां पहुंचेंगी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सरायकेला :** उपायुक्त अरवा राजकमल ने गूगल मीट के माध्यम जिले के वरीय पदाधिकारी, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी एवं सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों सहित बैठक की। आगामी 23 फरवरी 2023 को भगवान बिरसा मुंडा स्टेडियम सरायकेला में तेजस्विनी परियोजना (समाज कल्याण विभाग) अंतर्गत आयोजित होने वाले एक दिवसीय कार्यशाला सम्मेलन समारोह की तैयारियों का समीक्षा किया। अब तक किए गए तैयारियों की जानकारी लेते हुए जिला समाज कल्याण पदाधिकारी शिप्रा सिन्हा को जिले के सभी प्रखंडों से आने वाले किशोरियों के आवागमन हेतु पिकअप एंड ड्रॉप प्वाइंट तैयार कर




सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं संबंधित पदाधिकारी को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा सभी प्रखंडों हेतु बस भेजी जा रही है जिसमें मजिस्ट्रेट की प्रतिनियुक्ति कर ले। साथ ही सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं सीडीपीओ के देख रेख में किशोरियों के आवागमन की व्यवस्था हो रही है यह सुनिश्चित करे। उपायुक्त ने कहा जिले के विभिन्न क्षेत्र से लगभग 8000 एवं पूर्वी सिंहभूम जिले से ढाई से तीन हजार किशोरियों के आने की संभावना है। कार्यक्रम में इनके बैठने, नास्ता पानी एवं भोजन की व्यवस्था सुनिश्चित करें। कार्यपालक पदाधिकारी नगर पंचायत को कार्यक्रम स्थल की साफ-सफाई सहित पेयजल एवं चलंत शौचालय की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। संबंधित विभागीय पदाधिकारियों को मेडिकल टीम, अग्निशामक दल समेत अन्य सुविधाएं ससमय सुदृढ़ करने के निर्देश दिए।

## सप्ताहिक जनता दरबार में आये फरियादियों ने डीसी के समक्ष रखी अपनी समस्याएं

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सरायकेला :** उपायुक्त अरवा राजकमल ने सप्ताहिक जनता दरबार कार्यक्रम के तहत समाहरणालय स्थित अपने कार्यालय कक्ष में मंगलवार को जिले के विभिन्न क्षेत्र से अपनी अपनी समस्याएं लेकर आये लगभग 60 फरियादियों क़ी समस्याओं से आवेदन के माध्यम अवगत हुए। कुछ मामलों का त्वरित निष्पादन किया गया एवं कुछ मामले सम्बन्धित विभागीय पदाधिकारियों के पास त्वरित समस्या समाधान के निर्देश सहित भेजवाये गये। प्राप्त जानकारी अनुसार आज के जनता दरबार में भूमि संबंधित, अवैध पत्थर उठाव पर रोक लगाने, सरकारी भूमि अधिग्रहण पर रोक लगाने, स्वास्थ संबंधित मामले , राशन कार्ड में नाम जोड़ने समेत अन्य मामले लेकर फरियादी पहुंचे थे। आज आयोजित जनता दरबार में खरसावां विधायक दशरथ गागराई के साथ आए स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने कुचाई अंचल



क्षेत्र में अवैध पत्थर उठाव पर रोक लगाने, मनरेगा योजना अंतर्गत संचालित कार्य में प्रगति लाने समेत अन्य मामलों से अवगत कराया। जिस पर उपायुक्त ने जिला खनन पदाधिकारी को तत्काल प्रभाव से अंचलाधिकारी के साथ टीम बनाकर अंचल क्षेत्र में लगातार जांच कर अवैध पत्थर उठाव करने वाले पर नियम संगत कार्रवाई सुनिश्चित करने एवं उप विकास आयुक्त प्रवीण कुमार गागराई को कुचाई प्रखंड कार्यालय का भ्रमण कर मनरेगा योजना समेत अन्य योजनाओं की समीक्षा कर कार्य में प्रगति लाने के निर्देश दिए।

## घाटशिला के विभिन्न दुकानों व संस्थानों की हुई जांच

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** अनुमंडल पदाधिकारी, घाटशिला के निर्देशानुसार घाटशिला अनुमण्डल अंतर्गत विभिन्न जन वितरण प्रणाली दुकान, खाद्य प्रतिष्ठान, गोदाम, एवं होटल में जाँच अभियान चलाया गया। सर्वप्रथम जय प्रकाश करमाली, कार्यपालक दण्डाधिकारी, घाटशिला द्वारा जनवितरण प्रणाली दुकान अनुज्ञप्ति संख्या- 162/85 का जाँच किया गया। जाँच के दौरान स्टोक एवं आवंटन पंजी का मिलान कर ससमय लाभुकों को वितरण करने हेतु निर्देश दिया गया। इसी दौरान जिला खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी, मो. मंजर हुसैन एवं कार्यपालक दण्डाधिकारी, घाटशिला द्वारा विभिन्न दुकानों/प्रतिष्ठानों के संचालकों से लाइसेंस अथवा रजिस्ट्रेशन के प्रमाण पत्रों की जाँच किया गया। मेसर्स सिंगल ट्रेडिंग (प्रो?-श्री अंजय अग्रवाल) गोपालपुर, घाटशिला स्थित दुकान/गोदाम में निरीक्षण के दौरान प्रयोगशाला में जाँच हेतु सरसो तेल



का सैंपल लिया गया। इस क्रम में गोपालपुर स्थित स्वर्णरेखा नर्सिंग होम, कैंटिन का निरीक्षण किया गया, उक्त कैंटिन का एफएसएसएआई लाइसेंस /रजिस्ट्रेशन नहीं पाया गया। साथ ही रसोईघर में उपयोग किया जा रहा शहनाई, सरसो तेल का सर्विलांस सैंपल जाँच हेतु लिया गया। जिला खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी द्वारा लिया गया सेंपल जाँच हेतु खाद्य लेबोरेटरी भेजा जाना है। काशिदा स्थित मेसर्स गोराई होटल (प्रो?- श्री इंद्रजीत गोराई) का निरीक्षण के दौरान मोरिश ब्रेड एक्सपायर्ड पाया गया जिसे मौके पर नष्ट किया गया एवं प्रतिष्ठानों के संचालक को सक्त निदेश दिया गया की किसी भी परिस्थिति में एक्सपायर्ड खाद्य वस्तओं को प्रतिष्ठान स्थल में रखा न जायें। खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी, पूर्वी सिंहभूम, जमशेदपुर द्वारा अनुमण्डल क्षेत्रांतर्गत चलाये जा रहें विभिन्न खाद्य दुकानों एवं प्रतिष्ठानों के संचालको से अपील किया गया बिना अनुज्ञप्ति के कोई भी खाद्य पदार्थों की बिक्री नहीं करेंगे। जाँच के दौरान ऐसे बिना अनुज्ञप्ति संचालकों से सक्त कार्रवाही करते हुए नियमानुसार कार्रवाई किया जाएगा।

### बोड़ाम में भाजपा कार्यकर्ताओं के सम्मेलन में बोले कुणाल

## जन-जन तक पहुंचायें केंद्र सरकार की उपलब्धियां

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पटमदा :** बोड़ाम मंडल भाजपा के पूर्व अध्यक्षों परेश दत्त, गणेश महतो व लक्ष्मण सिंह सरदार के आह्वान पर मंगलवार को बोड़ाम स्थित पुराना सीआरपीएफ कैम्प में कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया। बतौर मुख्य अतिथि पूर्व विधायक सह भाजपा के झारखंड प्रदेश प्रवक्ता कुणाल षाड़ंगी ने कहा कि केंद्र सरकार की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने का काम करें पार्टी कार्यकर्ता। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने गरीबों को मुफ्त में राशन, आयुष्मान योजना, पीएम किसान सम्मान निधि, उज्ज्वला योजना आदि से देशवासियों को लाभान्वित किया है। उन्होंने राज्य सरकार के खिलाफ हमला बोलते हुए कहा कि एक साल में पांच लाख नौकरी का वादा करके सत्ता हासिल करने वाले हेमंत सोरेन ने युवाओं के साथ धोखा किया है। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन के मंत्री



से लेकर विधायक तक भ्रष्टाचार के आकंठ में डूबे हुए हैं। भाजपा के अनुसूचित जाति मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष विमल बैठा ने कहा कि पूरे जुगसलाई विधानसभा क्षेत्र में राशन डीलरों द्वारा अनियमितता बरतते हुए गरीब कार्डधारियों को राशन वितरण में मनमानी की जा रही है। पिछले दिनों उनके द्वारा आवाज बुलंद किए जाने की वजह से सोमवार को क्षेत्र के पीडीएस दुकानों में जिला प्रशासन द्वारा गठित टीम ने छापेमारी करते हुए कार्रवाई की है। मौके पर पटमदा मंडल अध्यक्ष मंटू चरण दत्त, पूर्व अध्यक्ष परेश दत्त, लक्ष्मण सिंह सरदार व गणेश महतो एवं अजजा मोर्चा के महामंत्री विजय सोय ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से नरेश सिंह, सतीश महतो, छुटु सिंह, काशीनाथ सिंह, राजकुमार सिंह, लखन मंडल, गुहिराम कुंभकार, हेबेन महतो, पद्मलोचन महतो, आकाश महतो व किरीटी कर्मकार समेत काफी संख्या में कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।

## उत्कल सम्मेलनी उड़िया शिक्षक संघ ने मनाया अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खरसावां :** खरसावां में मंगलवार को उत्कल सम्मेलनी उड़िया शिक्षक संघ सरायकेला खरसावां के द्वारा खरसावां के कुम्हारसाई सामुदायिक भवन में पंडित उत्कलमणि गोपाबंधु दास के चित्र पर माल्यार्पण कर धूमधाम से अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस मनाया गया।इस दौरान उड़िया समाज के लोगों उड़िया भाषा संस्कृति के उत्थान का संकल्प लिया? मौके पर उत्कल सम्मेलनी के जिला परिदर्शक सुशील षड़ंगी ने कहा कि मातृभाषा और संस्कृति हमारी परंपरा है। इसको जीवित रखना हम सभी का कर्तव्य है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला महासचिव अजय कुमार, प्रधान जिला परिदर्शक सुशील षड़ंगी, चंद्रभानु प्रधान, रश्मी रंजन मिश्रा, भरत चंद्र मिश्रा, रंजीत मंडल, शिव शंकर महतो, जयजीत षड़ंगी, सविता विषेई, रंजीता महंती, सपना टोप्पो रेणु, महाराणा कनिका दे, रंचिता महांती, बबीता मंडल, पुष्पा पुष्टि, सत्यव्रत चौहान, सपन मंडल आदि उपस्थित थे।

## सिदगोड़ा श्रीराम मंदिर के वर्षगांठ पर निकला भव्य शोभायात्रा, उमड़ा भक्तों का जनसैलाब

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** सिदगोड़ा स्थित सूर्यधाम परिसर में बने श्रीराम मंदिर के तृतीय वर्षगांठ पर सूर्य मंदिर समिति द्वारा धूमधाम से शोभायात्रा निकाली गई। मंगलवार दोपहर करीब 4 बजे बिरसानगर क्षेत्र के जोन नंबर तीन स्थित कुंआ मैदान से सुसज्जित रथ पर मर्मज्ञ कथा वाचिका पूज्य पंडित गौरांगी गौरी जी, मनोरम झांकी, रामगढ़ की प्रसिद्ध बैंड-बाजा, डीजे संगीत व केसरिया ध्वजों के साथ निकाली गई भव्य शोभायात्रा में शहर के हजारों श्रद्धालुओं के संग राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री सह सूर्य मंदिर समिति के मुख्य संरक्षक रघुवर दास एवं संरक्षक चंद्रगुप्त सिंह मुख्यरूप से शामिल हुए। भगवान श्री राम की शोभा यात्रा को देखने और स्वागत करने के लिए सड़क के दोनों ओर भारी भीड़ खड़ी थी। महिलाएं, बच्चे, पुरुष सभी ने जय श्री राम के जयकारे लगाते हुए शोभा यात्रा पर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। शोभा यात्रा में सजाई गई सुंदर झांकियों को निहारने सड़कों के दोनों तरफ श्रद्धालुओं की भारी भीड़ जुटी रही। शोभा यात्रा में पूर्व सीएम रघुवर दास ने माथे पर श्रीरामायण लेकर बिरसानगर से सूर्यधाम तक नंगे पाँव पैदल यात्रा की। इस दौरान विभिन्न स्थानों पर सामाजिक संगठनों ने शिविर लगाकर सेवा प्रदान की। पूर्व सीएम सह सूर्य मंदिर कमेटी के मुख्य संरक्षक




रघुवर दास ने भव्य एवं सफल शोभायात्रा के लिए शहरवासियों का आभार जताया। उन्होंने कहा कि मंदिर समिति, भाजपा कार्यकर्ता, युवा मोर्चा और मातृशक्ति के रूप में शामिल हुई माताओं-बहनों के समर्पण और भक्तिभाव से शोभायात्रा सफलतापूर्वक संपन्न हुई। प्रभु श्रीराम के महत्व का बखान करते हुए कहा कि प्रभु श्रीराम सिर्फ मर्यादा पुरुषोत्तम ही नही हैं। बल्कि भारतीय सभ्यता, संस्कृति और सामाजिक मूल्यों के प्रतीक हैं। सूर्य मंदिर समिति के अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ने 22 से 28 फ़रवरी तक सूर्य मंदिर परिसर के शंख मैदान में आयोजित हो रहे संगीतमय श्रीराम कथा में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील लोगों से की। शोभायात्रा में सूर्य मंदिर समिति के अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह, अमरजीत सिंह राजा, संतोष यादव, शैलेश गुप्ता, शशिकांत सिंह, महामंत्री अखिलेश चौधरी, रूबी झा, कृष्ण मोहन सिंह, बंटी अग्रवाल, कंचन दत्ता, अधेन्दू बनर्जी, लक्ष्मीकांत सिंह, प्रेम झा, प्रमोद मिश्रा एवं तृतीय वर्षगांठ आयोजन समिति के संयोजक गुंजन यादव, मिथिलेश सिंह यादव, दिनेश कुमार, राकेश सिंह, कुलवंत सिंह बंटी, पवन अग्रवाल, कमलेश सिंह, खेमलाल चौधरी, संजीव सिंह, रामबाबू तिवारी, बबुआ सिंह, गुरुदेव सिंह राजा, कमलेश साहू, महेंद्र यादव, सुशांतो पांडा, चिंटू सिंह, बोल्टू सरकार समेत हजारों श्रद्धालु उपस्थित थे।

# वेस्ट मैनेजमेंट से 96 प्रतिशत कचरे का हो सकता है दोबारा इस्तेमाल

### - एक्सएलआरआइ की सामाजिक पहल समिति सिग्मा-ओइकोस की ओर से छठे संस्करण का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** एक्सएलआरआइ में सिग्मा-ओइकोस के संयुक्त तत्वावधान में एक कार्यशाला का आयोजन किया गया. कार्यक्रम के दौरान साहस जीरो वेस्ट की संस्थापक विल्मा रोड्रिग्स मुख्य वक्ता के रूप में मौजूद थी. उन्होंने एक्सएलआरआइ जमशेदपुर के डीन एकेडमिक्स डॉ. संजय पात्रो के साथ संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की. दो सत्र में कार्यक्रम की आयोजन किया गया. मौके पर साहस जीरो वेस्ट की संस्थापक विल्मा रोड्रिग्स ने एक उद्यमशीलता लेंस के माध्यम से



अपशिष्ट प्रबंधन की खोज विषय पर संबोधित किया. रोड्रिग्स ने कहा कि किसी भी व्यापार मॉडल में मुनाफे से पहले अपने कस्टमर के साथ ही प्लैनेट की सुरक्षा को प्राथमिकता के केंद्र में रखें. उन्होंने कहा कि भारत में 96 प्रतिशत कचरे का पुनः चक्रण कर उसे दोबारा इस्तेमाल करने लायक बनाा जा सकता है. इससे देश की अर्थव्यवस्था की गति को भी तेज की जा सकती है. अपशिष्ट प्रबंधन से अर्थव्यवस्था को फिर से जीवंत करने में भी मदद मिलने के साथ ही लोगों को आजीविका भी दे सकता है.

### कचरा प्रबंधन से पैदा हो सकते हैं रोजगार

उद्घाटन सत्र के बाद पैनल डिस्कशन सत्र का आयोजन किया गया. जिसमें पहले सत्र में बिंटिग्स के सह संस्थापक सह निदेशक डॉ जयनारायण कुलथिंगल, सिटीजेन टेक्नोलॉजी के सह संस्थापक और जीवौल बायोफ्यूल के निदेशक एन चंद्रशेखर ने उप-विषय लीवरेजिंग व उद्यमिता क्षेत्र में प्रौद्योगिकी विषय पर चर्चा की. सत्र का संचालन आइएसएम धनबाद के शिक्षाविद संजीव आनंद साहू ने किया. इस चर्चा में पारंपरिक कचरा संग्रह प्रणाली को अक्षम करार देने के साथ ही इस क्षेत्र में कार्य कर रहे बिंटिक्स, सिटीजेन टेक्नोलॉजी व जीवौल बायोफ्यूल जैसे संगठनों द्वारा अपनायी गयी तकनीक पर चर्चा हुई. अपशिष्ट के साथ ही औद्योगिक कचरे पर नजर रखने के लिए प्लेटफॉर्म बनाने, एआई और एमएल तकनीक के इस्तेमाल, कचरे की पहचान व उसके वर्गीकरण पर बल दिया गया. यह बात भी निकल कर सामने आयी कि अपशिष्ट प्रबंधन के क्षेत्र में प्रौद्योगिकी का लाभ उठा कर प्रबंधन कमाई की क्षमता बढ़ा सकता है, रोजगार पैदा कर सकता है. वहीं, दूसरे पैनल डिस्कशन में ÷एक सतत और लाभप्रदता का निर्माण÷ विषय पर चर्चा हुई. जिसमें जाबिर करात (सह-संस्थापक ग्रीन वर्म्स) और जीवेश कुमार (सीईओ ग्रीन्सस्केप इको मैनेजमेंट) इसमें शामिल थे. मॉडरेटर की भूमिका में प्रोफेसर कल्याण भास्कर (संकाय सदस्य ) मौजूद थे. पैनलिस्टों ने इस बारे में चर्चा की कि पर्यावरण और सामाजिक प्रभाव किस प्रकार एक दूसरे के पूरक हैं.

# मंत्री भोक्ता ने कलशयात्रा का शुभारंभ के पश्चात क्रिकेट मैच का भी विधिवत किया शुभारंभ




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** खेल के मैदान हो या धार्मिक अनुष्ठान गरीबों की सहायता हो या खुशी या गम का मौक़ा राज्य के कैबिनेट मंत्री सत्यानन्द भोगता का हर जगह मौजूद होना इनकी स्वभाव में शामिल है। मंगलवार को चतरा विधानसभा क्षेत्र स्थित हंटरगंज प्रखंड के बलरी में आयोजित शतचंडी सह शिव प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ कलश यात्रा में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। मंत्री भोगता ने श्रद्धालुओं को कलश चुनरी नारियल भेंटकर कलशयात्रा का शुभारंभ किया। ततपश्चात हंटरगंज हाई स्कूल खेल मैदान में आयोजित स्व. श्यामाकांत सिंह क्रिकेट टूर्नामेंट 2023 में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। मंत्री भोगता ने स्व. सिंह के प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर क्रिकेट मैच का विधिवत शुभारंभ किया। ततपश्चात मैच के दौरान गरीबों के बीच कंबल का भी वितरण किया। मैच शुभारंभ के मौके जिलापरिषद उपाध्यक्ष ब्रजकिशोर तिवारी, 20 सूत्री जिला उपाध्यक्ष प्रभुदयाल यादव, मैच आयोजक सह स्व. सिंह के सुपुत्र निवास सिंह, व्यवसायी युगल सिंह, प्रखंड प्रमुख ममता कुमारी, बिपिन सिंह समेत कई गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे।

# प्रखण्ड स्तरीय माता सम्मेलन लोक प्रेरणा के तहत आयोजित की गयी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** प्रखण्ड के एलेवन स्टार मैदान में लोक प्रेरणा के द्वारा एक दिवसीय प्रखण्ड स्तरीय माता सम्मेलन कार्यक्रम आयोजित की गयी। कार्यक्रम को बतौर मुख्य अतिथि जिला परिषद देवनंदन साहू ने दिप प्रज्वलित कर उद्घाटन किया। वहीं कार्यक्रम का संचालन संस्था के रानी कुमारी ने की। कार्यक्रम में प्रखण्ड के सभी पंचायतो के संस्था से जुड़े किशोरियों के माताएं शामिल हुईं। कार्यक्रम में मुख्य रूप से बच्चे बच्चियों को सही तरीके से लालन पालन, अंधविश्वास, शिक्षा, कानूनी सहायता, बच्चियों के अधिकार, सही उम्र में शादी करना आदि विषयों पर चर्चा एवं बताया गया। जिला परिषद देवनंदन साहू ने मौजूद माताओं को संबोधित करते हुए कहा कि अपने बच्चों को सही उम्र में शादी व्यवाह करें। साथ हीं अंधविश्वासों से दूर रखें, और सबसे पहले अच्छी से अच्छी शिक्षा दें तब जाकर लोगों के मन से अंधविश्वास हटेगा। भ्रूण हत्या बन्द करें बेटा हो या बेटी सभी पुत्र और प्यारा हैं। संस्था के सचिव मौसमी बाखला ने संबोधित करते हुए कही की मां का मतलब ममता होती है। बाल विवाह व महिला हिंसा पर जागरूक हों। संस्था के संस्थापक अधीन महतो ने बताया कि लोग बीमार होते हैं तो सब्स पहले ओझा गुनी के पास जाते है। यह सब महज एक पाखण्ड है। इस पाखण्ड वाद से दूर रहें। और बीमार होने पर ईलाज तुरंत करावें। समाज सेवी इंद्रदेव पासवान ने कहा कि माँ का परिभाषा ममता होती है। माँ की परिकल्पना जितना करें कम है।

# चतरा में नक्सलियों की बड़ी साजिश विफल, ढाई किलोग्राम का प्रेशर बम बरामद



**चतरा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** पुलिस ने एक बार फिर नक्सलियों की साजिश को नाकाम कर दिया है।दरअसल सुरक्षाबलों को निशाना बनाने के उद्देश्य से ढाई किलो का शक्तिशाली प्रेशर बम प्लांट किया गया था। एसपी राकेश रंजन को मिली गुप्त सूचना मिली थी कि नक्सलियों द्वारा किसी बड़ी घटना को अंजाम देने के उद्देश्य से प्रेशर बम प्लांट किया गया था।इसी सूचना के आधार पर असिस्टेंट कमांडेंट परमवीर सिंह के नेतृत्व में नक्सल विरोधी अभियान पर पुलिस और सीआरपीएफ 190 बटालियन के जवानों की संयुक्त टीम को वशिष्ठनगर जोरी थाना क्षेत्र के केडीमो जंगल से बम बरामद हुआ। झारखंड जगुआर की बीडीडीएस टीम ने मौके पर बरामद बम को डिफ्यूज कर दिया है। बम को डिफ्यूज कर नक्सलियों की धरपकड़ को ले कर सुरक्षाबल अभियान में जुट गई है।

# उपायुक्त अबु इमरान ने जनता दरबार के माध्यम से सुनी आमजनों की समस्याएं



**चतरा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** समाहरणालय स्थित अपने कक्ष में उपायुक्त अबु इमरान ने जनता दरबार के माध्यम से समस्याओं को लेकर मिलने आए आमजनों की समस्याएं सुनी। उन्होंने आमजनों की समस्याओं से जुड़े आवेदनों का संज्ञान में लेते हुए संबंधित पदाधिकारी को त्वरित गति से मामलों का नियमानुसार निष्पादन करने का निर्देश दिया। समस्याओं में मुख्य रूप से जमीन से संबंधित मामले, राशन कार्ड, आवास समेत अन्य मामले शामिल है।ज्ञात हो कि सप्ताह के प्रत्येक मंगलवार और शनिवार को पूर्वाह्न 11:30 बजे से 01:00 बजे अपराह्न तक समाहरणालय में उपायुक्त द्वारा जनता दरबार के माध्यम से आम जनों की समस्याएं सुन उनका निराकरण किया जाता है।

# राजकीय इटखोरी महोत्सव का तीसरा और अंतिम दिन कलाकारों ने बिखेरा रंग

➲मंत्री सत्यानंद भोक्ता, सांसद सुनील कुमार सिंह, सिमरिया विधायक किशुन कुमार दास ने कलाकारों को भी किया पुरस्कृत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** राजकीय खोली महोत्सव के तीसरे और अंतिम दिन कलाकार कलाकारों ने अपनी प्रस्तुति से सबका मन मोह लिया है। सुप्रसिद्ध लोक गायिका मैथिली ठाकुर की प्रस्तुति ने सभी को झूमने पर मजबूर कर दिया। गौरतलब है कि इटखोरी प्रखंड मुख्यालय स्थित मां भद्रकाली के मंदिर प्रांगण में राजकीय ईटखोरी महोत्सव का आयोजन 19 फरवरी से ही किया जा रहा था। कार्यक्रम के अंतिम दिन कलाकारों ने बेहतरीन प्रदर्शन किया। हजारों की तादाद में उपस्थित कलाकारों ने महोत्सव का खूब लुत्फ उठाया। इस मौके पर मंत्री सत्यानंद भोक्ता, सांसद सुनील कुमार सिंह एवं सिमरिया के विधायक कुमार दास ने कलाकारों को पुरस्कृत किया है। गौरतलब है कि राजकीय खोरी महोत्सव प्रत्येक वर्ष 19 फरवरी से शुरू होकर 21 फरवरी तक महोत्सव का आयोजन होता है। इस महोत्सव में सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के की झलक दिखती है।मां भद्रकाली मंदिर परिसर तीन धर्मों की संगम स्थली है ।सनातन धर्म के साथ-साथ जैन, बौद्ध के आस्था का भी केंद्र है ।इस महोत्सव में बौद्ध ,जैन धर्म गुरु के साथ-साथ सनातन धर्मावलंबियों की भी अपार भीड़ जुटती है। महोत्सव में स्थानीय कलाकारों ने भी खूब रंग जमाया। कन्हाचट्टी प्रखंड के आवासीय बालिका विद्यालय के छात्र छात्राओं ने नमामि गंगे की प्रस्तुति के साथ साथ स्थानीय कलाकार प्रवीण दुबे ने भी भोजपुरी में मां शेरावाली के गीतों के साथ अपनी गायकी शुरू की। जबकि बीती रात देश के प्रसिद्ध पार्श्वगायक शब्बीर कुमार की प्रस्तुति देर रात तक चलती रहे ।इस मौके पर उन्होंने बॉलीवुड हिंदी फिल्मों के एक से एक गाने प्रस्तुत किए। जंग ,प्यार झुकता नहीं ,कुली जैसी लोकप्रिय फिल्मों के गाने की प्रस्तुति ने सबका मन मोह लिया है। महोत्सव में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे।

# माता शबरी जयंती मनाने को लेकर हुई बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बालूमाथ :** बालूमाथ प्रखण्ड क्षेत्र के अंतर्गत झरिवा टोला में अखिल भारतीय भुइँया समाज कल्याण समिति लातेहार के बैनर तले मंगलवार को 43 वां माता शबरी जयंती 24 फरवरी शुक्रवार को मनाने को लेकर निर्णय लिया गया। जिसका अध्यक्षता माता शबरी पूजा समिति के अध्यक्ष सोमर भुइँया। ने की। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में लातेहार जिला अध्यक्ष राजू भुइँया, विशिष्ट अतिथि बालूमाथ प्रखण्ड अध्यक्ष सुरेन्द्र भुइँया ने उपस्थित लोगों में कमिटी का विस्तार किया। वही अध्यक्ष सोमर भुइँया, सचिव बब्लू भुइँया, कोषाध्यक्ष गुडू पाहन, उपाध्यक्ष अनिल भुइँया, संरक्षक राम कुमार भुइँया, परामर्श धर्मजीत भुइँया, सदस्य संघर भुइँया, लखन भुइँया को बनाया गया। जिसमे वक्ताओं ने कहा कि नशा पान और अशिक्षा समाज की सबसे बड़ी बुराई है गोष्टि में भुइँया समाज के लोगों ने सर्वसम्मति से संकल्प लिया कि हम लोग अपने बच्चे को पढ़ाएगे आगे बढ़ाएंगे नशा पान पर पूरी तरह रोक लगाया जाएगा। और दहेज प्रथा का विरोध करेंगे। बेटे के शादी में दहेज नही लेंगे समाज मे हो रहे धर्मांतरण पर चिंता व्यक्त करते हुये चेतावनी दी गई कि इसका विरूद्ध किया जाएगा। माता शबरी जयन्ती पूजा में सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया जाएगा इस दौरान, जिला प्रवक्ता बिनोद भुइँया, जिला महासचिव सह संरक्षक राम कुमार भुइँया, तुलसी राम, धर्मजीत भुइँया, सुरेन्द्र भुइँया, गुडू भुइँया, विजय भुइँया, सुनील भुइँया, मनोज भुइँया, प्रभु भुइँया, अशोक भुइँया, चमन भुइँया, संघर भुइँया, गणेश भुइँया सहित समाज के गणमान्य लोग शामिल रहें।

# पुलिस जवानो को दिया गया प्राथमिक उपचार की विशेष जानकारी



**टंडवा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** पुलिस के जवान लोगो की रक्षा करने के साथ ही साथ अब डाक्टर बनकर घायलो की जान बचाने की कोशिश करेगे। जी हां सुनने मे थोडा अटपटा जरूर है, पर सरकार के निर्देशानुसार पुलिस के अधिकारी और जवान अब सडक दूर्घटना मे घायल या किसी अन्य मामले मे जख्मी व्यक्तियों का पहला इलाज पुलीस जवान करेंगे। इस मामले मे मंगलवार को टंडवा थाना परिसर मे टंडवा अस्पताल के डाक्टर जयनारायण ने जवान और अधिकारियो को फस्ट एड करने की पूरी जानकारी दी। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम की जानकारी देते हुए टंडवा थाना प्रभारी सह ईस्पेक्टर बिजय सिह ने बताया कि दरअसल सड़को पर होने वाली घटनाओं में सबसे पहले पुलिस के अधिकारी एवम जवान पहूचते है। लिहाजा अगर इन्हें फस्ट एड करने की जानकारी रहेगी तो निश्चित तौर पर बहुत घायलों को घटनास्थल पर प्राथमिक उपचार कर बचाया जा सकता है। एवम प्राथमिक उपचार के बाद इन्हें बेहतर इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया जाना संभव है।

# चलन्त लोक अदालत पहुंचा महुआडांड़



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**महुआडांड़ :** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण लातेहार ने मंगलवार को महुआडांड़ प्रखंड सह अंचल कार्यालय पहुंचा, जहाँ चलन्त लोक अदालत शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विधिक सेवा प्राधिकरण के एलएडीसी राहुल कुमार का मार्गदर्शन लोगों नें प्राप्त किया। कार्यक्रम में उपस्थित अधिवक्ता राहुल कुमार ने ग्रामीणों को भरण पोषण अधिनियम, नेशनल लोक अदालत, घरेलू हिंसा, पाक्सो एक्ट, वाहन बीमा का महत्व, नालसा व सालसा जैसे अन्य कानून की जानकारी दी। ग्रामीणों को संबोधित करते हुए अधिवक्ता ने बताया कि, कोर्ट में लंबित वैसा मामला जिसमें 7 वर्ष से कम की सजा हो, तथा उस व्यक्ति की वार्षिक आय तीन लाख से कम हो जिला विधिक सेवा प्राधिकार (डीएलएसए) के द्वारा निपटारा किया जा सकता है। तथा ऐसे व्यक्ति को जागरूक करने के लिए लातेहार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्रतिबद्ध है। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी अमरेन डांग, अनुमंडल पदाधिकारी नित निखिल सुरीन, प्रखंड प्रमुख कंचन कुजूर, जेएसएलपीएस की महिलाएं तथा अन्य कई प्रखंड तथा अंचल कर्मी उपस्थित थे।

# जेजेए ने राजेन्द्र प्रसाद साहू को किया सम्मानित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बालूमाथ :** लातेहार जिला के पूर्व जिला परिषद उपाध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद साहू को रांची के पुराना बिधान सभा में हुवे झारखंड जनर्लिस्ट एसेसियन द्वारा एक दिवसीय कार्यशाला में झारखंड बिधान सभा के अध्यक्ष रबिन्द्र नाथ महतो, वरिष्ठ विधायक सरयू राय भाजपा विधायक अनंत ओझा भारतीय श्रमजीवी पत्रकार संघ के अध्यक्ष संजय सिंह द्वारा सम्मानित किया गया साहू को सामाजिक क्षेत्र में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेने एवं आंचलिक पत्रकारों को सहयोग करने के लिए प्रशंसा पत्र मोमेंटो व शॉल देकर सम्मानित किया गया इस मौके पर दिल्ली, झारखंड, छत्तीसगढ़, बिहार, झारखंड, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना समेत कई राज्यो के पत्रकार शामिल थे वही राजेंद्र प्रसाद साहू ने कहा कि इस कार्यक्रम में सम्मानित होकर मैं काफी गौरवान्वित महसूस कर रहा हूं भविष्य में समाज सेवा के साथ-साथ जब भी पत्रकारों को मेरी सहयोग की जरूरत पड़ेगा मैं पूरे मन के साथ पत्रकारों के साथ खड़ा रहूंगा। मौके पर भारतीय श्रमजीवी संघ के राष्ट्रीय सचिव शहनाज हसन, सुषमा सिन्हा (दिल्ली) संजय पांडे, संजीव गिरी, प्रकाश गुप्ता समेत सैकड़ों लोग शामिल रहे।

# सरकारी विद्यालयों में शिक्षकों की है भारी कमीः बीस सूत्री अध्यक्ष रामभरोस यादव



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मयूरहंड :** 20 सूत्री अध्यक्ष रामभरोस यादव और 20 सूत्री कमेटी के सदस्य जमील अख्तर मंगलवार को प्रखंड के दर्जनभर स्कूलों का दौरा कर विद्यालयों में चल रहे पठन-पाठन कार्य को देखा। रामभरोस यादव प्रखंड के टॉप 10 में शुमार राजकीय मध्य विद्यालय मधनिया पहुंचे और शिक्षा से संबंधित शिक्षकों के बीच परिचर्चा किए। हालांकि इस दौरान 20 सूत्री अध्यक्ष ने कहा झारखंड में सरकारी विद्यालयों की स्थिति इन दिनों काफी लचर है। राज्य के सभी सरकारी विद्यालयों में शिक्षकों की भारी कमी है जिसके कारण स्कूली बच्चों को जितना पढ़ना चाहिए उतना नहीं पढ पा रहे हैं। एक सवाल के जवाब में 20 सूत्री अध्यक्ष ने कहा शिक्षकों से सरकार कई अन्य काम भी लेती है जिसके कारण बच्चों को शिक्षकों के द्वारा कई तरह की दिक्कतों का भी सामना करना पड़ता है। आगे भी सूत्री अध्यक्ष ने कहा इतनी विषम परिस्थितियों के बाद में शिक्षक अपना कार्य पूरी नैतिक जिम्मेवारी के साथ करते हैं और बच्चों को पढ़ाते भी हैं लेकिन कहीं-कहीं शिक्षक थोड़ी बहुत लापरवाही भी करते हैं जो शिक्षा के लिहाज से अच्छा नहीं है।

# बरवाडीह में दर्जनो नए जलमीनार खराब परेशानी



**बरवाडीह (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बरवाडीह प्रखंड में 15 वें वित्त योजना से लगाए गए नए जलमीनार निर्माण में भारी अनियमितता का आरोप सांसद प्रतिनिधि कन्हाई प्रसाद ने लगाते हुए उपायुक्त से जांच की मांग की है। उन्होंने ने कहा कि क्षेत्र भ्रमण के दौरान पाया कि बेतला पंचायत के तुरी टोला, मोरवाई पंचायत में राजकीय उच्च विद्यालय, इसके अलावा सैदुप, छिपादोहर, केचकी, लात, बरवाडीह बाजार में मुरारी लाल जनवितरण प्रणाली के डीलर के घर के पास जलमीनार खराब पड़ा है इसके अलावा प्रखंड दर्जनो जलमीनार कई महीनों से खराब पड़ा है। लेकिन खराब जलमीनार को कोई देखने वाला नही। वैसे भी गर्मी के शुरुआती दौर में पानी का किल्लत शुरू हो गया।

# एसवीएम विधालय में मनाया गया मातृभाषा दिवस




**संजय प्रजापति@प्रभात मंत्र**

**लातेहार :** सदर थाना अन्तर्गत सरस्वती विद्या मंदिर, धर्मपुर पथ लातेहार के वंदना सभागार में विश्व मातृभाषा दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ विद्यालय के प्रधानाचार्य अरुण कुमार चौधरी ने मां सरस्वती के चित्र के समिप दीप प्रज्वलित एवं पुष्पार्चन कर किया। विद्यालय के आचार्य फूलचंद सिंह ने अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस को महत्व बताते हुए कहा कि अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा हर साल दुनिया भर में 21 फरवरी को अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस मनाया जाता है। इस दिन का उद्देश्य भाषाई और सांस्कृतिक विविधता के लिए जागरूकता पैदा करना है। बता दें कि अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस यह स्वीकार करता है कि भाषाएं और बहुभाषावाद समावेश को आगे बढ़ा सकते हैं, और सतत लक्ष्य विकास लक्ष्य किसी को भी पीछे नहीं छोड़ने पर ध्यान केंद्रित करते हैं। बता दें कि एक व्यक्ति की मातृभाषा एक व्यक्ति की पहचान को परिभाषित करने में मदद करती है। कुछ लोग अपनी मातृभाषा को महान सौंदर्य की वस्तु भी समझते हैं। दुर्भाग्य से, हर दो सप्ताह में एक मातृभाषा गायब हो जाती है। जब ऐसा होता है तो एक पूरी सांस्कृतिक विरासत अपने साथ लुप्त हो जाती है। दरअसल, मातृभाषा पर आधारित बहुभाषिक शिक्षा गैर-प्रमुख भाषाओं, अल्पसंख्यक समूहों की भाषाओं और स्वदेशी भाषाओं को बोलने वाले जनसंख्या समूहों के लिए सीखने की पहुंच और समावेश की सुविधा प्रदान करती है। हमारी मातृभाषा हिंदी को बढ़ावा दिए जाने के लिए हर स्तर पर प्रचार होना चाहिए। अपनी मातृभाषा पर गर्व होना चाहिए। विद्यालय के प्रधानाचार्य अरुण कुमार चौधरी ने मातृभाषा के बारे में बताते हुए कहा कि आज जब विदेशी भाषाओं को ज्यादा महत्व दिया जा रहा है तो इस स्थान पर अपनी सभ्यता - संस्कृति को सुरक्षित और संरक्षित करने के लिए मातृभाषा को ज्यादा से ज्यादा व्यवहार में लाना बहुत जरूरी हो गया है। मातृभाषा हिंदी भारत की समृद्ध भाषा है। यह हमारी भारत की पहचान है। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के निम्नांकित आचार्य और दीदी की गरिमामई उपस्थिति रही लालबहादुर राम, शशिकांत पांडे, विजय पाठक, ओंकार नाथ सहाय, राधे श्याम मिश्र, विजेंद्र शर्मा, ममता देवी, सुरेश ठाकुर, नीलम, अभिनय कुंभकार, रेणु गुप्ता, गीता कुमारी, गोपाल प्रसाद, रितेश रंजन गुप्ता, धर्मप्रकाश प्रसाद, पूनम गुप्ता, आलोक कुमार पांडेय, फूलचंद सिंह, कपिल देव प्रमाणिक, रविकांत पाठक, राकेश कुमार सिन्हा, रविन्द्र कुमार पांडेय, दीपक कुमार शर्मा, विकास कुमार गुप्ता, रजनी नाग, श्वेता श्रीवास्तव, प्रवीण प्रसाद यादव, रूपेश सिंह, अनुजा कुमारी, उपासना कुमारी, शिल्पा पाठक आदि उपस्थित थे।

# ग्रीष्म ऋतु में फुलता है सिमर का पेड, फल फूल जड़ सबका होता है उपयोग, जाने औषधिय गुण




**भुपेन्द्र पान्डेय@प्रभात मंत्र**

**गिद्धौर :** प्रखंड के अंतर्गत हजारों सिमर का पेड़ है।जो ग्रीष्म ऋतु में फुलता है और फलता है इसके फल में रुई भरी रहती है। जो तेज धूप होने के वजह से इसके फल फटने लगते हैं एवं इसके फल से रूई उड़ती है जिसके आसपास जलाशय जैसा माहौल दिखने लगता है। सिमर का पेड़ सिमल के नाम से भी जाना जाता है। सिमर का पेड़ खस्ता एवं सॉलिड होता है। इसके लकड़ी का पटरा निकालकर लोग अपने व्यवसाय करते हैं।जो कुछ फर्नीचर का उपयोग किया जाता है। विशेष तौर पर इस लकड़ी का उपयोग घर की छत ढलाई करने में राजमिस्त्री लोग ज्यादा उपयोग करते हैं। एवं अपनी आजीविका भी बढ़ाते हैं सेटिंग के काम में सिमर का अधिक उपयोग किया जाता है।जिससे ढलाई करने वाले सेट्रिंग करने वाले चाह करके सिमर पेड़ की खरीद बिक्री करते हैं। जिसके चलते बाजार में इसका मांग भी अधिक है और धीरे-धीरे इलाका में सिमर का पेड़ कम पड़ता जा रहा है ।यदि सभी मानव एक एक पेड़ लगाए इलाके में तो पेड़ की कमी नहीं होगी। हालांकि सिमर पेड़ के आसपास के दिशाओं में रुई के धवल यस का प्रचार प्रसार दिखता है। सिमल वृक्ष की अनेकों औषधि उत्पाददेयता के अतिरिक्त अन्य महत्व को भी प्रदर्शित करता है। इसके पेड़ में कांटे भी होते हैं। जो ज्योतिष आचार्य को मानो तो इसका पेड़ घर के सामने शुभ फल कारक नहीं होता है।घर से दूरी में हो तो पेड़ लाभदायक एवं फलकारक होता है। इस पेड़ में कांटे होने के बाद भी मानव का कल्याण करता है। *अगर समझ पाए इनको पर कांटे सारे फूल हुए हैं* *इस सेमर के फूलों से ही रोग बहुत निर्मल हुए हैं* सिमर का पेड़ की उंचाई लगभग 100 से 125 फिट की होता है। इसका फूल लाल होता है फल हरा होता है और फल से निकली हुई रुई सफेद होता है। सिमर के पेड़ से गोंद भी बनाए जाते हैं।जो उपयोगी होता है निर्यास भूरे रंग का होता है। *सिमर जड़ की औषधि गुण* सिमर पेड़ के जड़ को निकालकर औषधि बनाई जाती है जो सेमल कंद के नाम से जाना जाता है। यदि पेड ज्यादा पुराना है तो औषधि बनाने लायक नहीं होती 1 से 2 वर्ष के पेड़ से ही औषधि बनाई जाती है। सिमर पेड़ की छाल हटाकर इसके तरल भाग को पानी में भिंगोने से काफी मात्रा में स्वच्छ ललब निकाला जाता है। सिमर के लकड़ी बिल्कुल तख्ता नरम होता है। इसलिए इसकी लकड़ी को स्वस्थ विस्तरा वन रक्त का बहना संस्कार के लिए इसका प्रयोग किया जाता है। इस पेड़ को लगभग सभी भाषा में अलग-अलग नाम से जाने जाते हैं। बिहार झारखंड में हिंदी भाषा में सेमल सिमर कहते हैं बांग्ला भाषा में सिमलुगाद गुजरात भाषा में शेमलो सिमल मराठी में सांवर इंग्लिश भाषा में रेड सिल्क कॉटन ट्री एवं संस्कृत भाषा में शाल्मली, कटंकाढ़वा, मोचा, तल्लीन, रक्तपुष्प इत्यादि नाम से जाना जाता है। इसकी रासायनिक विश्लेषण भी है सिमर का जड़ स्ट्रर्च सर्करा प्रोटीन वसा और सेल्यूलोज जैसे उपयोगी है। इसके गोंद में खनिज पदार्थ तथा कैटेकाल टैनिन होता है। सिमर पेड़ का मूल्य पुष्प फल निर्मास गोंद जैसे अनेकों उपयोगी पेड़ है। औषधि गुण में रस विपाक दोष्कर्म मोचरस में इस्तेमाल किया जाता है। इसका उपयोग जब मल आमलक्षण युक्तयाता हो तब शोठ, जीरा ,सौंफ, आदिउष्ण संग्राहक दिव्यों का प्रयोग करना चाहिए। कथा जब माल पक्वलक्षण युक्त आता है तब मोचरस धातकी पुष्प लोध्र यादी सीत संग्राहक हितावह है।अथवा इन द्रवचों का उपयोग मीक्षण तौयार का रोगी को सेवन करना चाहिए। ध्यान रहे कि बिना आयुर्वेद उपचार एवं बिना डॉक्टर की सलाह का कोई भी औपचारिक इस्तेमाल करने की इजाजत लेखनी नहीं देती है। और इससे जुड़ी सारी जानकारी इंटरनेट पर अपलोड किया हुआ है।

## मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने को लेकर कार्यक्रम का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** आगामी रामगढ़ विधानसभा उपचुनाव 2023 के मद्देनजर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रामगढ़ माधवी मिश्रा के निर्देश पर मतदाता जागरूकता कोषांग द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन कर मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने का कार्य किया जा रहा है। इसी क्रम में मतदाता जागरूकता कोषांग द्वारा आयोजित अभियान के दौरान मंगलवार को आंगनबाड़ी सेविकाओं एवं सहायिकाओं द्वारा उनके उनके क्षेत्रों में मतदाताओं को आगामी रामगढ़ विधानसभा उपचुनाव 2023 के दौरान अपने मताधिकार का प्रयोग करने के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस दौरान 23 रामगढ़ विधानसभा अंतर्गत विभिन्न क्षेत्रों में मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई वही मतदाता जागरूकता शपथ सहित अन्य कार्यक्रमों के माध्यम से लोगों को मतदान के महत्व के बारे में जागरूक किया गया साथ ही सभी से आगामी रामगढ़ विधानसभा उप निर्वाचन 2023 के दौरान अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की गई।

## कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व से मिला व्यवसायियों का प्रतिनिधिमंडल

# कृषि कर राज्य में लागू नहीं होगा : बन्ना गुप्ता



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** रामगढ़ के जिमखाना क्लब में कृषि कर के विरोध में खाद्यान्न व्यवसायियों का एक प्रतिनिधिमंडल फेडरेशन ऑफ झारखंड चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष अमित साहू के नेतृत्व में कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व से मुलाकात कर राज्य में लगने वाले कृषि कर का पुरजोर विरोध किया। प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्वकर्ता अमित साहू ने बताया कि आज विभिन्न समाचार पत्रों के माध्यम से कृषि कर का गजट जो 10 फरवरी को लागू हुआ था। कुछ अधिकारियों की गलत मंशा के कारण आज विभिन्न समाचार पत्रों में उसका उल्लेख किया गया। इससे पूरे राज्य के खाद्यान्न व्यवसायी आक्रोशित हो गए। इसके बाद फेडरेशन ऑफ झारखंड चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष अमित साहू के नेतृत्व में कांग्रेस के शीर्ष एवं आला नेताओं से मिलकर पुरजोर विरोध जताया। एवं कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडे जी के नाम से ज्ञापन भी सौंपा। मौके पर कृषि मंत्री से वार्ता करते हुए श्री साहू ने राज्य की वर्तमान स्थिति से मंत्री बादल पत्रलेख को अवगत कराया। कृषि मंत्री ने व्यवसायियों को

## सांसद ने यूपीए प्रत्याशी के समर्थन में वार्ता किया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** रामगढ़ एक होटल के सभागार में मंगलवार को प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया जिसमें जदयू के प्रदेश अध्यक्ष और राज्यसभा के सांसद खिरु महतो पूर्व सांसद शैलेंद्र महतो पूर्व मंत्री लालचंद महतो झारखंड प्रदेश कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष जलेश्वर महतो उपस्थित हुए प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कि रामगढ़ विधानसभा में पूर्व विधायक ममता देवी के द्वारा रावण राज को खत्म करने का काम किया गया एवं पूर्व विधायक ममता देवी का विधायकी सदस्यता को षड्यंत्र के तहत खत्म करने का काम आजसू पार्टी के नेताओं के द्वारा किया गया और उन्हें जेल भेजने का काम किया गया। आज फिर रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र में रावण राज लाने का प्रयास किया जा रहा है परंतु रामगढ़ की जनता यह जानती है रामगढ़ के विकास एवं समाज के हर वर्ग का महागठबंधन के प्रत्याशी ही कर सकते है और अगर हम रावण राज की बात करें तो उस लंका के दहन में बजरंगबली थे तो आज बजरंग महतो है इसलिए इस रावण राज को खत्म करने के लिए जनता से अपील करते हुए कहा कि रामगढ़ की जनता महागठबंधन के प्रत्याशी बजरंग महतो को अपना मतदान कर रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र को बचाने का काम किया जाए।

# मातृभाषा पढ़ने में देशवासी गर्व महसूस करें : डॉ. संज्ञा

## मातृभाषा में शिक्षा की आवश्यकता एवं महत्व पर संगोष्ठी का आयोजन




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रजरप्पा :** मातृभाषा दिवस के अवसर पर उर्दू विभाग द्वारा चितरपुर महाविद्यालय चितरपुर में ÷मातृभाषा में शिक्षा की आवश्यकता एवं महत्व÷ शीर्षक से एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया. मुख्य अतिथि प्राचार्या डॉ. संज्ञा ने कहा कि हमारी नई पीढ़ी को अपनी मातृभाषा उर्दू, हिन्दी खोरठा में ज्ञान प्राप्त करने के लिए आकर्षित करना आवश्यक है। हमारी मातृभाषाएँ भी समय के साथ कदम से कदम मिलाकर चलने में सक्षम हैं। उर्दू विभागाध्यक्ष प्रो शाहनवाज खान ने कहा कि छात्रों को अपने आप को तवहीन महसूस नहीं करना चाहिए और अपनी मातृभाषा उर्दू को शिक्षा का माध्यम बनाना चाहिए और यह नहीं सोचना चाहिए कि मेरा भविष्य अंधकारमय होगा इसलिए इसे सुरक्षित और संरक्षित करने की आवश्यकता है बल्कि यह सोचना चाहिए कि मेरा भविष्य उज्ज्वल होगा। उर्दू मातृभाषा वाले अनगिनत छात्रों ने आईएएस,आईपीएस, एमबीबीएस, सीए और इंजीनियरिंग में उच्च शिक्षा का उपलब्धियां हासिल की हैं और कर रहे हैं। एक बेहतरीन उदाहरण 2010 के आईएएस टॉपर शाह फैसल का उदाहरण भी हमारे सामने है। हिंदी विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो उत्तम कुमार ने कहा कि 21वीं सदी में सभी की प्राथमिकता अपने बच्चों को अंग्रेजी पढ़ाना है, लेकिन हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि अंग्रेज भी अपने बच्चों को अपनी मातृभाषा अर्थात अंग्रेजी में शिक्षा देते हैं।

## युवा शतरंज प्लेयर आभाष को उपायुक्त ने किया सम्मानित

**हजारीबाग :** ओपन नेशनल चेस चैंपियनशिप टूर्नामेंट के लिए झारखंड राज्य का प्रतिनिधित्व करने वाले संत जेवियर के छात्र को उपायुक्त नैंसी सहाय ने मेडल देकर सम्मानित किया। ज़िला शतरंज एसोसिएशन के पहल पर 24 से 27 फ़रवरी तक जम्मू में आयोजित नेशनल ओपन चेस चैंपियनशिप के लिए राज्य का प्रतिनिधित्व करने के लिए प्रतिभावान खिलाड़ी को मेडल देते हुए उपायुक्त ने आभाष को उज्जवल भविष्य की कामना की एवं राज्य व ज़िला के लिए बेहतर परिणाम के साथ मेडल उम्मीद जताई। इस अवसर पर ज़िला चेस संघ के अध्यक्ष- विजय सिंह, कोषाध्यक्ष राजन कुमार साहा, पिता- सुमंत् जायसवाल, वीरेश अग्रवाल मौजूद थे। अध्यक्ष विजय सिंह ने बताया राज्य से दो बच्चे ओपन चेस चैंपियनशिप में भाग ले रहे हैं जिसमें से आभास एक है। आभाष के पिता सुमंत ने बताया आभाष की उम्र 13 वर्ष है, संत जेवियर स्कूल, हजारीबाग में रह कर पढ़ाई कर रहा है। इसके पूर्व जनवरी 2023 में आभास अंडर 15 आयु वर्ग में स्टेट चैम्पियन रह चुका है।

## सुदेश ने भरी हुंकार, अबकी बार डेढ़ लाख से भी पार

# केला छाप को ऐतिहासिक जीत दिलाने का काम करें : सुदेश महतो



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रजरप्पा :** रामगढ़ विधानसभा उपचुनाव को लेकर दुलमी प्रखंड आजसू प्रधान कार्यालय सिरु बुध बाजार में आजसू पार्टी के चूल्हा प्रमुखों के साथ एक बड़ी बैठक की गई जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में आजसू पार्टी के सुप्रीमो सुदेश कुमार महतो एवं गिरिडीह सांसद संत प्रकाश चौधरी मुख्य रूप से शामिल हुए उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं को आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए सुदेश महतो ने बताया कि आगामी होने वाले रामगढ़ विधानसभा उपचुनाव 27 फरवरी को होगा जिसमें एनडीए के उम्मीदवार सुनीता चौधरी को केला छाप पर वोट देकर रिकॉर्ड मतों से जीत हासिल दिलाने का काम करें। सुदेश ने कार्यकर्ताओं के बीच भरी हुंकार, और कहा अबकी बार डेढ़ लाख से पार अपने प्रत्याशी को रिकॉर्ड मत से वोट देकर विजय बनाने का काम करें।

उन्होंने कहा कि 24 फरवरी को पंचायत स्तर पर कार्यकर्ता विजय संकल्प यात्रा निकाले एवं 25 फरवरी को डोर टू डोर अपने-अपने पंचायतों में पदयात्रा निकालने का दिशा निर्देश दिया उन्होंने कहा कि इस बार हमारा उम्मीदवार के पक्ष में यहां के मतदाता अपना मन बना चुकी है और रामगढ़ विधानसभा के प्रत्याशी सुनीता चौधरी को भारी मतों से वोट देकर विजय बनाने का काम करेगी सभी कार्यकर्ताओं को बताया कि चूल्हा प्रमुख अपने अपने गांव टोला में घूम घूम कर जनसंपर्क अभियान तेज करें अपने अपने बूथ संख्या पर समय से कार्यकर्ता पहुंचे और शत प्रतिशत मतदान कराने की अपील की वही गिरिडीह सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी ने कहा उपस्थित कार्यकर्ताओं की भीड़ को कहां की एक भी बहुत छूट न पाए और शत-प्रतिशत अपने-अपने बूथों में जाकर मतदान करें और अपने प्रत्याशी के पक्ष में वोट दिलाने का काम करें तथा सुनीता चौधरी को विजय का ताज पहनाने का काम करें।

यहां की जनता को पिछले 3 वर्षों में प्रतिनिधियों ने ठगने का काम किया है रामगढ़ विधानसभा का विकास के नाम पर हेमंत सरकार ने लूट मचा रखी है इसे हमें अब बचाने की आवश्यकता है तथा विकास से कोसों दूर रखा है अब जनता आजसू के पक्ष में परिवर्तन का मूड बना चुकी है और उपचुनाव में मतदाताओं द्वारा परिवर्तन की लहर बन गई है उन्होंने कहां की रामगढ़ की जनता को विकास चाहिए और विकास के लिए हमारे प्रत्याशी की जीत सुनिश्चित होगी।

# सेविका सहायिका संघ की बैठक संपन्न



**रामगढ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सेविका सहायिका संघ ने मंगलवार को लॉ मैरिटल हॉल के सभागार में बैठक किया।बैठक में प्रमुख अतिथि पूर्व सांसद सह केंदीय मंत्री सुबोध कांत सहाय उपस्थित थे। बैठक की अध्यक्षता सेविका सहायिका संघ के प्रदेश महामंत्री सुंदरी तिर्की एवं संचालन राजद के रामगढ़ जिलाध्यक्ष सह आंगनबाड़ी कर्मचारी सभा संयोजक गुलजार अहमद ने किया। बैठक में आगामी 27 फरवरी को होने वाले उपचुनाव को लेकर विचार विमर्श किया गया। मौके पर पूर्व सांसद सह केंदीय मंत्री सुबोध कांत सहाय ने कहा कि रामगढ़ विधानसभा के पूर्व विधायक को एक षड्यंत्र के तहत जेल भेजा गया है। वोह भी आप के तरह ही एक मां है। आज ममता देवी जेल में है और उनके दूध मुहा बच्चा मां के गोद के लिए तरस रहा है। एक मां को जिसने बच्चे को अलग किया इसका जवाब आप और रामगढ़ की जनता 27 फरवरी को देगी। वही सेविका सहायिका संघ के प्रदेश महामंत्री सुंदरी तिर्की ने कहा कि हम सभी सेविका सहायिका संघ के दीदी लोग हर हाल में ममता देवी के पति बजरंग महतो को जिताने का काम करेंगे। घर घर जाकर लोगो से मिलकर बजरंग महतो के लिए वोट मागूंगी।

# मुखिया ने किया शैक्षणिक किट का वितरण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ़ :** सारूकुदर +2उच्च विधालय में शैक्षणिक किट के तहत चौदह हजार कॉपीयों का वितरण किया गया । शैक्षणिक किट वितरण कार्यक्रम की अध्यक्षता मुखिया उत्तम महतो ने की । शैक्षणिक किट का वितरण मुखिया संघ के अध्यक्ष सह सारूकुदर मुखिया उत्तम महतो ने अपने हाथों से किट का वितरण किया ।साथ ही उत्तम महतो ने छात्र-छात्राओं से कहा कि सरकार आपलोगो को निशुल्क शिक्षा सामग्री उपलब्ध कराती है ,ताकि आप सब पढ़-लिखकर समाज मे अपना अमूल्य योगदान दें और देश की तरक्क़ी में अपनी अहम भूमिका अदा करें ।

शैक्षणिक किट वितरण कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रधानाध्यापक भोला महतो,शिक्षा समिति सदस्य अब्दूल सफाज,सभी सहायक शिक्षकगण और ग्राम शिक्षा समिति के सदस्य टेकलाल महतो कनिजा खातून पुष्पादेवी समेत काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

# चन्द्रगुप्त ओसीपी कोयला खनन परियोजना के पर्यावरणीय लोक सुनवाई सम्पन्न




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**केरेडारी :** केरेडारी प्रखंड के चट्टीबारियातु बाजार टाँड़ मैदान में मंगलवार 21 फरवरी को सीसीएल के प्रस्तावित चन्द्रगुप्त ओसीपी कोयला खनन परियोजना के पर्यावरणीय स्वीकृति हेतु झारखंड राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद रांची द्वारा आयोजित पर्यावरणीय लोक सुनवाई शांति पूर्वक सम्पन्न हुआ।इस लोक सुनवाई की अध्यक्षता हजारीबाग डीएलओ विनोद कुमार ने किया।जबकि मंच पर जे एस पी सी बी के राज्य अधिकारी आशुतोष कुमार, रीजनल ऑफिसर जे एस पी सी बी अशोक कुमार यादव,जिला उद्योग केंद्र हजारीबाग से श्याम गुप्ता,एच् ओ ड़ी सीसीएल रांची राज कुमार बंसल,सीएमपीडीआईएल रांची से लक्ष्मीदीप मुख्य रूप से मौजूद थे।इस मौके पर लोक सुनवाई में उपस्थित बड़कागांव विधायक अम्बा प्रसाद ने कहा जमीन का मालिक कोई जनप्रतिनिधि नही हो सकता उसका मालिक आप खुद हैं इसलिये सोंच विचार कर आप अपना कदम रखेंगे।पचड़ा पंचायत के मुखिया महेश प्रसाद साव ने कहा हम माइंस खुलने का विरोध नही कर रहे पर रैयतों की सुविधा व मांगों पर अवश्य ख्याल रखनी चाहिये।लोक सुनवाई में आम्रपाली/चन्द्रगुप्त कोल परियोजना के जीएम अमरेश कुमार सिंह ने कहा इस माइंस संचालन के लिये एस सी सी एम पी एल को एम डी ओ के रूप में दिया गया है।सीसीएल हमेशा रैयतों का ख्याल रखती है यहां भी नियम संगत व्यवस्था दी जायेगी।उन्होंने कहा सीसीएल पुनर्वास के लिये टंडवा के सेरंगदाग में जमीन ले रखी है जो लोग इसका लाभ नही लेना चाहते उनके लिये एक मुश्त राशि की व्यवस्था की गई है।कार्यक्रम को जिला परिषद सदस्या केरेडारी उतरी गीता देवी,केरेडारी दक्षणी अनिता सिंह,चट्टीबारियातु मुखिया झरीलाल महतो,पैक्स अध्यक्ष सुंदर प्रसाद गुप्ता,पंसस प्रतिनिधि महेंद्र रजक,निरंजन साव,अभिमन्यु गुप्ता ,गुरुदयाल साव,गोविंद माली,सोनू इराकी ने भी सम्बोधित कर माइंस खोलने का स्वागत किया पर रोजगार व मूलभूत सुविधा का ख्याल रखने का आग्रह भी किया।

## हवा ने सारेगामा लिटिल चैंप अथर्व को किया सम्मानित

**हजारीबाग :** सोमवार देर शाम हजारीबाग के लाल सह सारेगामा लिटिल चैंप्स के फाइनल में पहुंचकर हजारीबाग और झारखंड को पूरे देश में गौरवान्वित करने वाले बाल गायक अथर्व बक्शी को लक्ष्मी सिनेप्लेक्स सभागर में हजारीबाग आर्टिस्ट वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा स्वागत किया गया।

स्वागत- सह-सम्मान समारोह की शुरूआत बतौर मुख्य अतिथि हजारीबाग सदर विधायक मनीष जायसवाल ने अन्य अतिथियों के साथ दीप प्रज्वलित कर किया। जिसके बाद हजारीबाग आर्टिस्ट वेलफेयर एसोसिएशन की ओर से विधायक मनीष जायसवाल के हाथों हजारीबाग के होनहार बाल कलाकार अथर्व बक्शी और उनकी मां पूर्वा बक्शी, चाचा संजय बक्शी एवं मामा शिवम को पुष्पगुच्छ भेंट कर और शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। हवा के अधिकारियों और सदस्यों ने अथर्व को स्मृति चिन्ह भेंट किया।

## जिला कांग्रेस कार्यालय में होली मिलन समारोह चार मार्च को

**हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिला कांग्रेस कार्यालय कृष्ण बल्लभ आश्रम में होली के मद्देनजर एक अहम बैठक का आयोजन किया गया । बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार यादव ने किया । बैठक में सर्वसम्मति से चार मार्च को दोपहर के 12 बजे सादगीपूर्ण, साम्प्रदायिक सौहार्द तथा हर्षोल्लास से मनाने का निर्णय लिया गया । बैठक में प्रदेश महासचिव बिनोद कुशवाहा, अशोक देव, महानगर अध्यक्ष मनोज नारायण भगत, साजिद हुसैन, मीडिया प्रभारी निसार खान, बिनोद सिंह, राजू चौरसिया, कृष्णदेव प्रसाद सिंह, ललितेश्वर प्रसाद चौधरी, अर्जुन सिंह, कृष्णा किशोर प्रसाद, गुड्डू सिंह, रोहन ठाकुर, मो. वारिस के समेत कई कांग्रेसी उपस्थित थें ।

## यूजीसी के आदेश के अनुपालन के निमित्त कुलपति को लिखा पत्र

**हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता):** अवकाश प्राप्त शिक्षक डॉ.पवन सिंह ने विभावी कुलपति को एक पत्र लिखा है जिसमे विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा प्रो.चन्द्र शेखर सिंह इतिहास विभाग, समन्वयक रूसा के संदर्भ में संज्ञान लेने को निर्देशित किया था, साथ साथ की गयी कारवाई की सूचना उन्हें उपलब्ध कराने को भी निर्देशित किया. जिसका अनुपालन करना विश्वविद्यालय ने उचित नहीं समझा जो इस सम्बंध में विश्वविद्यालय की नियत को दर्शाता है। पत्र के माध्यम से सेवा निवृत शिक्षक डॉ. पवन सिंह ने आग्रह किया है कि एक हप्ते के अंदर कारवाई सुनिश्चित नहीं हुई तो वो माननीय न्यायालय जाने को बाध्य होगें. न्याय की दृष्टि में अपराधी को बचाने वाला अपराधी से ज्यादा दोषी माना जाता है। आवेदन में उन्होंने पूर्व में दिए गये आवेदनों के प्रतियों की छाया प्रति भी संलग्न की है और आवेदन की प्रति कुलाधिपति, झारखंड को भी दी है।

## नौ दिवसीय रुद्र महायज्ञ संपन्न, भोजपुरी गायिका देवी के गीतों पर झूमे लोग

**बड़कागांव(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के ग्राम जुगरा में 9 दिवसीय रूद्र महायज्ञ व विश्वकर्मा प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। यज्ञ के नौवें दिन में प्रसिद्ध भोजपुरी गायिका देवी ने भक्ति, भोजपुरी, नागपुरी गीतों से लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। देवी के गीतों पर लोग रात भर झूमते रहे। देवी को देखने और सुनने के लिए बड़कागांव के अलावे केरेडारी, रामगढ़, हजारीबाग सहित अन्य स्थानों से हजारों की संख्या में लोग पहुंचे थे। कार्यक्रम का उद्घाटन संयुक्त रूप से फीता काटकर पूजा समिति अध्यक्ष कैलाश साव, सचिव राजेश रजक, कोषाध्यक्ष सुखदेव साव, मुखिया अनिकेत नायक, पंचायत समिति सदस्य कृष्णा राम, अनिल मिश्रा, जयनारायण प्रसाद, बालेश्वर साव, शंकर राम, प्रधानाध्यापक कृष्ण कन्हैया, केसीआर अजीत कुमार, कामेश्वर साव, जयनंदन साव के अलावा अन्य सदस्यों तथा प्रबुद्ध लोगों द्वारा किया गया।मंच पर देवी का पहुंचने के बाद पूर्व मुखिया साधना कुमारी, पूर्व पंचायत समिति सदस्य लता देवी, कौलेश्वरी देवी, आकांक्षा देवी के नेतृत्व में माला पहना कर स्वागत किया गया। कार्यक्रम को शांतिपूर्वक सफल बनाने में यज्ञ कमेटी के साथ ग्रामीणों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## एनटीपीसी ने आरोग्यम ब्लड सेंटर के सहयोग से लगाया गया ब्लड डोनेशन कैंप

**हजारीबाग(प्रभात मंत्र संवाददाता):** एनटीपीसी मेडिकल डिपार्टमेंट कोल माइनिंग प्रोजेक्ट हजारीबाग के तत्वाधान में एचजेडबी आरोग्यम सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल के ब्लड बैंक के सहयोग से मंगलवार को एनटीपीसी के बड़कागांव कार्यालय परिसर में वॉलंटरी ब्लड डोनेशन कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें एनटीपीसी के कुल 32 अधिकारियों और कर्मियों ने स्वैच्छिक रक्तदान किया।

## प्रगतिशील मगही समाज का एक दिवसीय धरना



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** प्रगतिशील मगही समाज को स्वतंत्र सामाजिक आर्थिक इकाई का वैधानिक दर्जा देने की मांग को लेकर मंगलवार को धरना दिया गया। तत्पश्चात जिला पदाधिकारी के माध्यम से गृह मंत्री, भारत सरकार एवं मुख्य मंत्री, झारखंड सरकार को मांग पत्र भेजा गया।धरना को संबोधित करते हुए केंद्रीय पंच शाखा सचिव देवकी प्रसाद ने कहा कि मगध अपने आप में पूर्ण आत्मनिर्भर सामाजिक आर्थिक इकाई है, जिसकी अपनी भाषा, अपनी संस्कृति,अपना इतिहास, नश्ल, भौगोलिक स्थिति, और भावनात्मक विरासत है।जिसे आज तीन राज्य यथा - बिहार, झारखंड और छत्तीसगढ़ राज्य का बलरामपुर जिला में विभक्त कर दिया गया है। यह कृत्य पूर्ण रूप से प्रकृति विरोधी है। क्योंकि जन गोष्ठी पूरी तरह से प्राकृतिक व्यवस्था और प्राकृतिक संरचना होता है। प्रकृति ने मगध को पूर्ण आत्मनिर्भरता के लिए अपार संसाधन उपलब्ध किया गया है। धरना को केंद्रीय युवा सचिव मनोज जिला सचिव धनंजय, संयुक्त सचिव कौलेश्वर यादव यादव, राजेंद्र राणा डॉ सुरेश,कालेश्वर, सुरेश प्रसाद मेहता, बजरंगी शर्मा ने भी संबोधित किया। धरना को सफल बनाने में प्रकाश मेहता, महेंद्र मेहता,कृष्णा मेहता, विक्की चंद्रवंशी, भोला मेहता,पद्मिनी पटेल,मंजू मेहता,परमेश्वर, सुरभि ने सहयोग किया।

# नौ दिवसीय नवाह्न परायण महायज्ञ का कलश यात्रा के साथ शुभारम्भ



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** प्रखंड अंतर्गत केवाल गांव में श्री श्री 1008 श्री सीताराम राम चरितमानस नौ दिवसीय नवाह्नपरायण महायज्ञ का कलश यात्रा के साथ मंगलवार को शुभारम्भ हुआ। कलश यात्रा में मुख्य अतिथि के रूप में संयुक्त बिहार के तत्कालीन मंत्री सह बरही के पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव ने नौ कन्या को कलश देकर कलश यात्रा का शुभारंभ किया। वही श्री यादव ने कहा कि महायज्ञ के आयोजन से मन पवित्र और सात्विक होता है। समाज में सुख, शांति और समृद्धि आती है, वातावरण के साथ तन-मन भी शुद्ध होता है। महायज्ञ के आयोजनों से क्षेत्र का वातावरण शुद्ध और सात्विक होता है एवं स्थानीय लोगों में मानवीय सद्गुणों का विकास होता है। समाज में सद्गुण का विकास हो तभी समाज और देश का सर्वांगीण विकास संभव है।

## बैंक ऑफ इंडिया ने विष्णुगढ में लगाई लोक अदालत शिविर

**विष्णुगढ (प्रभात मंत्र संवाददाता)।** विष्णुगढ प्रखण्ड की अग्रणी बैंक,बैंक ऑफ इंडिया के द्वारा विष्णुगढ प्रखण्ड कार्यालय सभागार भवन में ऋण माफी एवं भुगतान हेतु स्थाई लोक अदालत शिविर का आयोजन किया गया । जिसमे विष्णुगढ़ बैंक ऑफ इण्डिया शाखा,नवादा बैंक ऑफ इंडिया शाखा ,एवं अचलजामु बैंक ऑफ इंडिया शाखा के द्वारा जिनका खाता एनपीए हो गया था,उन ग्राहकों की ऋण माफी और भुगतान लिया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार बैंक ऑफ इंडिया ने तीनों शाखा को मिलाकर एनपीए खाताधारकों को नोटिस दिया गया। जिसमें,नवादा शाखा से 295,विष्णुगढ़ शाखा से 110,अचलजामु शाखा से 16 लोगो को नोटिस के माध्यम से सूचित किया गया । उपरोक्त एनपीए खाते की कुल बकाया राशि 33.68 लाख की थी,जिसमें समझौता करके 17.71 लाख आया। 17.71 लाख की राशि मे ग्राहकों के द्वारा तीनो शाखा मिलाकर 7.24 लाख जमा किये गए । इस लोक अदालत शिविर में मुख्य रूप से एलडीएम सुधाकर पांडेय, हर्ष कुमार (वसूली विभाग),अमर कुमार (शाखा प्रबंधक नवादा), राकेश रंजन,अजय कुमार (विष्णुगढ़) सुनील कुमार( अचलजामु शाखा) एवं सारे बी.सी उपस्थित थे।

प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4, ओपोजिट मॉरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

# अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस समारोह हुआ संपन्न




प्रभात मंत्र संवाददाता

**रजरप्पा :** अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस समारोह आयोजित राधा गोविंद विश्वविद्यालय रामगढ़ के सभागार में खोरठा भाषा विभाग के द्वारा अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस समारोह सह खोरठा कवि 1 सम्मेलन आयोजित किया गया। इस आयोजन की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ निर्मल कुमार मंडल ने की, इस अवसर पर बतौर मुख्य वक्ता डॉ बीएन ओहदार, रांची विश्वविद्यालय के पूर्व प्राध्यापक ने अपने उद्गार में कहा कि मातृभाषा हमें अपनी जड़ों से जोड़ती है अपने सांस्कृतिक मूल्यों का बोध कराती है। वर्तमान समय में कोई आदमी तीन तरह के परिवेश में जीता है क्षेत्रीय परिवेश दूसरा राष्ट्रीय परिवेश और तीसरा अंतरराष्ट्रीय परिवेश किसी व्यक्ति को अपने क्षेत्रीय परिवेश को समझने के लिए मातृभाषा का ज्ञान जरूरी है।इस आयोजन में खोरठा के प्रख्यात कवि कलाकारों ने कार्यक्रम में अपने बेहतरीन प्रस्तुति से लोगों का मन मोहा। खोरठा के सुप्रसिद्ध गायक कवि सुकुमार जिसे कवि सम्मेलन की शुरुआत हुई उन्होंने मातृभाषा के महत्व को रेखांकित करते हुए अपनी सुप्रसिद्ध कविता की दुखे तोर आंखी लोर, का पाठ कर लोगों को भाव विभोर कर दिया। इसके बाद बोकारो से आए कवि प्रदीप कुमार दीपक ने अपने कविताओं से अपनी मातृभाषा के प्रति प्रेम और संस्कृति से हमें जुड़ने की प्रेरणा दी।इस मौके पर प्रसिद्ध खोरठा व्यंग्य कवि ने शांति भारत शादी ब्याह में बुफे सिस्टम भोज पर जबरदस्त कटाक्ष किया और लोगों को लोटपोट कर दिया। आयोजन में लोक गायक वासु बिहारी कवि परितोष कुमार प्रजापति कवि महेंद्र नाथ गोस्वामी कवि श्यामसुंदर केवट, डॉ डीसी राम और अशोक कुमार, मणिलाल, संदीप कुमार आदि ने अपने गीतों और कविताओं की प्रस्तुति से कार्यक्रम में समा बांधा। समारोह में प्रसिद्ध मांदर वादक प्रयाग महतो और खोरठा के प्रसिद्ध शहनाई वादक प्रेमचंद कालिंदी ने युगलबंदी के खोरठा की लोक धुनों पर बेहतरीन प्रस्तुति देकर लोगों को झूमने नाचने को मजबूर कर दिया।इस इस मौके पर खोरठा पत्रिका लोहाटी के संपादक आकाश खूंटी ने मातृभाषा दिवस की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि और वर्तमान में खोरठा भाषा की स्थिति पर अपने विचार रखे। इन्होंने कहां की मात्री भाषाओं का महत्व बढ़ रहा है आज हमारी खोरठा भाषा में आठवीं से लेकर एनएस तब तक की पढ़ाई और विभिन्न प्रतियोगिता परीक्षाओं में इसे शामिल किया जाना इसके विकास के संदर्भ में दिखा जाना चाहिए।

# रामगढ़ विस के सर्वांगीण विकास का विकल्प है सुनीता चौधरी : शशि भूषण

## एनडीए उम्मीदवार के पक्ष में भाजपा ने मतदाताओं से वोट देने की अपील की



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रजरप्पा :** रामगढ़ विधानसभा उपचुनाव को लेकर दुलमी प्रखंड में भाजपा कार्यकर्ताओं की एक बैठक हुई जिसमें एनडीए के उम्मीदवार सुनीता चौधरी के चुनाव वोट देकर भारी मतों से विजय बनाने की यहां की जनता परिवर्तन चाहती है तथा इस उपचुनाव में हमारे प्रत्याशी की जीत और पक्की है जनसंपर्क अभियान के दौरान प्रखंड भाजपा के चुनाव प्रभारी तोरपा विधायक कोचे मुंडा मुख्य रूप से उपस्थित थे चुनाव का प्रचार प्रसार अभियान के दौरान लोगों कहा कि झारखंड में एनडीए के शासनकाल में पूरे राज्य का बेहतरीन विकास हुआ है और रामगढ़ उपचुनाव में भी एनडीए प्रत्याशी सुनीता चौधरी की जीत निश्चित होगी तथा रामगढ़ का विकास प्रशस्त होगा। रामगढ़ जिला के प्रभारी शशि भूषण भगत ने कहा की रामगढ़ का सर्वांगीण विकास केवल प्रत्याशी सुनीता चौधरी ही कर सकती है आगामी होने वाले 27 फरवरी के उपचुनाव में सभी कार्यकर्ता जोर शोर से जुट जाए और कड़ी मेहनत कर मतदाताओं को अपील करें और प्रत्याशी के चुनाव चिन्ह केला छाप पर वोट देकर भारी मतों से विजय बनाने का काम करें इस मौके पर रांची भाजपा पार्षद अनिल टाइगर, सहित कई कार्यकर्ता लोग मौजूद थे।

# ससीसीएल सी के एस ने एनके महाप्रबंधक कार्यालय के समक्ष वेतन समझौते में विलंब को लेकर विरोध प्रदर्शन किया



प्रभात मंत्र संवाददाता

**खलारी :** जेबीसीसीआइ बैठक में प्रबंधन के उदासीन रवैये एम बैठक के आयोजन में आवश्यक विलंब करने के विरुद्ध में संघ के द्वारा गेट मीटिंग व धरना प्रदर्शन कोलफील्ड एरिया के जगह जगह किया गया. प्रबंधन के उदासीन रैवये के कारण सी.सी.एल,सी के एस के द्वारा एन के एरिया महाप्रबंधक कार्यालय के समक्ष आक्रोशित कार्यकर्ताओं ने भारी संख्या में प्रदर्शन कर विरोध प्रगट किया. इस दौरान सीसीएल सी के एस एनके एरिया कद कार्यकर्ताओं ने महाप्रबंधक के द्वारा कोयला सचिव को ज्ञापन सौपा गया. विरोध प्रदर्शन का अध्यक्षता क्षेत्रीय अध्यक्ष मनीष कुमार ने किया. वही प्रबंधन के लापरवाही को अपने उध्बोधन में कहा गया कि प्रबंधन के द्वारा जानबूझकर की जा रही देरी जा रही है. सभा को क्षेत्रीय कोषाध्यक्ष रामसेवक प्रसाद, पूर्णाडीह सचिव राम प्रवेश नायक, के डी एच सचिव मिथलेश सिंह,चूरी सचिवगोविंद चंद महतो ने भी संबोधित किया. विरोध सभा में मुख्य रूप से के डी एच अध्यक्ष प्रमोद कुमार पाठक पुरनाडीह अध्यक्ष हीरालाल, सहदेव महतो, हॉस्पिटल राम श्यामदेव लामा बीरबल गांझु बिगन गंझू,कामाख्या सिंह, सुधीर सिंह,अरुण जैन, एमडी शमीम,जितेंद्र नोनिया, गिरो दास, नवेन्द्र साहू,राम स्वरूप,सुखदेव गंझू, आजाद लोहरा सहित अन्य उपस्थित थे।

# खान सुरक्षा सप्ताह में एनके एरिया को मिले अनेकों पुरस्कार



प्रभात मंत्र संवाददाता

**खलारी :** एनटीपीसी के द्वारा हजारीबाग में आयोजित वार्षिक खान सुरक्षा सप्ताह 2022 के अंतिम खान सुरक्षा दिवस समारोह के अवसर पर एनके एरिया को अपने नाम कई पुरस्कार मिला. विशेष पुरस्कार माईन इल्युमिनेशन में दूसरा स्थान,रोशनी,सफेदी,पीने का पानी,पीएमई विटी में प्रथम स्थान ,समर्थन में प्रथम,विशेष पुरस्कार 12वे राष्ट्रीय सुरक्षा सम्मेलन का क्रियान्वयन में प्रथम,खान सवेक्षण और योजना में द्वितीय स्थान, स्वच्छता प्रचार एवं प्रचार में द्वितीय स्थान प्राप्त किया. वही इंजीनियरिंग इलेक्ट्रॉनिकल और मैकेनिकल में प्रथम और संग्रह प्रदर्शन भूमिगत खदान में दूसरा स्थान प्राप्त किया।

# प्रखंड की आत्मा है खलारी, आत्मा से खिलवाड़ न करें पदाधिकारी : प्रताप यादव

## लपरा व मायापुर पंचायत के भूदान व ज्वलंत समस्याओं को लेकर एकदिवसीय धरना दिया गया



प्रभात मंत्र संवाददाता

**खलारी :** खलारी प्रखंड कार्यालय में लपरा व मायापुर पंचायत के भूदान वाले ग्रामीणों तथा पूरे खलारी प्रखंड के सामाजिक सरोकार से जुड़े जन समस्या राशन कार्ड, विधवा पेंशन, वृद्धा पेंशन, सहित कई ज्वलंत मुद्दों के निदान हेतु एक दिवसीय धरना का अहिंसात्मक धरना दिया गया. एकदिवसीय धरना प्रदर्शन की अध्यक्षता युवा भाजपा व बजरंग दल नेता प्रताप यादव व मंच का संचालन मुकेश यादव ने किया. प्रखंड ज्वलंत मुद्दों व बिहार भूमिदान यज्ञ कमिटी के जमीन पर जमीन माफियाओं के द्वारा अवैध कब्जा कर हक जमाना को लेकर खलारी प्रसासन को चेताया. इस धरने प्रदर्शन में मुख्य रूप से जिला परिषद पश्चिमी सरस्वती देवी एवं भाजपा नेता रामसूरत यादव मुख्य रूप से उपस्थित थे. धरना को संबोधित करते जिला परिसद व यादव ने संयुक्त रूप से कहा कि खलारी की जन समस्याओं को यदि प्रखंड कार्यालय एवं अंचल कार्यालय समाधान करने में असमर्थ है तो 1 माह के बाद पूरे अंचल प्रखंड कार्यालय में ताला बंद कर दिया जाएगा. वही आंदोलन के अगुवाई करते हुए प्रताप यादव ने कहा कि प्रखंड के हर एक ग्रमीणों का आत्मा है खलारी,आत्मा को दुखाया जाएगा तो पुरा नौकरशाही व्यवस्था को ध्वस्त कर दिया जाएगा. जिन समस्याओं को लेकर धरना दिया गया है उन सभी विषयों पर प्रखंड के दलालों को चिन्हित कर कार्रवाई की जाए।

# झारखंड पब्लिक स्कूल में दशम वर्ग के विद्यार्थियों को समारोह का आयोजन कर आशीर्वाद दिया गया



प्रभात मंत्र संवाददाता

**खलारी :** झारखंड पब्लिक स्कूल में दशम वर्ग के विद्यार्थियों को आशीर्वाद समारोह का आयोजन किया गया. आशीर्वाद समारोह में विद्यालय के मुख्य ट्रस्टी जागीन चौहान ने अपने भाषण के दौरान बच्चों को परिक्षा में आत्मविश्वास के साथ लिखने एवं उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दिये. साथ ही समारोह के मुख्य अतिथि अभिभावक स्वरुप देवनारायण गंझू ने भी परिक्षा से संबंधित हुनर व जीवन के पढ़ाओ से गुजरने वाले बातों को बच्चों के बीच रखी एवं आने वाले भविष्य की शुभकामनाएं दी. इस दौरान विद्यालय के प्राचार्य सह निर्देशक अभिषेक कुमार चौहान ने सभा को संबोधित करते हुए बताया कि बच्चों के आगामी परिक्षा पर चर्चा कि तथा उन्होंने परिक्षा से संबंधित बहुत सारी बातों को बच्चों के बीच रखी साथ ही बच्चों के उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं किये. समारोह में बच्चों ने भी अपनी विद्यालय में जीवन के भावनाओं को अपनी भाषण के द्वारा व्यक्त किए.विद्यालय परिवार की ओर से सभी विद्यार्थियों को आशीर्वाद सह उपहार देकर सम्मानित किया गया।

# उन चुनाव का दंश जनता पर थोपा गया है : अंसारी

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** न्यायालय को गुमराह कर जनादेश का अपमान करने का काम एनडीए ने हमेशा किया है। यहां भी न्यायालय को गुमराह कर उन चुनाव का दंश जनता पर थोप दिया है। यह बातें राष्ट्रीय जनता दल के पूर्व प्रदेश प्रवक्ता मुस्तफा अंसारी ने कहीं। वे रामगढ़ में उप चुनाव को लेकर जगह-जगह बैठक कर महागठबंधन के प्रत्याशी को वोट देने की अपील कर रहे थे। बाद में वे पत्रकारों के साथ मुखातिब होते हुए पत्रकार वार्ता के दौरान कहा कि पूर्व विधायक ममता देवी जन आंदोलन करने वाली नेत्री थी। उसी आंदोलन के बल पर उन्होंने यहां पर सत्ता पर वर्षों से काबिज होकर जनता को विकास के नाम पर बरगला कर रखने वाले आजसू पार्टी के प्रत्याशी को भारी बहुमत से हराकर जनसेवा करने में जुट गई। पूर्व विधायक के जनता के प्रति प्रेम को देखकर व बढ़ता जनाधार को देखकर आजसू पार्टी ने षडयंत्र रचना शुरू कर दिया। उसके बाद गवाहों को खरीद परोख्त कर ममता देवी को जेल भेजने का काम किया। एक मां और बेटे को अलग कर हर मां की ममता को ललकारा है।


## पूर्व मध्य रेल

### ई–निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति के तरफ से निम्न कार्य हेतु ई निविदा आमंत्रित की जाती है। **क्र.स. 1. ई. निविदा सं०** पूमरे–मुप्रअ–नि–द–ईटीईएन–78–22–23 एकल पैकेट सिस्टम **कार्य का नाम:** किउल–गया लाइन को जोड़ने वाली फ्लाई ओवर बाई पास लाइन निर्माण के लिए सीआरएस निरीक्षण के संबंध में टो दीवार का निर्माण, बैलास्ट रिटेनर दीवार, ट्राली शरण में, पुल के कदम, पुल निरीक्षण मंच, पाथवे, ड्रॉप वॉल, पर्दे की दीवार प्रदान करना और सीमा स्तंभों को ठीक करना, हाइट गेज, ट्रैक साइड संकेतक बोर्ड और साइनेज, पेंटिंग, लेटरिंग और अन्य सहायक कार्य। **अंकलित मूल्य (रु):** 3,09,66,203.03 **बोली प्रतिभूति (रु):** 3,04,800.00 **कार्य पूर्ण करने की अवधि:** 08 महीने **क्र.स. 2. ई. निविदा सं०** पूमरे–मुप्रअ–नि–द–ईटीईएन–79–22–23 एकल पैकेट सिस्टम **कार्य का नाम:** बरकाकाना से रांची के बीच नई बीजी रेल लाइन के संबंध में हेहल यार्ड, सिधवार – सांकी सहित चैनगे 143.640 किमी से 169.350 किमी के बीच पी. वे रखरखाव और अन्य सहायक कार्य। **अंकलित मूल्य (रु):** 1,99,73,056.71 **बोली प्रतिभूति (रु):** 2,49,900.00 **कार्य पूर्ण करने की अवधि:** 12 महीने। निविदा बंद होने की तिथि एवं समय 10.03.23 15.30 बजे ऐसी ई–निविदाओं के तहत डाक/कुरियर/फैक्स या व्यक्तिगत रूप से भेजा गया कोई भी मैनुअल निविदा स्वीकार नहीं किया जायेगा, भले ही यह फर्म (Firm) के लेटर हेड एवं नियत समय पर प्राप्त किया गया हो। ऐसे सभी मैनुअल निविदा अस्वीकार्य होगा तथा उसके बारे में बिना किसी विचार के तत्काल निरस्त कर दिया जायेगा। उपरोक्त ई–निविदा दस्तावेज सहित की संपूर्ण जानकारी वेबसाइट: **http://www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध हैं। **द्रष्टव्य:** निविदा सूचना में पाए गए किसी भी विसंगति विवरण के मामले में अंग्रेज़ी संस्करण ही मान्य होगा। प्रत्याषित निविदादाताओं को यह सलाह दी जाती है कि इस ई–निविदा के लिए जारी कोई भी परिवर्तन/शुद्धिपत्र की ओर ध्यान देने के लिए वे निविदा बंद होने की अंतिम तिथि से कम से कम पंद्रह दिन पहले वेबसाइट **www.ireps.gov.in** का अवलोकन करें।

मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण/दक्षिण
पूर्व मध्य रेलवे, महेन्द्रूघाट, पटना।
पीआर/2171/कॉन/ईन्जी./टी/22–23/60



## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, गुमला

rdsdgumla123@gmail.com

### शुद्धि पत्र

इस कार्यालय के पत्रांक 320 दिनांक 10.02.2022 द्वारा ई0–टेंडरिंग अति अल्पकालीन पुर्ननिविदा निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–RDD/SD/GUMLA/36/2022-23Re जिसका पी०आर०(PR)सं०–289970 Rural Development (2022-23):D है, में अपरिहार्य कारणों से संशोधन किया जाता है। वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि **01.03.2023**, निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि Bank Credit Certificate एवं Affidavit जमा करने की तिथि एवं समय **02.03.2023** अपराह्न 05:00 बजे, निविदा खोलने की तिथि एवं समय **03.03.2023** अपराह्न 2:00 बजे एवं निविदा खोलने का स्थान ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, गुमला पढ़ा जाय। शेष नियम यथावत् रहेगी।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल,
गुमला

PR290863 (Rural Development)22-23*D



## कार्यालय, जिला परिषद्, लोहरदगा (अभियंत्रण कोषांग)

Phone Number:- 06526-222064 email-id: lohardagazilaparisad@gmail.com

### ई–निविदा

### अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना

निविदा संख्या – 44/2022–23 दिनांक 20.02.2023

| क्र0/ ग्रुप संख्या | प्रखण्ड | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | परिमाण विपत्र की राशि | अग्रधन की राशि | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | कैरो | कैरो प्रखण्ड के ग्राम उतका में पष्चिमी नहर के मोड से सुमन तिवारी के टॉड तक रोड के दोनो तरफ गार्डवाल एवं पी0सी0सी0 पथ निर्माण | 2481700.00 | 5000.00 | 49700.00 | 03 (तीन) माह |
| 2 | कैरो | हनहट पंचायत के ग्राम टोरांग ललमटीया मोड से लालमटीय पीपल पेड तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण | 2496500.00 | 5000.00 | 50000.00 | 03 (तीन) माह |
| 3 | कुडू | कुडू बस स्टैण्ड के पीछे बंगला रोड में गार्डवाल निर्माण | 2498100.00 | 5000.00 | 50000.00 | 03 (तीन) माह |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 2 | वेवसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि | :– | 28.02.2023 |
| 3 | बीड प्राप्ति की अंतिम तिथि व समय | :– | 06.03.2023/05:00 बजे अपराह्न तक |
| 4 | अग्रधन की राशि एवं परिमाण विपत्र का मूल्य(हार्ड कॉपी) जमा करने की तिथि एवं समय | :– | 09.03.2023/02:00 बजे अपराह्न तक |
| 5 | निविदा खोलने की तिथि व समय | :– | 10.03.2023/05:00 बजे अपराह्न तक |
| 6 | निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी के कार्यालय का पता | :– | जिला परिषद कार्यालय, लोहरदगा |
| 7 | निविदा खोलने वाले पदाधिकारी के कार्यालय का पता | :– | जिला परिषद कार्यालय, लोहरदगा |

नोट – 1. जिला परिषद् लोहरदगा में समुचित श्रेणी में निबंधित संवेदक निविदा में भाग ले सकते हैं । संवेदक का U-Can में निबंधन अनिवार्य है।
2. निविदा की प्राक्कलित राशि घट बढ सकती है तत्पश्चात् अग्रधन की राशि देय होगा।
3. कार्य की मात्रा आवश्क्तानुसार घट–बढ सकती है।
विस्तृत जानकारी हेतु वेबसाईट https://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

जिला अभियन्ता,
जिला परिषद्, लोहरदगा

PR.NO.290815 Lohardaga(22-23):D



## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,एन0आर0ई0पी0,खूंटी

### ई. निविदा अन्तर्गत अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण

अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या& NREP/KHUNTI/F2-8/2022-23 दिनांक–20.2.2023

कार्य का नाम:–

| ग्रुप सं० | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि (लाखमें) | परिमाण विपत्र का मुल्य(लाख में) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 5 | 6 | 7 |
| 1. | Construction of Udwah Irrigation Scheme under Khunti Block to Takra Village, Khunti. | 62.50 | 0.10 | 120 दिन |
| 2. | Construction of earthen storage pond at Khunti Block of Takra Village,Khunti. | 78.00 | 0.10 | 120 दिन |

नोट–केवल ई.–निविदा ही स्वीकार होगा।
1.अधिक जानकारी के लिए बेवसाईट www.jharkhandtenders.gov.in पर देखें।
2.बेवसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि:–24.02.2023
3.ई.–निविदा की अंतिम तिथि एवं समय :–02.03.2023 अपराहन 5:00 बजे तक
4.एन०आर०ई०पी०,खूँटी कार्यालय में निविदा शुल्क,अग्रधन की राशि,शपथ पत्र की मूल प्रति एवं अपलोड किए गए योग्यता दस्तावेज इत्यादि की एक प्रति जमा करने की तिथि:–03.03.2023 को अपराहन 3:00 बजे तक
5.निविदा खोलने की तिथि:–04.03.2023 को अपराहन 1:00 बजे।
6.निविदा आमंत्रित करनेवाले पदाधिकारी का नाम,पता,दूरभाष सं./ई–मेल :–कार्यपालक अभियन्ता, एन०आर०ई०पी०,खूँटी /8252722844 /divisionnrep@gmail.com
7.परिमाण विपत्र का मूल्य(जो लौटाया नहीं जाएगा)राष्ट्रीकृत बैंक द्वारा निर्गत बैंक ड्राफ्ट के माध्यम से लिया जाएगा,जो कार्यपालक अभियनता एन०आर०ई०पी०,खूँटी के पदनाम से निर्गत होगा एवं खूँटी में भुगतेय होगा।
8.प्राक्कलित राशि बढ़ या घट सकती है।

PR290788 (NREP)22-23*D
कार्यपालक अभियन्ता,एन०आर०ई०पी०,खूँटी



## कार्यालयः– कार्यपालक अभियंता, एन0आर0ई0पी0, लातेहार।

### प्रेस विज्ञप्ति

इस कार्यालय से विभिन्न मद अन्तर्गत चल रही कतिपय योजनाओं का कार्य कई बार स्मारित करने के बावजुद भी संबंधित संवेदकों के द्वारा योजनाओं को लंबित रखा गया है। इन्हें शीघ्रताशीघ्र त्रुटिरहित ढंग से अंतिमीकरण करना आवश्यक है।

अतः संबंधित संवेदकों को निदेश है कि अपनी–अपनी योजनाओं को 03 मार्च 2023 तक पूर्ण कर कार्यालय को सूचित करे ताकि अंतिम भुगतान की कार्रवाई की जा सके अन्यथा बाध्य होकर आगे की निविदाओं में भाग लेने से डीबार कर दिया जाएगा।

कार्यपालक अभियंता,
एन0आर0ई0पी0, लातेहार।
, लातेहार।

PR 290790 NREP(22-23)D



## झारखण्ड सरकार, जिला खनन कार्यालय, लातेहार

e-mail- dmo-latehar@jharkhandmail.gov.in

### –:: आम सूचना ::–

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आदेशानुसार, लातेहार जिला के बरवाडीह/चन्दवा/लातेहार/महुआडांड़ थानान्तर्गत क्षेत्र में निम्नांकित मात्रा में जप्त भण्डारित लघु खनिज यथा पत्थर (पत्थर चिप्स) एवं बालू खनिज का झारखण्ड लघु खनिज समनुदान नियमावली, 2004 यथा संशोधित नियमावली 2017, 2019 के नियम–54A के तहत् निम्नांकित थानान्तर्गत स्थल पर भण्डारित पत्थर एवं बालू खनिज का आम नीलामी पुनः अपर समाहर्त्ता, लातेहार की अध्यक्षता में दिनांक–03.03.2023 को समय 3:00 बजे अपराहन् में जिला समाहरणालय स्थित सभागार कक्ष में सम्पन्न की जायेगी। डाक में भाग लेने वाले अभ्यर्थियों को भारत सरकार एवं झारखण्ड सरकार द्वारा Covid-19 के तहत् निर्गत SOP का पालन करना अनिवार्य होगा।

भण्डारण स्थल का विवरण निम्नवत् है–

| क्र0 सं0 | थाना का नाम | जप्त भण्डारित खनिज के भण्डारण स्थल की विवरणी | खनिज का नाम | खनिज की मात्रा | सुरक्षित जमा राशि | सुरक्षित जमा राषि का 10 % प्रतिभूति राशि (रूपया में) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | बरवाडीह काण्ड संख्या–69/22 दिनांक –04.07.2022 | मौजा–पोखरीकला, थाना–बरवाडीह स्थित तौकिर मियाँ के घर के समीप | बालू | लगभग =10,000 CFT | बालू खनिज का बिक्री मूल्य – प्रति 1 (एक) CFT @ Rs. 7.50 की दर से 10,000 × 7.50 = **75000.00 रूपया (पचहत्तर हजार रूपया मात्र)** | **7500.00** |
| | | बरवाडीह थानान्तर्गत बरवाडीह मेन रोड, शांती निकेतन विद्यालय के पास | पत्थर | लगभग =10,350 CFT | पत्थर खनिज का बाजार बिक्री मूल्य प्रति 1 (एक) CFT @ Rs. 12.73 की दर से = 10250 × 12.73 = **131755.50 रूपया (एक लाख एकतीस हजार सात सौ पच्चपन रूपया)** | **13176.00** |
| 2. | चन्दवा काण्ड संख्या–123/22, दिनांक–27.10.22 | चन्दवा थानान्तर्गत मौजा माल्हन में रेलवे लाईन निर्माण स्थल के पास | बालू | लगभग 15000 CFT + 5000 CFT **कुल लगभग – 20,000 CFT** | बालू खनिज का बिक्री मूल्य – प्रति 1 (एक) CFT @ Rs. 7.50 की दर से 20,000 × 7.50 = **1,50,000.00 रूपया (एक लाख पच्चास हजार रूपया मात्र)** | **15000.00** |
| 3. | चन्दवा, काण्ड सं0–129/22 ,दिनांक– 9.11.2022 | मौजा–चिरो, थाना–चन्दवा, जिला–लातेहार | बालू | लगभग –1,000 CFT | बालू खनिज का बिक्री मूल्य – प्रति 1 (एक) CFT @ Rs. 7.50 की दर से 1,000×7.50 = **7500.00 रूपया (सात हजार पाँच सौ रूपया मात्र)** | **750.00** |
| 4. | चन्दवा | मौजा–मालहन (बैरियाटांड़ टोला), थाना–चन्दवा स्थित उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय के विद्यालय परिसर में भण्डारित | बालू | लगभग –1,700 CFT | बालू खनिज का बिक्री मूल्य – प्रति 1 (एक) CFT @ Rs. 7.50 की दर से 1,700 × 7.50 = **12750.00 रूपया (बारह हजार सात सौ पच्चास रूपया मात्र)** | **1275.00** |
| 5. | लातेहार काण्ड सं0–283/22, दिनांक–20.11.2022 | मौजा–बारियातु खालसा /चटनाही थाना–लातेहार | बालू | लगभग (1300 + 3500) CFT **= 4800 CFT** | बालू खनिज का बिक्री मूल्य – प्रति 1 (एक) CFT @ Rs. 7.50 की दर से 4,800 × 7.50 = **36000.00 रूपया (छतीस हजार रूपया मात्र)** | **3600.00** |
| 6. | लातेहार काण्ड संख्या –151/22, दिनांक– 04.06.2022 | मौजा–बेंदी, लातेहार थाना (थाना परिसर) | बालू | लगभग –300 CFT | बालू खनिज का बिक्री मूल्य – प्रति 1 (एक) CFT @ Rs. 7.50 की दर से 300 × 7.50 = **2250.00 रूपया (दो हजार दौ सौ पच्चास रूपया मात्र)** | **225.00** |
| 7. | महुआडांड़ काण्ड संख्या–63/2021 | महुआडांड़ थाना परिसर | बालू | लगभग –300 CFT | बालू खनिज का बिक्री मूल्य – प्रति 1 (एक) CFT @ Rs. 7.50 की दर से 300 × 7.50 = **2250.00 रूपया (दो हजार दौ सौ पच्चास रूपया मात्र)** | **225.00** |

उपरोक्त स्थल पर भण्डारित लघु खनिज पत्थर एवं बालू के लोक नीलामी की प्रक्रिया एवं शर्त्तो आदि के जानकारी के लिए दिनांक– 21.02.2023 से दिनांक– 02.03.2023 तक लातेहार जिला के Website: latehar.nic.in पर देखा जा सकता है अथवा जिला खनन कार्यालय, लातेहार में किसी भी कार्य दिवस में संपर्क किया जा सकता है।

जिला खनन पदाधिकारी
लातेहार

PR 290834 Mines and Geology (22-23)_D

## अंतराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस : नाटक के माध्यम से लोगों को किया गया जागरूक



**गिरिडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस के अवसर पर मंगलवार को इप्टा गिरिडीह के द्वारा एक खोरठा भाषा में नाटक का मंचन गाँधी चौक पर किया। वही नाटक के माध्यम से लोगो को जागरूक करने का प्रयास किया गया ताकि भारतीय संस्कृति को बचाने के लिए हमें अपनी मातृभाषा को बचाना आवश्यक है। नुक्कड़ नाटक में कलाकारों ने यह बताया कि आज आवश्यकता है कि हम अपनी मातृभाषा का अधिक-से- अधिक दैनिक जीवन में प्रयोग करें क्योंकि मातृभाषा के माध्यम से लोक संस्कृति की रक्षा होती है।लोक संस्कृति से भारत की पहचान है।इसलिए हमें अपनी मातृभाषा का दैनिक जीवन में उपयोग करना चाहिए।शिक्षक की भूमिका में आदित्य अमन ,छात्र की भूमिका में तरुण सिंह और रानी राय ने बेहतरीन भूमिका निभाई। राहुल भारती और राहुल दास ने सूत्रधार की भूमिका निभाई जिसने लोगों से अपील की कि हमें अपनी मातृभाषा का उपयोग करना चाहिए।उपस्थित दर्शकों ने खोरठा नाटक की प्रस्तुति को व्यंग्य के तौर पर लिया।कुछ लोग चर्चा भी कर रहे थे कि मातृभाषा का सम्मान जरूरी है। नाटक का लेखन व निर्देशन रंगकर्मी महेश 'अमन' ने किया था।

## सब्जी मंडी में लगी भीषण आग लाखों का माल जल कर राख

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** सरायढेला स्थित स्टील गेट सब्जी मंडी में एक बार फिर भीषण आग लगने से 1 दर्जन से अधिक दुकान जलकर खाक हो गए जिसमे कई दुकानदार का लाखो का नुकसान हो गया। घटना देर रात का बताया जा रहा है। वही आग लगने की घटना की सुचना पर स्थानीय सरायढेला थाना और दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुँची जिसके बाद सब्जी मंडी में लगी आग पर काबू पाया गया। हालांकि दुकानदारों का सारा संपत्ति जलकर खाक हो गया था। करीब 10 से 12 लाख रुपया की नुकसान का अनुमान है। गौरतलब है की स्टील गेट सब्जी मंडी में आग लगने की ये तीसरी घटना है। दो बार पहले भी आग लगने की घटना घट चुकी है जिसमे कई दुकाने जलकर खाक हो चूका है। वही आग कैसे लगी इसको लेकर पुलिस जांच में जुटी हैं। वहीं धनबाद विधायक राज सिन्हा ने धनबाद के अंचल अधिकारी के साथ स्टील गेट बाजार का निरिक्षण किया तथा दुकानदार भाइयों को उचित मुआवजा देने के लिए सीओ से बात की।

## खैराचातर स्कूल ने किया पाठ्य सामग्री का वितरण

**बोकारो(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** कसमार प्रखंड के मध्य विद्यालय खैराचातर में छात्रों के बीच पाठ्य सामग्री का वितरण किया गया। इस वितरण कार्यकम के मुख्य अथिति स्थानीय मुखिया विजय कुमार जायसवाल ने बताया कि सरकार की शिक्षा से संबंधित इस महत्वपूर्ण योजना का लाभ सभी छात्रों को मिल रहा है। इससे सरकारी स्कूलों में अध्ययन का माहौल बनेगा। उन्होंने स्कूल तथा घरों में शिक्षा का माहौल विकसित करने तथा अध्ययन संबंधी सभी सामग्री का उपलब्धता से बच्चों में शिक्षा का स्तर में सुधार होगा। कार्यक्रम के दौरान स्कूल के प्रधानाध्यापक अमित कुमार जायसवाल, नीना जायसवाल, अशोक कुमार, डोली जायसवाल आदि उपस्थित थे।



## प्रशासन से दुकानदारों को मुआवजा दिलाने का प्रयास करुंगी : रागिनी सिंह



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** सोमवार को देर रात 11:30 बजे के करीब स्टील गेट स्थित सब्जी मार्केट में भीषण आगजनी में सब्जी विक्रेताओं एवं अन्य दुकानदारों के लाखों की संपत्ति जलकर स्वाहा हो गई। जिसकी सूचना उपरांत मंगलवार को भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रागिनी सिंह स्टील गेट स्थित सब्जी मंडी पहुंची। जहां सब्जी विक्रेता से घटनाके संबंध में विस्तृत जानकारी ली। जहां विक्रेताओं ने इस संबंध में बताया कि कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा बार-बार नशे की हालत में आग लगा दी जा रही है। जिसके कारण हमें हर बार आर्थिक नुकसान सहना पड़ रहा है। यदि इस दौरान दुकान में कोई व्यक्ति होता तो उसके साथ अप्रिय घटना घट सकती थी। वहीं रागिनी सिंह ने घटना में पीड़ित सब्जी विक्रेताओं को पूर्ण भरोसा दिलाया कि वो नुकसान के संबंध में उनकी मांगों को लेकर राज्य सरकार एवं धनबाद अंचल अधिकारी को मामला संज्ञान में दे कर हर संभव सहायता दिलाने का प्रयास करेंगी। साथ ही कहा की प्रशासन से मांग करूंगी कि रात में पुलिस गश्ती दल के द्वारा रोजाना गस्त बढाई जाए ताकि इस तरह की घटना की पुनरावृति न हो।

### झारखंड हाई कोर्ट के आदेश के बाद निगम ने शुरू की

# धनबाद में बने हाई राइज बिल्डिंग की जांच



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** धनबाद के जोड़फटाक रोड स्थित हाजरा अस्पताल और शक्ति मंदिर स्थित आशीर्वाद टावर में हूए दर्दनाक अग्निकांड के बाद झारखण्ड हाई कोर्ट ने इस मामले का स्वतः संज्ञान लेते हूए धनबाद ज़िला प्रशासन से हाई राइज बिल्डिंग में फायर सेफ़्टी सुविधा के रिपोर्ट देने का आदेश दिया था जिस पर निगम क्षेत्र में पड़ने वाले 50 से अधिक हाई राइज बिल्डिंग की जांच मे निगम की टीम जुट गई है। धनबाद नगर निगम के 52 गगनचुंबी इमारत की जांच के लिए धनबाद नगर निगम के द्वारा तीन टीम बनाए गऐ है। तीनों टीमों के द्वारा जांच की जा रही है जिसमें बैंक मोड़, हीरापुर और स्टील गेट में बनी इमारतों की जांच की जा रही है। टीमों के साथ साथ अग्निशमन अधिकारी भी मौजूद रहे। बहुमंजिला इमारतों की फायर सेफ्टी को लेकर जांच की गई। साथ ही जिन भवनों में फायर सेफ्टी सुरक्षा के समुचित व्यवस्था नहीं मिली उन्हें नोटिस देकर आगे की कार्रवाई के भी आदेश दिए गए। वही जांच कर रहे उप नगर आयुक्त प्रकाश कुमार ने बताया की अभी तक 52 हाई राइज बिल्डिंग की जांच की गई है। शहर में तीन टीम विभिन्न क्षेत्र में जा कर जांच कर रही है और पूरी रिपोर्ट नगर आयुक्त के माध्यम से हाई कोर्ट मे दाखिल करना है।

## एक ही परिवार के चार लोगों ने खाया जहर, सभी अस्पताल में भर्ती




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** धनबाद के बरवाअड्डा थाना क्षेत्र स्थित पांडेय बरवा में एक ही परिवार के चार लोगों ने जहर खाकर आत्महत्या करने की कोशिश की है। सभी को गंभीर स्थिति में इलाज के लिए धनबाद एसएनएमएमसीएच में भर्ती कराया गया है। आत्महत्या का प्रयास करने वालों में पांडेय बरवा निवासी टीपन महतो, उनकी पत्नी दुखिया देवी, इन दोनों की बड़ी बेटी गीता देवी और छोटी बेटी संगीता कुमारी शामिल है। इलाजरत दुखिया देवी ने घटना के संबंध में बताया कि उनकी बड़ी बेटी गीता का तीन माह के बच्चे का इलाज कराने के लिए वे सोमवार को कोलकाता ले जा रहे थे लेकिन रास्ते मे ही बच्चे की मौत हो गई। इसके बाद वे सभी नवजात का शव लेकर वापस घर पहुंचे। घर पहुंचने के बाद उनकी बेटी गीता देवी चीखने चिल्लाने लगी। रो रोकर उसका बुरा हाल था। उन्होंने कहा कि बच्चे की मौत के सदमे मे आकर सभी ने आज अहले सुबह जहर खा कर जान देने की कोशिश की है।

## जर्जर उप स्वास्थ केंद्र बनी शोभा की वस्तु



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बेंगाबाद :** बेंगाबाद प्रखंड अंतर्गत बदवारा पंचायत के मूर्गमी गांव में स्थित उप स्वास्थ्य केंद्र कई सालों से जर्जर स्थिति में है। उप स्वास्थ्य केंद्र कई सालो से बदहाल स्थिति में है धीरे धीरे जर्जर हो चुकी है। लाखो खर्च कर उपस्वास्थ्य केंद्र का निरमन कर तो दिया गया लेकिन उसके बाद किसी ने इस और मुड़कर नहीं देखा यही कारण है की जर्जर हो चुकी स्वास्थ्य केंद्र शोभा की वस्तु बनकर रह गई है। एक तरफ लोगो को इलाज के लिए बेंगाबाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का रुख करना पड़ता है जहा चिकित्सक ही गायब रहते है वही गांव के स्वास्थ्य केंद्र का यही हाल है ऐसे में सरकार स्वास्थ्य को लेकर गंभीर होने का दावा कैसे करती है। कई सरकार आए कई विधायक आए मगर उप स्वास्थ्य केंद्र का हाल ऐसा है कि वहां पर गलती से कोई एक आदमी चला जाए तो उसे डर लगता है। अभी हाल ही में प्रदेश के मुख्यमंत्री ने एयर एम्बुलेंस की घोषणा की लेकिन ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य की इस व्यवस्था एक बड़ा सवाल है।

## मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना के स्वीकृत लाभुकों की हुई समीक्षा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना के अंतर्गत विभिन्न प्रखंडों में लाभुकों के स्वीकृति की समीक्षा को लेकर आज निदेशक एनईपी इंदु रानी की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। समीक्षा के क्रम में अनुसूचित जनजाति के तहत टुंडी प्रखंड में 21 व तोपचांची में एक, अनुसूचित जाति अंतर्गत टुंडी में 12, बाघमारा 2 एवं तोपचांची व पूर्वी टुंडी में एक-एक, वहीं पिछड़ी जाति अंतर्गत टुंडी में 84, बाघमारा में 11, बलियापुर तथा धनबाद में दो-दो तथा पूर्वी टुंडी एवं तोपचांची में एक-एक लाभुक के आवेदन की समीक्षा की गई। बैठक के दौरान गोविंदपुर एवं झरिया से शून्य व बलियापुर से बहुत कम आवेदन प्राप्त होने के कारण अलग से बैठक करने का निर्णय लिया गया। निदेशक एनईपी ने बताया कि योजना में अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग के व्यक्तियों को चिकित्सा अनुदान दिया जाता है। वयस्क के लिए किसी भी तरह की बीमारी या सर्जरी के लिए ?3000 से ?25000 तक तथा अवयस्क के लिए ?1500 से लेकर ?15000 तक की राशि दी जाती है। योजना के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि अक्सर यह देखा गया है कि बीमारी की वजह से लोगों के स्वास्थ्य संबंधी समस्या के साथ-साथ उनके आजीविका पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। फलस्वरूप कुछ समय के लिए पीड़ित व्यक्ति को आजीविका की क्षति होती है। जिस कारण पीड़ित व्यक्ति को अपनी बीमारी की अवधि या इलाज के बाद अपने एवं परिवार की दैनिक जरूरतों को पूरा करने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। वहीं मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना की अनुदान राशि से पीड़ित व्यक्ति न केवल परिवार की दैनिक जरूरतों को पूरा कर सकता है बल्कि अपने लिए पौष्टिक आहार की व्यवस्था भी कर सकता। बैठक में माननीय विधायक टुंडी मथुरा प्रसाद महतो, माननीय विधायक झरिया के प्रतिनिधि केडी पांडेय, माननीय विधायक सिंदरी के प्रतिनिधि श्री कुमार महतो, जिला फाइलेरिया पदाधिकारी डॉक्टर सुधा सिंह मौजूद थे।

## चार दिन बाद भी गायब छात्र का कोई सुराग नहीं, अनहोनी की आशंका से परिजन परेशान

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**झरिया :** डीएवी स्कूल बनियाहीर के कक्षा छः का छात्र पप्पू कुमार के गायब हुए चार दिन बाद भी सुराग नहीं लगा है। घटना के बाद से परिवार के लोग काफी परेशान है। बताया जाता है की पप्पू कुमार बीते 17 फरवरी को शाम साढ़े सात बजे दूध लेकर पंजाबी धौड़ा गया था, उसके बाद से ही अचानक गायब है। जामाडोबा मिनी पार्क के पास दूध का डब्बा मिला। पुलिस क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरे की जांच कर रही है और खोजी कुत्ता के जरिये भी ढूंढने का प्रयास जारी है। वही परिवार के लोग जीतपुर भूतगाडिया जंगल मे खोज रहे हैं। जोड़ापोखर पुलिस ने पप्पू के दोस्तों को बुला कर पूछताछ कर छोड़ दी है। अभी तक पप्पू कुमार के बारे मे कोई सुराग नहीं मिल सका है। वहीं गायब छात्र के नही मिलने से परिजन चिंचित है। उन्हें किसी अनहोनी का भय सता रहा है।

## बैंक कर्मचारी से ग्राहक परेशान, एक काम के लिए सालों से काट रहे बैंक के चक्कर

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमुआ :** प्रखंड के चितरडीह में पंजाब नेशनल बैंक के ग्राहक बैंक कर्मचारी से परेशान है एक ही काम को लेकर सालो से बैंक के चक्कर काट रहे है लेकिन उनका काम नहीं हो पाया है। बैंक के गलत निति और लापरवाही की वजह से प्रतिदिन बैंक में ग्राहकों की भारी भीड़ रहती है। इस शाखा में कई महिला ग्रुप का खाता है जिससे महिलाओ को भी दिन भर बैंक में बिताना पड़ता है। कई ग्राहक ने बताया की एक साल पूर्व खाता खुलवाने में हो गया लेकिन अभी तक पासबुक नहीं मिला है हर बार कोई ना कोई बहाना बना कर टाल देता है। वही कुछ ग्राहकों ने कहा की खाता खुलवाने में सालो हो गया है लेकिन अभी तक खाते में हस्ताक्षर अपडेट नहीं किया गया है जिस वजह से चेक बुक अप्लाय नहीं हो पा रहा है और ना ही दूसरे शाखा में निकासी नहीं हो पाता है। कई छात्रों का बंद हो चुके खाते को चालू करने के लिए आवेदन देने के बाद भी कई महीने हो चुके है लेकिन अभी तक पुनः चालू नहीं किया गया है जिससे छात्र को विधायल से मिलने वाली सहयोग से वंचित है। अभी हाल ही में झारखण्ड सर्कार के किशोरी समृद्धि योजना के तहत छात्राओ को पांच हजार उसके बैंक खाते में दिया गया। इस योजना से भी काफी छात्राये वंचित रह गई। खाश करके देखे तो इस शाखा में महिला और बुजुर्गो के लिए किसी भी तरह की सुविधा नहीं है और



ना ही बच्चो के लिए। वही छात्र छात्राओं को सरकार की ओर से मिलने वाली स्कॉलरशिप भी अकाउंट बंद रहने के कारण बाधित हो रहा है वही ग्रामीण एवं छात्रों ने बताया नजदीकी में कोई दूसरा ब्रांच ना होने के कारण हम लोग मजबूर हैं। बैंक कर्मचारी बहाना बना कर टाल जाते है और ग्राहकों को महीनो सालो बैंक का चक्कर काटना पड़ता है। शाखा प्रबंधक भी कभी जिम्मेदारी पूर्वक ग्राहकों के समस्याओं पर ना तो ध्यान देते हैं और ना किसी की सुनते हैं। स्थानीय जनप्रतिनिधि कई बार शाखा प्रबंधक को समस्याओं से अवगत करा चुके हैं लेकिन समस्या जस की तस बनी हुई है।

## टुंडी में दोबारा हाथियों का प्रवेश, फसलों को रौंदा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**टुंडी :** टुंडी प्रखंड में फिर से हाथियों का प्रवेश होने से फसलों को भारी क्षति हुई है। प्राप्त समाचार के अनुसार टुंडी प्रखंड में आज मंगलवार देर रात जामताड़ा नारायणपुर के रास्ते हाथियों का प्रवेश हुआ । प्रवेश करते ही भोजुडीह के कई किसानों का फसलों को रौंदा एवं चहारदीवारी को भी क्षतिग्रस्त होने का समाचार है। फिर हाथियों का दल टुंडी के दोमुडा पहाड़ी की ओर चला गया है वन विभाग ग्रामीणों की सुरक्षा में मुस्तैदी से लगीं हुई हैं। एवं किसानों की हुई क्षति का आकलन कर उचित मुआवजा देने की घोषणा की है। फिलहाल टुंडी के ग्रामीण डरे हुए है।

## संरक्षा आयुक्त रेलवे ने किया नव दोहरीकृत लखीसराय-शेखपुरा रेलखंड का निरीक्षण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हाजीपुर :** श्री सुवोमोय मित्रा, संरक्षा आयुक्त (रेलवे), पूर्वी सर्किल, कोलकाता द्वारा आज 21.02.2023 को दानापुर मंडल के किऊल-गया दोहरीकरण परियोजना के अंतर्गत नव-दोहरीकृत लखीसराय-षेखपुरा रेलखंड का निरीक्षण किया गया। साथ ही संरक्षा आयुक्त (रेलवे) द्वारा विषेष टेऊन से सफलतापूर्वक स्पीड ट्रायल भी किया गया । संरक्षा आयुक्त की अनुमति प्राप्त होते ही नव-दोहरीकृत रेलखंड पर ट्रेनों का आवागमन शुरू हो जाएगा। विदित हो कि लखीसराय-षेखपुरा नव-दोहरीकृत रेलखंड दानापुर मंडल के अंतर्गत लगभग 1200 करोड़ रूपए की लागत वाली किऊल-गया दोहरीकरण परियोजना का भाग है। किऊल-गया परियोजना के तहत् लगभग 125 किलोमीटर



दोहरीकरण का कार्य किया जाना है।

इस परियोजना के पूरा हो जाने के बाद किउल-गया रेलखंड में ट्रेनों की गति में वृद्धि होगी और क्षेत्र के औद्योगिक विकास में गति आएगी ।

## जनता दरबार में उपायुक्त ने सुनी आमजनों की शिकायत

### समस्याओं के निष्पादन को अधिकारियों को दिए निर्देश



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारीसंदीप सिंह ने मंगलवार को अपने कार्यालय कक्ष में जनता दरबार का आयोजन कर आम-जन की शिकायतों व समस्याओं को सुना। उन्होंने संज्ञान में आए सभी मामलों के आवेदन को संबंधित पदाधिकारी को तत्काल निष्पादन के लिए अग्रसारित किया। जनता दरबार में मुख्यतः शिक्षा, जमीन विवाद संबंधी, ऑनलाइन रसीद, आवास, पेंशन, रोजगार, स्वास्थ्य, बकाए वेतन, जमीन बंदोबस्ती की मांग, राशन कार्ड, आर्म लाइसेंस,मुआवजा,जिला परिषद की दुकान से संबंधित आवेदन आए। जनता दरबार में झरिया के बस्ताकोला एरिया, 9 से आए शिकायतकर्ताओं ने बीसीसीएल पर आधी रात को किसानों के खेत मे ओवरबर्डन मलवा गिराने और 8 एकड़ जमीन कब्जा करने का आरोप लगाया। शिकायतकर्ता ने बताया कि बीसीसीएल के द्वारा उनके जमीन के नीचे से कोयला का खनन भी किया गया था, जिस कारण भूमि किसी योग्य नही रह गयी। उन्होंने बताया कि क्षतिग्रस्त खेतों का फसल मुआवजा का भी अबतक भुगतान नही हुआ है। शिकायतकर्ताओं ने उपायुक्त से इस पूरे मामले पर कार्रवाई की मांग की। इस दौरान धनबाद के परासिया से आई हुसना आरा ने अनुकंपा पर नौकरी को लेकर उपायुक्त को आवेदन सौंपी। उन्होंने आवेदन के माध्यम से बताया कि उनके पति शकिल अख्तर खान जो उर्दू उत्क्रमित मध्य विद्यालय, झरिया में कार्यरत थे, जिनका कोरोना के कारण निधन हो गया था। जिसके बाद से परिवार का भरण पोषण और बच्चों की परवरिश की विकट समस्या आ पड़ी है। उन्होंने उपायुक्त से आर्थिक सहायता और अनुकंपा के आधार पर नौकरी की मांग की। जनता दरबार में धनबाद थाना क्षेत्र से आए प्रकाश कुमार ने अपने पुत्र रुद्र कुमार आर्य के इलाज हेतु अनुदान के लिए उपायुक्त को आवेदन दिया। उन्होंने बताया कि उनके पुत्र एक जघन्य रोग से ग्रसित हैं। जिसके इलाज कोलकाता में चल रहा है, जहाँ आयुष्मान कार्ड से इलाज नही हो पा रहा है। इलाज में लगभग 11 लाख रुपए का खर्च है, जिसे देने में वो असमर्थ हैं। उन्होंने उपायुक्त से इलाज हेतु अनुदान राशि की मांग की ताकि उनके पुत्र का इलाज हो सके।

## हाथ से हाथ जोड़ो पदयात्रा कार्यक्रम आयोजित




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** केन्दुआ-करकेन्द नगर कांग्रेस कमिटी अध्यक्ष जयप्रकाश चौहान के नेतृत्व में, हाजरा बस्ती मे हाथ से हाथ जोड़ो पदयात्रा कार्यक्रम आयोजित किया गया। उक्त कार्यक्रम में धनबाद जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष संतोष कुमार सिंह मुख्य रूप से उपस्थित थे। मौके पर जिलाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह ने कहा कि हाथ से हाथ जोड़ो कार्यक्रम को लेकर धनबाद जिला कांग्रेस कमेटी के द्वारा जिला के सभी प्रखंड एवं नगर वार प्रतिदिन हाथ से हाथ जोड़ो यात्रा कार्यक्रम आयोजित की जा रही है। इसी कड़ी में कांग्रेस पार्टी उक्त कार्यक्रम को जिला के सभी प्रखंड, नगर, वार्ड एवं पंचायतों में निरंतर प्रतिदिन हाथ से हाथ जोड़ो यात्रा कार्यक्रम आयोजित की जा रही है। आगे सिंह ने कहा कि वर्तमान परिस्थिति में केंद्र सरकार की विफलता के कारण देश में व्याप्त महंगाई और बेरोजगारी एवं जनता से जुड़े ज्वलंत मुद्दे जिसका निराकरण करने में केंद्र सरकार विफल रही है, कांग्रेस पार्टी उस विषय वस्तु के साथ-साथ केंद्र सरकार की विफलताओं को लोगों तक ले जाने का काम करेगी। कार्यक्रम में मुख्य रूप से कार्यकारी अध्यक्ष राशिद राजा अंसारी, राम गोपाल भूमानिया, जावेद राजा, महेंद्र दुबे, मनोज सिंह, देवेंद्र कुमार, राजू दास, जय प्रकाश चौहान, अनु पासवान, अरविंद कुमार सैनी, प्रभाकर नोनिया, मोहम्मद शमशेर, मोहम्मद कैफ, महताब, राहुल, छोटू, राज, राजा, मंगल, कुंदन, अरमान, विक्की, विजय पासवान, तुलसी कुमार, पवन बावरी, दिनेश कुमार एवं सैकड़ों कांग्रेसी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# ग्रामसभा से पास कर जिला भेजे योजनाओं को धरातल पर उतारना मेरा काम : समीरा एस



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** सेन्हा प्रखंड क्षेत्र के उगरा पंचायत अंतर्गत मुरपा ग्राम स्थित मध्य विद्यालय मुरपा के मैदान में महिला सभा एवं बालसभा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आयोजित कार्यक्रम में उप विकास आयुक्त समीरा एस मुख्य रूप से उपस्थित थी। वही डीडीसी ने महिलाओं द्वारा तैयार की गई योजनाओं की सभा में शामिल हो गाँव की महिलाओ ने मेरा गाँव मेरा सपना कार्यक्रम के तहत महिलाओं से योजना की प्लानिंग एवं पंचायत की योजना को धरातल पर कार्य करने की जानकारी लिया। मौके पर महिला सभा में सरकार की योजना प्लान प्रस्तुत किया गया। गांव को पाँच वर्षो के अंदर विकास करने के उद्देश्य से गाँव को नशा मुक्त करना, बाल विवाह पर रोक, डायन बिसाही कुप्रथा पर रोक, गरीबी रेखा से लोगों को ऊपर उठाने के लिए योजना की जानकारी दिया गया। साथ ही महिला सभा में जंगल का अधिकार, स्वास्थ्य, शिक्षा, सहिया का दायित्व, गाँव का अति गरीब परिवार को चिन्हित करना,जैविक खाद की उपयोगिता, मनरेगा में काम की प्राथमिकता, प्राकृतिक संसाधन का संरक्षण करने के विषय पर डीसीसी समीरा एस के साथ ग्रामीण महिलाओं द्वारा संवाद स्थापित किया गया। मौके पर डीडीसी समीरा एस ने कहा कि मुरपा ग्राम में चेक डैम निर्माण हुआ है। उस पर सिंचाई की सुविधा बहाल करने की मांग की है। ममता वाहन की समस्या से अवगत कराया है। स्कूल में पानी की व्यवस्था की कमी बतलाया है। महिला सुरक्षा की बात कहीं गई है। उगरा स्वास्थ्य केंद्र का भवन आठ वर्षों से बनकर तैयार है। लेकिन अस्पताल खुलता ही नही। प्रसव की समस्या के बारे में भी बताया गया है। जिस पर डीडीसी ने कहा कि धीरे धीरे सभी समस्याओं का समाधान किया जाएगा। साथ ही कहा कि महिला सुरक्षा के लिए हाट बाजारों में सोलर लाइट लगाया जाएगा महिलाओं का आजीविका से जुड़ने के लिए ऋण की व्यवस्था सरकार द्वारा किया गया है। उसका लाभ उठाएं प्राकृतिक संसाधन रक्षा जरूर करें जो भी योजना आप लेते हैं। उसको ग्रामसभा से पारित करके जिला भेजें जिसे चिन्हित योजनाओं को धरातल पर उतारने का प्रयास किया जाएगा। जिसे ग्रामीणों की योजना का सपना स्कार होगा।और आजीविका का साधन भी मिलेगा लोहरदगा कृषि प्रधान जिला है। जिससे आपको खेती करने में भी लाभ मिलेगा मनरेगा से जुड़े महिलाओं को 32 एकड़ में आम बागवानी से लाभ अवश्य मिलेगा। महिला सभा से जुड़े महिलाओं को आगे बढ़ाने के लिए प्रखंड एवं जिला प्रशासन हर सम्भव प्रयास करेगी। कार्यक्रम के पश्चात मुरपा में सोलर सिंचाई योजना का फीता काटकर शुभारंभ किया गया। मौके पर डीडीसी समीरा एस, बीडीओ अशोक कुमार चोपड़ा, सीओ विजय कुमार एडीएफ हेमलता प्रेमशंकर, फरहद खान, गोल्डन कुमार, विरेंद्र कुमार के अलावे सैकड़ो ग्रामीण महिला पुरुष उपस्थित थे।

## गांधी फेलोशिप के प्रचार के लिए पीरामल फाउंडेशन की टीम पहुंची सिमडेगा कॉलेज



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** गांधी फेलोशिप के प्रचार के लिए अर्नब कुमार साउ और चंद्रसिंह की टीम पहुँचा सिमडेगा कॉलेज। पीरामल फाउंडेशन के अर्नब कुमार साउ ने सिमडेगा कॉलेज के प्रधान अध्यापक डॉ राम प्रसाद और अध्यापक कौशिक कुमार से गांधी फेलोशिप का प्रचार के उपर चर्चा किया। स्टूडेंटस से उनके इंटरेस्ट पूछा। आने वाले 28 फरवरी 2023 को पिरामल फाउंडेशन द्वारा सिमडेगा कॉलेज मे गांधी फेलोशिप प्रचार दिवस मानाया जाएगा। इस कार्यक्रम पर प्रधान अतिथि के रुप मे उप विकास आयुक्त अरुण वाल्टर संगा मौजूद रहेंगे। पीरामल फाउंडेशन से प्रोग्राम मैनेजर स्मिता राउथ कार्यक्रम की नेतृत्व करेंगी। इसके तहत सिमडेगा कॉलेज के फाइनल इयर के स्टूडेंट के पास गांधी फेलोशिप को विस्तार से समझने का मौका है। गांधी फैलोशिप परिवर्तन नेतृत्व में एक अनुभवात्मक 2-वर्षीय आवासीय फेलोशिप कोर्स है। पिछले 10 वर्षो से, गांधी फैलोशिप ने युवा महिलाओं और पुरुषों को खुद को बदलाव के नेताओं के रूप में तैयार करने के लिए सशक्त बनाया है, जो बड़े पैमाने पर सामाजिक और सार्वजनिक व्यवस्था में बदलाव करते हैं, जहां प्रत्येक साथी स्वयं का निर्माण, राष्ट्र का निर्माण के दर्शन से प्रेरित होता है। कार्यक्रम को समाज में स्थायी परिवर्तन लाने के लिए किसी की उद्यमशीलता की सोच और नेतृत्व कौशल को सामने लाने के लिए डिज़ाइन किया गया है।

## मातृभाषा मनुष्य के विकास की आधारशिला : उत्तम मुखर्जी



**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** मनोहर लाल अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर +2 विद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस समारोह का आयोजन बिरसा मुंडा सभागार में किया गया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य उत्तम कुमार मुखर्जी ने भैया बहनों को मातृभाषा के महत्व के बारे में बताते हुए कहा कि हमें अपनी संस्कृति,अपनी भाषा पर गर्व करना चाहिए। मातृभाषा मनुष्य के विकास की आधारशिला होती है। इसके माध्यम से ही वह भावभिव्यक्ति करता है। इस अवसर पर हिंदी की आचार्य रेणु कुमारी ने कहा कि बालक अपनी मां से, अपने समाज से जिस भाषा को सीखता है वही हमारी मातृभाषा होती है। अन्य किसी विदेशी भाषाओं का प्रयोग कर हम अपने आप को महान समझने की भूल ना करें। 11 वीं कला की बहन रोशनी कुमारी ने भी मातृभाषा के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में महाविद्यालय के सभी भैया बहन शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

## सुंदरी देवी सरस्वती शिशु मंदिर में अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा गौरव दिवस मनाया गया



**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सुंदरी देवी सरस्वती शिशु मंदिर लोहरदगा में आज अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा गौरव दिवस मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के आचार्य अशोक सिंह ने कहा अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस प्रत्येक वर्ष 21 फरवरी को मनाया जाता है। इस दिन को मनाने का मुख्य उद्देश्य दुनिया भर में भाषा और सांस्कृतिक विविधता के बारे में जागरूकता को बढ़ावा देना है। यूनेस्को ने पहली बार इसे 17 नवंबर 1999 को घोषित किया था। तब से हर साल इसे सम्मानित किया जाता है। इस अवसर पर नंदकिशोर साहू ने कहा विश्व में हमारी मातृभाषा हिंदी लोकप्रियता के शिखर पर है। हमारे देश की राजभाषा हिंदी है अतः हमें अपनी मातृभाषा हिंदी का प्रयोग अधिक से अधिक करनी चाहिए कार्यालय बैंक आदि कार्यों में भी हिंदी का प्रयोग बढ़-चढ़कर हो रहा है। हिंदी भाषा अति सरल एवं सरस भाषा है हिंदी भाषा की जननी संस्कृत भाषा है जो देववाणी है। देववाणी संस्कृत भाषा हमारी संस्कृति का स्रोत है। आज के इस कार्यक्रम में सभी आचार्य बंधु भगिनी एवं भैया बहन उपस्थित थे।

# हाथियों से सभी प्रभावित परिवारों को मिलेगा मुआवजा : आलोक साहू



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** कुडू प्रखंड के तलहटी गांव मसियातू में जंगली हाथी ने मसियातू गांव निवासी दुखना तूरी की पत्नी 35 वर्षीय मुनिया देवी पर हमला कर उन्हें घायल कर दिया था जिसकी बाद में मृत्यु हो गई। लोहरदगा जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व कार्यकारी जिलाध्यक्ष आलोक कुमार साहू मंगलवार को अपने सहयोगियों के साथ मसियातू गांव पहुंचकर शोकाकुल परिवारों से मुलाकात कर अपनी ओर से गहरी संवेदना प्रकट करते हुए कहा कि इस दुख की घड़ी में पूरा कांग्रेस शोकाकुल परिवारों के साथ है तथा हर संभव सहायता करने का आश्वासन दिए। साहू ने कहा कि शोकाकुल परिवार को अभी तत्काल वन विभाग झारखंड सरकार के द्वारा 25000 दिया गया है तथा शेष 375000 आपदा विभाग से दिया जाएगा। मौके पर से ही साहू ने कुडू प्रखंड विकास पदाधिकारी से वार्ता कर शोकाकुल परिवार को अंबेडकर आवास देने की बात कहें। प्रखंड विकास पदाधिकारी ने शोकाकुल परिवार को अंबेडकर आवास देने का आश्वासन दिए। साहू ने कुडू अंचलाधिकारी से वार्ता कर हाथियों के द्वारा रिझी टांड के बुधराम उरांव का जो 3 बोरा धान चट कर गया, शांति उराव के शेड को जो नुकसान पहुंचाया, मसियातू गांव के वीरेंद्र उरांव के गेहूं के फसल को जो नष्ट कर दिया है इसका क्षतिपूर्ति रिपोर्ट तैयार कर शीघ्र मुआवजा देने की बात कहें। श्री साहू ने कहा कि हाथियों से प्रभावित सभी प्रभावित परिवारों को झारखंड सरकार के द्वारा मुआवजा दिया जाएगा। मौके पर कुडू प्रखंड कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष संजय मुखर्जी, ललकू बैठा, सचित तूरी, दुखना तूरी, सूरज तूरी गंदूर तूरी, सालों देवी, कर्मी देवी रामसागर तूरी, संजू तूरी बंधन मुंडा, दीपक बैठा, मनीष शर्मा सहित काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।


# झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद रांची के नेतृत्व में प्रोजेक्ट छलांग परियोजना है कार्यरत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद रांची के नेतृत्व में, कार्यक्रम के सरकारी विद्यालयों में शारीरिक शिक्षा और खेल के विकास को लक्ष्य रखते हुए प्रोजेक्ट छलांग परियोजना कार्यरत है। 20 और 21 फरवरी 2023 को राज्यकीय बुनियादी स्कूल कोलेबिरा, सिमडेगा झारखंड पर स्वस्थ विद्यालय थीम आधारित दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन हुआ जिसमें कोलेबिरा और बानो ब्लॉक से 50 शिक्षकों ने भाग लिया। कार्यशाला की शुरुआत प्रखण्ड कार्यक्रम पदाधिकारी विकास कुमार द्वारा किया गया। साथ ही ELMS स्पोर्ट्स से डोलन सर और पिरामल फाउन्डेशन से रोहित और तनमय भी मौजूद रहे। कार्यशाला के मुख्य चर्चा बिंदु फिजिकल लिटरेसी की जरूरत, प्रैक्टिकल अप्रोच के प्रभावी तरीके, खेल गतिविधियां अनुभव करना और असेसमेंट प्रोसेस की योजना बनाना रहे। सिमडेगा जिले के कोलेबिरा और बानो के 50 विद्यालयों के कक्षा 6 से 8 तक के 3300 बालक - बालिकाओं के लिए शिक्षकों के साथ मिलकर अल्मा मेटर की टीम के 5 सदस्य काम कर रहे है। यह कार्यक्रम में ईएलएमएस स्पोर्ट्स फाउंडेशन द्वारा पीरामल फाउंडेशन के सहयोग से झारखंड शिक्षा परियोजना, रांची के नेतृत्व में कार्यरत है। इस कार्यशाला के अंतर्गत सभी शिक्षकों को शारीरिक शिक्षा एवं जीवन कौशल के प्रति गतिविधियां और पी. पी. टी. के माध्यम से विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की गई। और शारारिक गतिविधियों के माध्यम से खेल के प्रति जागरूक किया गया। इस कार्यशाला का उद्देश्य सरकारी माध्यमिक विद्यालयों में स्कूल के बच्चों को शिक्षा के साथ-साथ गुणवत्तापूर्ण खेलकूद, शारीरिक शिक्षा एवं जीवन कौशल द्वारा उनका सर्वांगीण विकास हो सकेगा। इस कार्यशाला को सफल बनाने के लिये 50 विद्यालय के शिक्षक, जय दस, भूपेंद्र कंसारी, शशि भूषण साहू, रश्मि होरो, अंजिता कुमारी, दीपक दस आदि का पूरा सहयोग रहा।

## डॉ एपीजे अब्दुल कलाम कम्प्यूटर प्रशिक्षण केंद्र में कम्प्यूटर दक्षता टेस्ट का हुआ आयोजन



**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंधन अभिकरण (आत्मा), लोहरदगा अंतर्गत प्रखण्ड तकनीकी प्रबंधक (बीटीएम) के रिक्त 03 और सहायक तकनीकी प्रबंधक (एटीएम) के रिक्त 12 पदों के आलोक में कम्प्यूटर दक्षता टेस्ट का आयोजन आज डॉ एपीजे अब्दुल कलाम कम्प्यूटर प्रशिक्षण केंद्र, लोहरदगा में किया गया। बीटीएम के 03 पदों के विरूद्ध 11 और एटीएम के 12 पदों के विरूद्ध 74 आवेदन जिला को प्राप्त हुए थे। इसमें बीटीएम पद के लिए 08 और एटीएम पद के लिए 33 अभ्यर्थी आज आयोजित कम्प्यूटर दक्षता जांच में शामिल हुए। इस मौके पर जिला सूचना विज्ञान पदाधिकारी आकाश सिंह, आत्मा परियोजना उपनिदेशक तृप्ति तिर्की व अन्य सहयोगी उपस्थित थे।

## डॉ टी साहू ने सरस्वती शिशु मंदिर में नवनिर्मित भव्य प्याऊ का किया उद्घाटन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** सुंदरी देवी सरस्वती शिशु मंदिर लोहरदगा में आज नगर के प्रसिद्ध दंत चिकित्सक डॉ टी साहू के द्वारा भव्य प्याऊ का उद्घाटन किया गया। इस प्याऊ का निर्माण डॉ टी साहू के सौजन्य से किया गया है। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंध कारिणी समिति के सभी सदस्य मौजूद थे। प्रबंध कारिणी समिति के सचिव श्री अजय प्रसाद ने कहा यह विद्यालय हित में परम पुनीत कार्य है यह कार्य सराहनीय है विद्यालय परिवार सहर्ष कृतज्ञता प्रदान करती है। अध्यक्ष शशिधर लाल अग्रवाल ने कहा यह पुनीत कार्य बच्चों के हित के निमित्त सराहनीय एवं प्रशंसनीय है। जल ही जीवन है तथा बालकों के प्रति डॉ टी साहू का अपूर्व प्रेम की भावना प्रकट होती है। विद्यालय परिवार उनको आभार प्रकट करती है। इस अवसर पर विद्यालय के सचिव अजय प्रसाद, अध्यक्ष शशिधर लाल अग्रवाल, उपाध्यक्ष विनोद राय, अभिभावक प्रतिनिधि शोभा देवी, शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर के प्रधानाचार्य सुरेश चंद्र पांडे, मनोहर लाल अग्रवाल इंटर महाविद्यालय के प्रधानाचार्य विपिन कुमार दास, सुंदरी देवी सरस्वती शिशु मंदिर के प्रधानाचार्य उत्तम मुखर्जी एवं समस्त आचार्य बंधु भगिनी उपस्थित थे।

## अपराध की पहली कड़ी है नशापान, नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत हुआ दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** उपायुक्त महोदय के निर्देशानुसार आज नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत सिमडेगा जिला में राज्य समन्वयक झारखंड के तत्वाधान में दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस आयोजन के मास्टर ट्रेनर हबीब रेहान एवं नदीम सुल्तान द्वारा प्रशिक्षण के दौरान बताया गया कि नशापान किस तरह युवा पीढ़ियों एवं देश के लोगों को अपनी गिरफ्त में लेते हुए सांस्कृतिक विखंडन की ओर अग्रसर कर रही है। प्रशिक्षण में बताया गया कि समाज के जिम्मेदार नागरिक होने के नाते सभी लोगों को नशा पान के दुष्परिणाम को लेकर, अपने-अपने ग्राम, गांव, टोला, मोहल्ला, स्कूल एवं कॉलेज में जाकर जागरूकता लाने की आवश्यकता है। अपराध की पहली कड़ी में मुख्य रूप से नशा का सेवन पाया गया है , अर्थात लोगों द्वारा पहले नशा किया जाता है; फिर किसी घटना को अंजाम दिया जाता है। हम सभी को मिलकर इस पहली कड़ी अर्थात नशापान को जड़ से मिटना है जिससे अन्य अपराधों पर भी लगाम लगाया जा सके। नशा मुक्त अभियान में मुख्य रूप से विद्यालय के शिक्षक, ग्राम के जनप्रतिनिधि, समाजसेवी एवं परिवार के अभिभावक मुख्य रूप से अपनी भूमिका निभा कर देश को नशा मुक्त बना सकते हैं। इस कार्यक्रम में जिला बाल संरक्षण इकाई, नेहरू युवा केंद्र, तेजस्विनी परियोजना एवं नशा मुक्त केंद्र के कर्मी उपस्थित रहे।

## भाजपा ने कार्यालय से पीएम नरेंद्र मोदी के चित्र को हटाने को लेकर बीडीओ को सौंपा ज्ञापन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**भंडरा-लोहरदगा :** भंडरा प्रखंड कार्यालय स्थित सभा भवन में लगे पीएम नरेंद्र मोदी के चित्र को हटाने को लेकर भंडरा प्रखंड अध्यक्ष के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को बीडीओ रंजीत कुमार सिन्हा को ज्ञापन सौंपा है। साथ ही प्रखंड कार्यालय से फोटो हटाने वाले लोगों को चिन्हित कर दो दिनों के अंदर कार्रवाई करने की मांग की है। मौके पर बीजेपी प्रखंड उपाध्यक्ष केदार प्रसाद गुप्ता, छेदी राम, सुहैल अमीन, कर्मराज साहू, बिंदेश्वर महली, बिनोद लकड़ा, पंकज साहू उपस्थित थे।

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उस्ताद बिस्मिल्लाह खां युवा पुरस्कार से सम्मानित युवाओं को दी बधाई



**जलडेगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ट्वीट के जरिए उस्ताद बिस्मिल्लाह खान युवा पुरस्कार से सम्मानित प्रतिभाशाली युवाओं को बधाई दी है। उन्होंने सभी सम्मानित युवाओं के भविष्य के प्रयासों के लिए शुभकामनाएं दी है। वे आने वाले समय में भारतीय संस्कृति और संगीत को लोकप्रिय बनाते रहने को कहा है। बताते चले कि पिछले दिनों जलडेगा प्रखंड के सेमेरिया निवासी जगदीश बड़ाइक को दिल्ली में उस्ताद बिस्मिल्लाह खां युवा पुरस्कार से सम्मानित किया गया है और जगदीश जी का दिल्ली जाने और आने का पूरा खर्च सरकार द्वारा वहन किया गया।

# देश की बड़ी आबादी कृषि पर निर्भर किसानों की मजबूती आवश्यक : बीडीओ



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कैरो-लोहरदगा :** प्रखंड कैरो जिला लोहरदगा के अन्तर्गत 21 फरवरी मंगलवार को प्रखंड कार्यालय परिसर मे कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग झारखण्ड सरकार के निर्देशानुसार जिला कृषि पदाधिकारी सह परियोजना निदेशक आत्मा लोहरदग़ा के सौजन्य से किसान मेला प्रदर्शनी सह कार्यशाला का आयोजन किया गया। किसान मेला का उद्घाटन प्रखण्ड प्रमुख श्रीराम उराँव, प्रखण्ड विकास पदाधिकारी पवन कुमार महतो व अन्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। मौके पर प्रखण्ड विकास पदाधिकारी पवन कुमार महतो ने कहा कि जब किसान आगे बढ़ेंगे तभी हमारा देश आगे बढ़ेगा।देश की बड़ी आबादी कृषि कार्य पर ही निर्भर हैं जब तक किसान आर्थिक रूप से मजबूत नही होंगे तबतक हमारा देश आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर नही बन सकता है। आज आबादी बढ़ रही है और जमीन जो था आज भी वही है कृषि योग्य जमीन का भी उपयोग घर मकान कल कारखाने आदि बनाने में भी किया जा रहा है।प्रति क्षेत्रफल पैदावार बहुत कम है जब तक किसान भाई वैज्ञानिक तरीके से उन्नत तरीके से खेती बाड़ी नही करेंगे पैदावार को बढ़ाया नही जा सकता है। उन्नत खेती के लिए कृषि के आधुनिक तरीके को अपनाए,उन्नत बीज खाद का प्रयोग करें,मिट्टी की जांच कराते रहें,आवश्यकता अनुसार ही दवा का भी उपयोग करें। सहायक तकनीकी पदाधिकारी एन एफ एस एम दिनेश चंद्र ने किसानों को कृषि की नई तकनीक के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। वही जिला सहायक कृषि पदाधिकारी कुलदीप ओहदार ने किसानों के लिए सरकार द्वारा चलाये जा रहे जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में बतलाते हुए कहा कि अभी सरकार द्वारा 2020-23 वितीय वर्ष में अंतरराष्ट्रीय मोटे अनाज अभियान के रूप में चलाया जा रहा है जिसके तहत ज्वार बाजरा गोंदली, मडुआ, कोदो सहित मोटे अनाज को बढ़ावा देने की बात कही। किसान मेला में किसानों द्वारा लगाए गए कृषि प्रदर्शनी में उत्कृष्ट उत्पाद लाने वाले किसानों को अतिथियों द्वारा पुरस्कृत कर उत्साह बढ़ाया गया। मौके पर प्रखण्ड प्रमुख श्रीराम उराँव, प्रखण्ड प्रभारी कृषि पदाधिकारी मृणाल प्रकाश, पंचयात सचिव गुहा उराँव, मुखीया श्रवण मुंडा, सुमन उराँव, पंचायत समिति सदस्य मीणा कुमारी, उप मुखिया जगबन्धन भगत, बिससूत्री सदस्य समीद अंसारी, बी टी एम ए पी वर्मा, कृषक मित्र मृत्युंजय तिवारी, समीम अंसारी, प्रतिमा देवी,के अलावा मेला मे अनेको किसान उपस्थित थे।

## सुख दुख में लगों का भागीदारी बने कार्यकर्ता : डॉ अजय शाहदेव

# पाकरटांड़ के सोगड़ा में कांग्रेस पार्टी की बैठक सह परिचर्चा कार्यक्रम का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** पाकरटांड़ के सोगड़ा में कांग्रेस पार्टी की बैठक सह परिचर्चा कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिला अध्यक्ष डेविड तिर्की की अध्यक्षता में आयोजित बैठक सह परिचर्चा कार्यक्रम में मुख्य रूप से पार्टी के पूर्व प्रदेश महासचिव सह खूंटी लोकसभा व सिमडेगा, कोलेबिरा विधानसभा के पूर्व प्रभारी डॉ अजय शाहदेव उपस्थित थे। बैठक में संगठन मजबूती पर चर्चा की गई। मौके पर डॉ अजय शाहदेव ने कहा कि कार्यकर्ता हर पीड़ित लोगों की निरंतर सेवा करें। समाजिक रूप से सुख दुःख में लगों का हिस्सा बने। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता सेवा को प्राथमिकता दें। सेवा को ही अपने जीवन का मूल मंत्र माने। लोगों को बताएं कि कांग्रेस पार्टी समाज हित मे काम करने वाला पार्टी है। उन्होंने कहा कि पार्टी का हर एक कार्यकर्ता कांग्रेस परिवार का सदस्य है। उन्होंने कहा कि भाजपा की सरकार महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार और गिरती अर्थव्यवस्था जैसी अहम मुद्दों को भटकाने के लिए धर्म उन्माद फैलाने का काम कर रही है। जिसको जनता समझ चुकी है। और आने वाले चुनाव में इसका जवाब देगी। वहीं जिप सदस्य जोसिमा खाखा ने कहा कि कार्यकर्ता अधिक से अधिक लोगों को संगठन से जोड़ने में जुट जाएं। संगठन को मजबूत करने में आप सभी कार्यकर्ताओं का अहम रोल होगा। बैठक में प्रदेश महसचिव सह नगर परिषद अध्यक्ष पुष्पा कुल्लू, बिस सूत्री जिला उपाध्यक्ष मनोज जयसवाल, प्रदेश सचिव सीमा सीता एक्का,पीसीसी डेलिगेट प्रदीप केशरी, पूर्व जिला उपाध्यक्ष जोनसन मिंज, जिला प्रवक्ता रणधीर रंजन, जिला विधायक प्रतिनिधि संतोष सिंह , दीपक ठाकुर, नगर विधायक प्रतिनिधि तिलका रमण, युवा जिला अध्यक्ष आकाश सिंह, अजित लकड़ा,नवीन वीरेन तिर्की, मुन्स खेस , एससी जिला अध्यक्ष रघुवीर प्रधान, मण्डल अध्यक्ष प्रवीण खेस, विधायक प्रतिनिधि शीतल तिर्की, मनोज प्रसाद, सुरेंदर कुमार, जेफरेंन केरकेट्टा, सिल्वेस्टर बघवार, अनन्त हेरेंज, सचिन हेरेंज, रजत लकड़ा, अगाध तिर्की, बिहारी लाल साहू, मंजू तिर्की, संध्या रानी कुजूर, तरसिल्ला बिलुंग, आरसद खान, विनय लकड़ा, शिशिर कूलू, बिनय लकड़ा, रोहित एक्का, निमरोध एक्का, केश्वर सिंह, प्रादिप सोरेंग, लीला नाग, प्रतिमा सोरेंग, जुली आदि उपस्थित थे।


# आखिर कब मिलेगा धनबाद को ट्रैफिक जाम से मुक्ति?

जमीर आरिफ @ प्रभात मंत्र

**धनबाद :** शासन व प्रशासन की निष्क्रियता के कारण धनबाद शहर हर दिन ट्रैफिक जाम की समस्या से जूझ रहा है। अव्यवस्थित ट्रैफिक से निजात दिलाने में यहां के प्रशासन को कोई दिलचस्पी नहीं है। ट्रैफिक जाम से यहां के लोगों को हर दिन जूझना पड़ता है। कोयला नगरी के रूप में ख्यातिप्राप्त धनबाद को ट्रैफिक जाम से मुक्ति दिलाने के लिए दो फ्लाइओवर बनाने की घोषणा हुई थी। लेकिन आज तक इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया गया। यहां के लोगों के लिए यह टूटा सपना बन कर रह गया। धनबाद शहर के पूजा टॉकीज से लेकर झरिया पुल वाया रेलवे स्टेशन बनाने की घोषणा वर्ष 2014 में हुई थी। कई बार विधानसभा में घोषणा हुई। बजट में भी तत्कालीन मुख्यमंत्री रघुवर दास ने घोषणा की। वर्ष 2014 में पथ निर्माण विभाग की टीम ने इस फ्लाइओवर के लिए सर्वे शुरू किया, किन्तु मामला ठंडे बस्ते में चला गया। विधानसभा में कई बार मामला भी उठा। वर्ष 2017 में तत्कालीन डीआरएम की अध्यक्षता में एक बैठक हुई थी। रेलवे से एनओसी की मांग की गयी थी। इस फ्लाइओवर में 12 मीटर का ऊंचा पुल भी बनाना था। लेकिन अब तक डीपीआर तक नहीं बन पाया है। हालांकि, रेलवे से एनओसी मिल चुका है। एक बार फिर से सर्वे की तैयारी चल रही है। जानकारों के अनुसार वर्ष 1982 में गया पुल का चौड़ीकरण हुआ था।

## पूजा टॉकीज से मटकुरिया तक फ्लाइओवर की डिजाइन तक नहीं बनी

शहर के पूजा टॉकीज से लेकर मटकुरिया वाया जेपी चौक बैंक मोड़ तक फ्लाइओवर बनाने की घोषणाएं कई बार हुई। विधानसभा के अंदर से लेकर बाहर तक इस पर बातें हुई लेकिन आज तक पथ निर्माण विभाग की तरफ से इसका डिजाइन तक फाइनल नहीं हो सका। पूर्व एवं वर्तमान सरकार में कई बार इस मुद्दे पर बैठकें हुई। पूर्व मंत्री मन्नान मल्लिक के कार्यकाल में एक बार झरिया पुल से पूजा टॉकीज तक फ्लाइओवर बनाने की बात हुई। निरीक्षण वगैरह भी हुआ लेकिन बाद में रेल लाइन के उपर इतना बड़ा इंफ्रास्ट्रक्चर खड़ा करने से रेलवे ने एनओसी देने से मना कर दिया। इसके बाद गया पुल के ऊपर से फ्लाइओवर बनाने की बात चल रही है। वर्तमान विधायक राज सिन्हा ने इस मामले को कई बार विधानसभा में उठाया। साथ ही कई बार सीएम से भी मिल कर इस मांग को रखा लेकिन धरातल पर कुछ काम दिख नहीं रहा है। धनबाद से लेकर रांची तक केवल बातचीत का ही दौर चल रहा है।



**टूटा सपना बना धनबाद में फ्लाईओवर का निर्माण**

## अविभाजित बिहार के समय से चल रहा प्रयास

धनबाद में फ्लाइओवर का सपना अविभाजित बिहार के समय से दिखाया जा रहा है। बिनोद बिहारी चौक नावाडीह से मटकुरिया वाया बैंक मोड़ तक ट्रैफिक लोड को देखते हुए वर्ष 1985 से ही फ्लाइओवर बनाने की प्रक्रिया कागज पर शुरू हुई। फ्लाइओवर के लिए संबंधित क्षेत्र में पर्याप्त मात्रा में जमीन भी चिह्नित की गयी थी लेकिन फिर यह ठंडे बस्ते में चला गया

## 250 करोड़ की लागत से बनना है फ्लाइओवर

बिनोद बिहारी महतो चौक से मटकुरिया वाया आरा मोड़ तक के लिए नये फ्लाइओवर बनाने की कवायद वर्ष 2017 में एक बार फिर शुरू हुई। तत्कालीन महापौर चंद्रशेखर अग्रवाल ने नगर निगम की बोर्ड की बैठक से योजना को पारित कराया। यहां से लेकर रांची तक से मामले को क्लीयर कराया। डीएमएफटी से लगभग ढाई सौ करोड़ रुपये की योजना स्वीकृत है। दो बार टेंडर भी हुआ। पहली बार टेंडर सिंगल था, इसलिए रद्द हो गया। दूसरी बार टेंडर हुआ लेकिन टेंडर डालने वाली कंपनी ने निर्धारित राशि से 41 प्रतिशत अधिक पर टेंडर डाला। नियमत- इतना विचलन सही नहीं था जिसके कारण दुबारा टेंडर रद्द हो गया। इस योजना के तहत दो तरह का पुल बनना है। पहला मटकुरिया से वासेपुर के बीच रेल लाइन के नीचे अंडर पास होगा। फिर दूसरा फ्लाइओवर होगा जो बिनोद बिहारी महतो चौक तक आयेगा। यह लगभग साढ़े तीन किलोमीटर लंबी सड़क होगी। कुछ स्थानों पर जमीन अधिग्रहण या वहां रह रहे आबादी को दूसरे स्थान पर शिफ्ट कराना होगा। इसके लिए अभी सर्वे चल रहा है।

## ...तो शहर के बाहर-बाहर ही निकल जायेंगे बड़े वाहन

धनबाद में अगर दोनों फ्लाइओवर बन जाता है तो शहरवासियों को जाम से राहत तो मिलेगी ही साथ ही पर्यावरण प्रदूषण की समस्या भी कम होगी। मटकुरिया से बिनोद बिहारी महतो चौक नावाडीह तक बनने वाली फ्लाइओवर से बोकारो, कतरास की तरफ से धनबाद शहर आने वाले बड़े वाहन सीधे नावाडीह पहुंच जायेंगे। वहां से जीटी रोड के लिए बन रहे आठ लेन सड़क से गंतव्य की तरफ जा सकती है। इसी तरह झरिया की तरफ से आने वाली भारी वाहन नयी दिल्ली कॉलोनी होते हुए इस फ्लाइओवर पर चढ़ सकते हैं। इससे धनबाद शहर के अंदर रात में भी भारी एवं बड़े वाहनों का प्रवेश पूरी तरह से रोका जा सकता है। ट्रैफिक जाम से लोगों को राहत मिल सकती है।

## धनबाद मे कब होगा फ्लाइओवर का निर्माण ?

आम आदमी से जुड़ा धनबाद मे फ्लाइओवर का निर्माण आखिरकार कब होगा ये एक बहुत बड़ा सवाल है। कोयले की राजधानी मे निवास करने वाले धनबाद वासियों के फ्लाइओवर का सपना कब होगा साकार ये तो केवल भगवान ही जानते हैं। सरकार से तो लोगों का भरोशा उठ गया है चाहे वो किसी भी दल की सरकार हो। सभी दलों की सरकार ने धनबाद की जनता को केवल ठगने, छलने और आश्वाशन की घुट्टी पिलाने भर का ही काम किया है। धन से आबाद इस धनबाद की सड़कों पर स्कूली बच्चों की बसें, मरीजों की एम्बुलेंस, रोजमर्रा के जीवन मे अपने अपने दोपहिया से कार्यालय जाने वाले लोग, ऑटो रिक्शा आदि का उपयोग करने वाले यात्रियों की यात्रा कब मंगलमई होगी? कब होगा फ्लाइओवर का निर्माण? ये एक बड़ी चुनौती और एक बहुत बड़ा सवाल है।

## चलते चलते एक नजर

### शिक्षकों की मीडिया साक्षरता के लिए ऑनलाइन प्रशिक्षण 24 फरवरी से

**रांची :** शिक्षकों की मीडिया साक्षरता के लिए केंद्रीय शैक्षिक प्रौद्योगिकी संस्थान (सीआईईटी), राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी), न्यू मीडिया और सूचना प्रौद्योगिकी विभाग और भारतीय जनसंचार संस्थान मिलकर ऑनलाइन प्रशिक्षण का आयोजन कर रहा है। आयोजन का मुख्य उद्देश्य शिक्षकों के बीच मीडिया साक्षरता बढ़ाना है। यह प्रशिक्षण 24 फरवरी से शुरू होने वाला है। ऑनलाइन प्रशिक्षण एनसीईआरटी के आधिकारिक यूट्यूब चैनल पर लाइव होगा। प्रशिक्षण सत्र के बाद क्विज का आयोजन किया जाएगा।

### 32 सखी मंडल की महिलाओं को मिला प्रमाण पत्र

**रांची।** इंडियन बैंक द्वारा संचालित ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरसेटी) जामा,दुमका में उधमिता विकास कार्यक्रम के तहत 13 दिवसीय माइक्रोएंटरप्राइज एवं साबुन,सर्फ,वाशिंग पाउडर व सेनेटाइजर तथा हैंडवॉश बनाने के प्रशिक्षण का समापन झारखण्ड राज्य ग्रामीण बैंक के सहायक महाप्रबंधक अभय कुमार जिला अग्रणी प्रबंधक प्रवीण कुमार,आरसेटी के निदेशक अनिल कुमार मिश्रा,के द्वारा संयुक्त रूप से प्रमाण पत्र वितरित कर किया। मुख्य अतिथि झारखण्ड राज्य ग्रामीण विकास के सहायक महाप्रबंधक अभय कुमार ने कहा कि महिलाओं के बीच उद्यमिता की बढ़ती योग्य प्रवृति स्वागत योग्य है। जिला अग्रणी प्रबंधक प्रवीण कुमार ने समूह की महिलाओं को महिला उद्यमी से नवाजा। आरसेटी के निदेशक अनिल कुमार मिश्रा ने इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफलतापूर्वक समीक्षा करते हुए कहा कि इस प्रशिक्षण के दौरान स्वच्छता का खास ध्यान रखा गया। राजस्थान के जयपुर से आये प्रशिक्षक योगेन्द्र कुमार गौतम ने सभी महिलाओं को साबुन,सर्फ निर्माण के तहत् महिलाओं को विभिन्न प्रकार के वस्त्रों की सफाई रख - रखाव व भंडारण के बारे में भी सिखाया ,साथ ही उन्होंने इनकी पैकिंग पर ध्यान केन्द्रित कर व्यवसाय को आगे बढ़ाने की उपयोगिता के बारे में भी बताया। मौके पर आरसेटी के संकाय उत्पल कुमार लाहा, कार्यालय सहायक अभिषेक कुमार एवं मनोज कुमार सिंह तथा संजय सोरेन उपस्थित थे।

### पीड़ित परिवार से मिले सांसद इमरान प्रतापगढ़ी

**नई दिल्ली :** कांग्रेस के राज्य सभा सांसद इमरान प्रतापगढ़ी ने राजस्थान के घाटमीका गॉव पँहुचकर हरियाणा भिवानी में जलाकर मारे गये नासिर और जुनैद के परिवार से मुलाक़ात की। उन्होंने कहा कि घटना हरियाणा में घटी है।आरोपी लगातार क़ानून को चुनौती दे रहे हैं। पीड़ित परिवार बेहद ग़रीब है। जल्द ही मुख्यमंत्री अशोक गहलोत जी से मिलकर विस्तार से वार्ता करूँगा और पीड़ितों के न्याय के लिये उनके और प्रयासों का आग्रह करूँगा।



## पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के लिए आवेदन शुरू

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना के तहत अनुसूचित जाति जनजाति एवं पिछड़ी जाति को मिलने वाली छात्रवृत्ति के लिए आवेदन की तिथि की घोषणा कर दी गई है।

शैक्षणिक संस्थाओं द्वारा ई-कल्याण पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन के लिए 21 फरवरी से छह मार्च तक की तिथि निर्धारित कि गई है। शैक्षणिक छात्रों के आवेदन के लिए 10 मार्च से 17 मार्च तक की तिथि तय कि गई है। आईएनओ की ओर से सत्यापन की तिथि 10 मार्च से 18 मार्च तक रखी गई है। इन तिथियों के अंतर्गत ही आवेदकों को अपना आवेदन करना होगा।

## भारत के साथ अपने सहयोग और व्यापार को बढ़ाना जारी रखेगा रूस : पुतिन

एजेंसी

**मास्को :** व्लादिमीर पुतिन ने मॉस्को में अपने भाषण के दौरान कहा कि रूस यूक्रेन में स्पेशल ऑपरेशन कर रहा है. अपने भाषण में पुतिन ने भारत का जिक्र करते हुए कहा कि रूस भारत के साथ अपने सहयोग और व्यापार को बढ़ाना जारी रखेगा. उन्होंने अपने भाषण में हिंद-प्रशांत क्षेत्र पर फोकस बढ़ाने पर जोर दिया. रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन यूक्रेन के साथ अपने युद्ध के एक साल पूरा होने पर देश को संबोधित करते हुए कहा कि लगातार नाजी खतरों से जूझ रहा रूस यूक्रेन में पेशल ऑपरेशन कर रहा है. अपने भाषण में पुतिन ने प्रमुखता से भारत का जिक्र करते हुए कहा कि रूस भारत के साथ अपने सहयोग और व्यापार को बढ़ाना जारी रखेगा. उन्होंने एशिया में भारत, चीन आदि देशों से व्यापार को बढ़ावा देने के लिए अंतरराष्ट्रीय नॉर्थ-साउथ कॉरिडोर के विस्तार की भी घोषणा की. रूसी राष्ट्रपति ने कहा कि रूस विदेशी आर्थिक संबंधों का विस्तार करेगा और नए लॉजिस्टिक कॉरिडोर बनाएगा. उन्होंने कहा कि वो भारत, ईरान, चीन, पाकिस्तान जैसे देशों से आर्थिक संबंध बढ़ाने के लिए नॉर्थ-साऊथ कॉरिडोर को विकसित करेंगे. पुतिन ने हिंद-प्रशांत क्षेत्र पर जोर देते हुए कहा कि हम भारत, ईरान, पाकिस्तान के साथ सहयोग बढ़ाने की उम्मीद करते हैं. हम भारत के साथ अपने व्यापार को बढ़ावा देने के लिए उत्तर-दक्षिण कॉरिडोर को बनाने का काम जारी रखेंगे.

पर्यावरणविद व मुखिया ने वर-वधु को आशीर्वाद स्वरूप दिया पौधा

# स्वस्थ्य और सुरक्षित जीवन के लिए जरूरी है पौधरोपण : कौशल

प्रभात मंत्र संवाददाता

**सोनभद्र (यूपी):** यूपी स्थित सोनभद्र जिले के कोन में एक विवाह समरोह में शामिल होकर मटकोडवा स्थल पर विश्वव्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्मगुरु व वन राखी मूवमेंट के प्रणेता पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल और बीपीएसए संस्था के प्रधान सचिव सह पंचायत डाली बाजार के मुखिया पूनम जायसवाल ने पर्यावरण धर्म के प्रार्थना के साथ थाईलैंड का बारहमासी आम पौधा लगाया। उन्होंने कार्यक्रम में शामिल लोगों को पर्यावरण धर्म के 8 मूल ज्ञान मंत्रों की शपथ भी दिलाई। वहीं उन्होंने वर- बधू को आम व कपूर का पौधा देकर उनके सफल वैवाहिक जीवन की मंगल कामना की । उन्होंने कहा कि पर्यावरण धर्म के तहत इस विवाह से पहले भी उन्होंने आम के पौधे लगाए थे जो अभी फल फूल दे रहा है । उन्होंने कहा कि सभी लोगों को जीवन के हरेक महत्वपूर्ण मौके पर पौधरोपण कर उसे यादगार बनाना चाहिए। इससे जीवन और पर्यावरण दोनों की रक्षा होती है। उन्होंने लखनऊ के मनोज गुप्ता की पुत्री रीया और यूपी के बीपीएसए संस्था के प्रदेश अध्यक्ष राजकुमार जायसवाल के पुत्र चंद्र गोपाल की विवाह समारोह में शामिल होकर वर वधु को पौधों के साथ आशीर्वाद देते हुए उनके सुखद और समृद्ध जीवन की कामना की। पर्यावरण धर्मगुरु कौशल ने कहा कि पर्यावरण धर्म के आठ मूल्य ज्ञान मंत्रों के तहत पहला मूल मंत्र में कोई भी शुभ कार्यो पर पौधा को लगाना एवं दान करना शामिल है। उन्होंने कहा कि यदि घर में सदस्यों की संख्या बढ़े तो उन्हें स्वस्थ रहने के लिए व प्रकृति के संरक्षण और सम्वर्द्धन के लिए वृक्षों की संख्या भी बढ़नी चाहिए। क्योंकि पेड़ पौधा को हमारे भारतीय संस्कृति में भगवान शिव का स्वरूप माना जाता है। वहीं पौधों की संख्या बढने से आये दिन लोगों को ऑक्सीजन की सिलेंडर लेकर चलने की जरूरत नहीं पड़ेगी।



उक्त कार्यक्रम के प्रमुख लोगों में लखनऊ के विजय गुप्ता, अनुज गुप्ता, रेखा देवी, अनिल गुप्ता रामभरो प्रसाद, रीता देवी अनुराधा देवी, शानू देवी, रितिका रावटसगंज भाजपा विधायक भूपेश चौबे, धीरज पांडेय, जवाहर पासवान, नंद गोपाल, वर्षा रानी, अंजनी देवी, डॉ, पदमा जायसवाल, डॉ,अभिषेक , सुभाष प्रसाद, नन्हक चंद्र , नंदकिशोर, प्रदीप, अजय,पलामू सत्येंद्र प्रसाद, सुचित कुमार, प्रदीप प्रसाद, कार्तिक प्रसाद, गीता देवी, कल्पना देवी, चिंता देवी, रामजी प्रसाद, संजय ,सरोज,सूरज कुमार, पंकज कुमार, रॉकी कुमार, विकास कुमार, पूर्णिमा कुमारी,भी शामिल थे।

## रामगढ़ विस उपचुनाव 2023: ईवीएम से 27 फरवरी को होगा मतदान

**रांची :** रामगढ़ विधानसभा उपचुनाव के लिए 27 फरवरी को मतदान होनी है। इस संबंध में भारत निर्वाचन आयोग ने रामगढ़ के अलावा देश के विभिन्न राज्यों में होने वाले चुनाव एवं उपचुनाव को लेकर इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) तथा वीवीपैट से संबंधित अधिसूचना का प्रकाशन कर दिया है। इसके तहत इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन तथा वीवीपैट प्रिंटर के माध्यम से मत डाले और रिकॉर्ड किए जाएंगे। इससे पूर्व राज्य के गजट के असाधारण अंक में 12 फरवरी को रामगढ़ विधानसभा उप चुनाव 2023 के आलोक में इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन तथा वीवीपैट से संबंधित अधिसूचना का प्रकाशन किया जा चुका है। विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों (रामगढ़ सहित) के लिए निर्वाचन आयोग संतुष्ट है कि निर्वाचन क्षेत्रों में मतदान करवाने के लिए पर्याप्त संख्या में इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनें तथा पेपर ट्रेल (वोटर वेरीफायबल पेपर ऑडिट ट्रेल (वीवीपैट)) मुद्रित करने के लिए प्रिंटर उपलब्ध है।

## छुट्टी के दिन भी बिना अनुमति मुख्यालय के बाहर नहीं जाएंगे अधिकारी : मुख्य सचिव

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** राज्य के मुख्य सचिव सुखदेव सिंह ने सभी विभागों के अपर मुख्य सचिव, प्रधान सचिव, सचिव और विभागाध्यक्षों को पत्र लिखा है। पत्र में उन्होंने झारखंड विधानसभा के बजट सत्र का सुचारू रूप से संचालन सुनिश्चित कराने का निर्देश राज्य के आलाधिकारियों को दिया है। छुट्टी के दिन भी विधानसभा कार्यवाही के लिए कार्य करने का निर्देश अधिकारियों को दिया है। मुख्य सचिव ने सभी विभागीय पदाधिकारियों को स्पष्ट रूप से कहा कि वे अपने विभाग से संबंधित प्रश्नों जिसमें अल्पसूचित, तारांकित, अतारांकित,ध्यानकर्षण के विचार के समय निश्चित रूप से विधानसभा के पदाधिकारी दीर्धा में उपस्थित रहेंगे। अपने विभाग से संबंधित सारी जानकारी रखने को कहा गया है। विधेयकों को भी समय पर विधानसभा के पटल में रखा जाए इसके लिए सारी प्रक्रिया पूरी करने को कहा गया है। पर्याप्त प्रतियां इसकी छपवाने को कहा गया है। सत्र के दौरान सभी विभागाध्यक्ष मुख्यालय में ही उपस्थित रहेंगे और इस अवधि में सीएस की अनुमति के वे मुख्यालय से बाहर नहीं जा सकते हैं। प्रत्येक विभाग में एक कोषांग का गठन किया जायेगा, जो विधानसभा सत्रावधि में पूछे जाने वाले प्रश्नों से संबंधित उत्तर प्रारूप तैयार करेगा तथा उस पर विभागीय अपर मुख्य सचिव, प्रधान सचिव, सचिव के माध्यम से विभागीय मंत्री का अनुमोदन प्राप्त करने के पश्चात समय पर उत्तर सामग्री विधानसभा सचिवालय को उपलब्ध कराया जायेगा। इस कार्य के लिए पदाधिकारियों, कर्मचारियों की रोस्टर ड्यूटी सभी को आवश्यक सुविधाओं के साथ लगाई जाएगी। प्रत्येक विभाग द्वारा विधानसभा सचिवालय से संबंधित प्रश्नों के संकलन के लिए प्रत्येक दिन पदाधिकारी, कर्मचारी की प्रतिनियुक्ति की जाएगी। अपर मुख्य सचिव, प्रधान सचिव, सचिव अपने विभागीय मंत्री के ध्यानाकर्षण, अल्प सूचित, तारांकित प्रश्नों आदि से संबंधित उत्तर सामग्रीर एवं संभावित पूरक प्रश्नों के उत्तरों से संबंधित विस्तृत सामग्री उपलब्ध कराने को कहा है। सारी जानकारी स्पष्ट रूप से देने का निर्देश दिया गया है। सभी प्रश्नों के उत्तर झारखंड विधानसभा के ऑनलाइन उत्तर प्रणाली के माध्यम से समय पर देने को कहा गया है। सभी अधीनस्थ क्षेत्रीय कार्यालयों में भी फैक्स तथा दूरभाष की सुविधा युक्त सेल का गठन किया जायेगा, वहां देर रात तक उत्तर लिया जा सकेगा। विधानसभा बजट सत्र 27 मार्च से शुरू होकर 23 मार्च चलेगी। इस दौरान तीन मार्च को 2023-24 का बजट पेश किया जायेगा।



## स्मार्ट सिटी एडवाइजरी फोरम की बैठक संपन्न



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** रांची के स्मार्ट सिटी परिसर में सिटी लेवल एडवाइजरी फोरम की बैठक सांसद संजय सेठ की अध्यक्षता में मंगलवार को संपन्न हुई। सांसद ने स्मार्ट सिटी में चल रहे कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। इस दौरान फोरम से जुड़े सदस्यों ने अपने-अपने महत्वपूर्ण सुझाव भी दिए।


बैठक में बताया गया कि स्मार्ट सिटी की भूमिका रांची के विकास में बहुत ही महत्वपूर्ण होगी। बैठक में यह जानकारी दी गई कि रांची देश के अग्रणी स्मार्ट सिटी में शामिल है, यहां 930 करोड़ की योजनाएं स्वीकृत हुई हैं।

अधिकारियों ने बताया कि स्मार्ट सिटी के तहत कुल 18 प्रोजेक्ट पर काम चलना है, जिसमें 12 प्रोजेक्ट स्वीकृत हो चुके हैं, आठ प्रोजेक्ट पर काम चल रहा है। यहां 16000 फ्लैट बनने हैं, जो आम नागरिकों को आवंटित किए जाएंगे। इसके लिए जमीन का आवंटन भी हो चुका है, इस वर्ष काम भी आरंभ हो जाएगा। इस परिसर में शैक्षणिक कार्यों के लिए स्कूल, कॉलेज, बेहतर अस्पताल सहित अन्य कई सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में काम चल रहा है। स्मार्ट सिटी में 40,000 करोड़ रुपये तक के निवेश की संभावना है।

अधिकारियों ने बताया कि स्मार्ट सिटी के निर्माण से 70000 से अधिक लोगों के लिए रोजगार सृजन के द्वार खुलेंगे। 656 एकड़ भूमि पर चल रहे स्मार्ट सिटी निर्माण कार्य में 469 करोड़ रुपये इंफ्रास्ट्रक्चर से संबंधित विकास पर खर्च किए जा रहे हैं। 21 किलोमीटर के एरिया में वाटर सप्लाई, 39 किलोमीटर का ड्रेन नेटवर्क इस स्मार्ट सिटी में होगा। 41 किलोमीटर लंबे फुटपाथ के साथ लगभग 21 किलोमीटर लंबी-चौड़ी सड़क भी होगी।

इस बैठक के दौरान अधिकारियों ने सांसद को बताया कि स्मार्ट सिटी के विकास में कुछ तकनीकी समस्याएं आ रही हैं। सांसद ने अधिकारियों से उसका विवरण मांगा और समाधान की दिशा में कार्य करने की बात कही। सांसद ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जिस सोच के साथ स्मार्ट सिटी का विकास कर रहे हैं, उस दिशा में राज्य सरकार काम नहीं कर पा रही है।

## मॉकड्रिल: पतरातू डैम के अतिथि भवन से बंधक बनाये लोगों को एटीएस ने कराया मुक्त



**रामगढ़/रांची :** आतंकवाद निरोधी दस्ता (एटीएस) ने मंगलवार को रामगढ़ जिले के पतरातू डैम के सरोवर विहार अतिथि भवन में मॉकड्रिल किया। एटीएस एसपी सुरेन्द्र कुमार झा ने बताया कि रांची में मार्च के पहले सप्ताह में प्रस्तावित जी-20 शिखर सम्मेलन के मद्देनजर सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए एटीएस के कमांडो ने रामगढ़ जिले के पतरातू डैम के सरोवर विहार अतिथि भवन में मॉकड्रिल की। मॉकड्रिल के दौरान काल्पनिक रूप से बंधक बनाये हुए व्यक्तियों को आधुनिक हथियारों से लैस हीट टीम ने अपने कौशल का प्रदर्शन करते हुए उन्हें रिहा कराया। इस अभ्यास में अत्याधुनिक उपकरणों की तैनाती की गई थी।

## डीसी ने कल्याण विभाग से संबंधित विभिन्न योजनाओं की समीक्षात्मक बैठक की

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** उपायुक्त, रांची राहुल कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में कल्याण विभाग से संबंधित विभिन्न योजनाओं की समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गयी। समाहरणालय ब्लॉक ए स्थित उपायुक्त सभागर में आयोजित बैठक में परियोजना निदेशक, आईटीडीए, सुधीर बाड़ा, जिला कल्याण पदाधिकारी, संगीता शरण, विभिन्न प्रखंड कल्याण पदाधिकारी सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।बैठक में उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा द्वारा प्री/पोस्टमैट्रिक, अल्पसंख्यक छात्रवृत्ति योजना, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना, मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना, पीवीटीजी ग्राम उत्थान योजना, धुमकड़िया भवन निर्माण योजना, अल्पसंख्यक कब्रिस्तान घेराबंदी, सरना, मसना, हड़गड़ी इत्यादि की घेराबंदी, कल्याण विभागीय आवासीय विद्यालयों/छात्रावासों की मरम्मति एवं जीर्णोद्धार, विशेष केन्द्रीय सहायता अन्तर्गत योजनाएं इत्यादि की विस्तार से समीक्षा की गयी।



बैठक में उपायुक्त द्वारा सर्वप्रथम विभिन्न छात्रवृत्ति योजनाओं की समीक्षा की गयी। उन्होंने जिला कल्याण पदाधिकारी को छात्रवृति की अवशेष राशि को खर्च करने का निदेश दिया। मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना की समीक्षा के क्रम में निदेशक आईटीडीए द्वारा बताया गया कि योजना अंतर्गत 86 प्रतिशत राशि का व्यय किया जा चुका है।

उपायुक्त द्वारा शेष बचे चयनित लाभुकों को योजना का लाभ देते हुए राशि व्यय का निदेश दिया गया। मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने जरुरतमंद लोगों को योजना का लाभ सुनिश्चित कराने के निदेश दिये। निदेशक आईटीडीए द्वारा बताया गया कि योजना अंतर्गत जिले में प्राप्त कुल आवंटन 87 लाख में से लगभग 65 लाख की राशि का व्यय हो चुका है। शेष बचे 416 आवेदनों को अग्रेतर प्रक्रिया के लिए सिविल सर्जन कार्यालय भेजा गया है। उपायुक्त द्वारा वित्तीय वर्ष में अवशेष राशि व्यय का निदेश दिया गया। मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने प्रखंड कल्याण पदाधिकारियों को चयनित लाभुकों से सीधे संपर्क में रहने के सख्त निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि प्रखंड में जितने भी लाभुकों के पशु शेड निर्माण किये जाने हैं, उनसे लगातार संपर्क में रहे, उन्हें प्रोत्साहित करें और जल्द से जल्द शेड निर्माण पूर्ण करायें। उपायुक्त द्वारा सभी संबंधित पदाधिकारियों को मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना, मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना एवं मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना में लक्ष्य अनुरुप बेहतर कार्य करने के निदेश दिये। बैठक के दौरान कल्याण विभाग द्वारा संचालित अन्य योजनाओं की समीक्षा करते हुए भी उपायुक्त द्वारा संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक व उचित दिशा-निर्देश दिये गये।